वर्ष-31, अंक- 292, पृष्ठ-12 | श्रावण शुक्ल पक्ष 14, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शुक्रवार
08 अगस्त 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


पेज 10

## एक नजर

### हाइवा की चपेट में आने से ट्रक ड्राइवर की मौत

**बालूमाथ।** गुरुवार शाम मगध कोल माइंस क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक संख्या UP 38 T 7647 कोयला लोड कर सड़क किनारे खड़ा था। उसी दौरान कागजी कार्य के लिए ड्राइवर मोहम्मद सऊद (निवासी संभल, उत्तर प्रदेश) सड़क किनारे खड़ा था, तभी तेज़ रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात हाइवा ने उसे कुचल दिया। घटना की सूचना मिलते ही सीसीएल और सुरक्षा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पंचनामा के बाद लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया। घटना से आक्रोशित ड्राइवरों ने शोक व्यक्त करते हुए आर्थिक मुआवज़ा देने की मांग की। मगध महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ और परियोजना पदाधिकारी ने भी शोक जताया और कहा कि मृतक के परिजनों को हर संभव सहायता दी जाएगी। साथ ही ड्राइवरों को नियमित और नियंत्रित वाहन संचालन की सख्त हिदायत भी दी गई है।

### राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा जल्द

**मॉस्को (आईएएनएस)।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस महीने के अंत में भारत की यात्रा पर आ सकते हैं। यह जानकारी रूसी मीडिया ने दी है, जिसने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के रूस दौरे के दौरान दिए गए बयान का हवाला दिया। मॉस्को में रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु से मुलाकात के दौरान डोभाल ने कहा, "हमारे बीच अब बहुत अच्छे संबंध स्थापित हो चुके हैं, जिन्हें हम काफी महत्व देते हैं। यह एक रणनीतिक साझेदारी है। हम उच्च स्तर पर संवाद कर रहे हैं। हमें यह जानकर खुशी हुई कि राष्ट्रपति पुतिन का भारत दौरा इस महीने के अंत में तय किया गया है।"

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## सांसद ने रेल मंत्री से की मुलाकात, पलामू क्षेत्र की रेल परियोजनाओं पर हुई विस्तृत चर्चा

- बरवाडीह–चिरिमिरी–अंबिकापुर रेल लाइन के शीघ्र कार्यान्वयन व गढ़वा टाउन से रांची के लिए मेमू ट्रेन की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू के माननीय सांसद विष्णु दयाल राम ने आज संसद भवन स्थित अपने कार्यालय में भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट की। इस दौरान उन्होंने पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेल परियोजनाओं और यात्री सुविधाओं में विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। सांसद राम ने बरवाडीह–चिरिमिरी–अंबिकापुर नई रेलवे लाइन के शीघ्र कार्यान्वयन की मांग करते हुए कहा कि यह परियोजना झारखंड और छत्तीसगढ़ के बीच कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी और क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति देगी। इस रेल मार्ग से पलामू, चतरा, लातेहार और छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती जिलों के नागरिकों को सीधी और सुविधाजनक रेल सेवा मिलेगी। इसके अतिरिक्त सांसद ने गढ़वा जिले के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए गढ़वा टाउन स्टेशन से रांची के लिए प्रतिदिन एक नई मेमू पैसेंजर **शेष पेज 11 पर...**

## वर्दी में अनुशासनहीनता अब नहीं चलेगी : डीआईजी

- पुलिसकर्मियों की लापरवाही पर नाराज डीआईजी ने कहा- छवि को धूमिल करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम ने पुलिसकर्मियों की वर्दी संबंधी लापरवाही और ड्यूटी के दौरान अनुशासनहीनता पर कड़ा संज्ञान लिया है। उन्होंने बुधवार को आदेश जारी करते हुए सभी थानों, पिकेटों व कार्यालयों को निर्देशित किया है कि वर्दी, नेमप्लेट, टोपी और जूता पहनना अब पूरी तरह अनिवार्य है। ड्यूटी में लापरवाही और वर्दी में नशा सेवन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। डीआईजी ने कहा है कि अक्सर क्षेत्र भ्रमण के दौरान देखा गया है कि कई पुलिसकर्मी बिना वर्दी, बिना पहचान चिह्न व जूते-टोपी के ड्यूटी कर रहे हैं। कुछ तो वर्दी में रहकर ही बीड़ी-सिगरेट, खैनी, पान-मसाला और शराब का सेवन कर रहे हैं, जो विभागीय मर्यादा का खुला उल्लंघन है।

**अनुशासन तोड़ा तो तय मानी जाए कार्रवाई**

डीआईजी ने स्पष्ट किया है कि - सभी कर्मियों को ड्यूटी पर निर्धारित वर्दी के साथ टोपी, जूता और नेमप्लेट पहनना अनिवार्य होगा। वर्दी में किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। साधारण पोशाक में भी कोई कर्मी सार्वजनिक स्थल पर नशा करता पाया गया तो वह भी विभागीय कार्रवाई के दायरे में आएगा। उन्होंने चेताया है कि भविष्य में ऐसी शिकायतें मिलने पर सीधे अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी और जिम्मेदारी कर्मी की होगी। यह आदेश पलामू, गढ़वा और लातेहार जिलों के सभी डीएसपी, थाना व पोस्ट प्रभारियों को भेजा गया है।

# पिता के अंतिम संस्कार के बाद सीएम हेमंत ने निभाई श्राद्ध कर्म की परंपरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलन के पुरोधा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद सीएम हेमंत सोरेन पारंपरिक परंपराओं का पालन कर रहे हैं। उन्होंने नेमरा स्थित पैतृक गांव में गुरुवार को गुरु जी के श्राद्ध कर्म की परंपरा निभाई, जिसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी।

**बाबा और दादा को याद कर नेमरा की धरती को किया नमन**

इससे पहले एक अन्य पोस्ट में मुख्यमंत्री ने नेमरा की ऐतिहासिक और क्रांतिकारी भूमिका नमन किया था। हेमंत सोरेन ने लिखा था कि नेमरा की यह क्रांतिकारी और वीर भूमि दादाजी की शहादत और बाबा के अथाह संघर्ष की गवाह है। यहां के जंगलों, नालों-नदियों और पहाड़ों ने क्रांति की उस हर गूंज को सुना है और हर कदम व हर बलिदान को संजोकर रखा है। नेमरा की इस क्रांतिकारी भूमि को शत-शत नमन करता हूं। सीएम ने पोस्ट के अंत में वीर शहीद सोना सोबरन मांझी अमर रहें और झारखंड राज्य निर्माता वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें लिखा है।



**'तीन कर्म दिन' होने वाली परंपरा का किया निर्वहन**

सीएम ने लिखा कि दिवंगत बाबा, वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी की अंत्येष्टि के उपरांत नेमरा में 'तीन कर्म दिन' होने वाली परंपरा का निर्वहन किया। यह 'तीन कर्म दिन' में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए विशेष पूजा और अनुष्ठान किए जाते हैं।

### राज्यपाल पहुंचे नेमरा, शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के रामगढ़, नेमरा स्थित पैतृक आवास पहुंचकर शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने ईश्वर से दिवंगत शिबू सोरेन को अपने श्रीचरणों में स्थान देने,उनकी आत्मा की



शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस विकट दु:ख को सहन करने का संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट की तथा उनका ढांढ़स बंधाते हुए कहा कि दु:ख की इस घड़ी में हम सभी उनके साथ हैं।

## आपदा प्रबंधन पर मंत्री ने की हाईलेवल मीटिंग

## झारखंड में पिछले तीन माह में आपदाओं से हुई 431 की मौत

- अब जीपीएस से होगा नुकसान का आकलन और मुआवजा ट्रांसफर

**रांची।** आपदा से निपटने के लिए सरकार ने कई बड़े फैसले लिए हैं। इसे लेकर आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने गुरुवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्य में हुई अतिवृष्टि, वज्रपात, सर्पदंश एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के प्रभावों की विस्तृत समीक्षा की। विभागीय सचिव राजेश कुमार शर्मा ने एक विस्तृत प्रेजेंटेशन के माध्यम से मंत्री को राज्यभर में हुई क्षति की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया।

**तीन माह में विभिन्न आपदाओं से हुई मौतें :** पिछले तीन महीनों में विभिन्न आपदाओं के कारण राज्य में 431 लोगों की मौत हो गई। इसमें वज्रपात से – 180, अतिवृष्टि से – 09, पानी में डूबने से – 161, सर्पदंश से – 80, बाढ़ से – 01 की मौत हो गई।

**मकान और फसल को हुआ भारी नुकसान :** अतिवृष्टि के कारण कच्चे मकानों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा है। इसमें कच्चे मकानों की आंशिक क्षतिः 7979 और पूर्ण क्षति 447 कच्चे मकानों की हुई। जबकि पक्के



मकानों की आंशिक क्षति 208 और पूर्ण क्षति 20 पक्के मकानों की हुई।

**2390 हेक्टेयर भूमि पर फसलें बर्बाद हुई :** राज्य में फसल क्षति का भी गहराई से अध्ययन हुआ, जहां रांची, गुमला, लोहरदगा और सिमडेगा जिलों में कुल 2390 हेक्टेयर भूमि पर फसलें बर्बाद हुई। सरकार ने सभी जिलों को आपदा राहत के लिए तत्काल राशि उपलब्ध कराई है। विगत वित्तीय वर्ष में 57 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक 44 करोड़ रुपये प्रदान किए जा चुके हैं। रांची और लोहरदगा से शेष जानकारियां मिलते ही संबंधित राशि जारी कर दी जाएगी।

**मिटीगेशन प्रोजेक्ट फॉर लाइटनिंग सेफ्टी को मिली मंजूरी :** वज्रपात से जानमाल की सुरक्षा के लिए एक बड़ा निर्णय लिया गया है। जामताड़ा, दुमका एवं बरहेट में विशेष सर्वेक्षण कर मिटीगेशन **शेष पेज 11 पर...**

## आज / कल




## कुख्यात डॉन सुजीत सिन्हा होगा पलामू सेंट्रल जेल में शिफ्ट, पुलिस ने बढ़ाई सतर्कता

- राज्य भर में फैले नेटवर्क व दर्जनों मामलों में शामिल गिरोह के सरगना पर एनआईए की भी नजर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड के चर्चित कुख्यात डॉन सुजीत सिन्हा को जल्द ही चाईबासा जेल से पलामू सेंट्रल जेल में स्थानांतरित किया जाएगा। जेल प्रशासन को यह निर्देश आईजी (कारा) स्तर से मिला है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सुजीत सिन्हा मूल रूप से पलामू का निवासी है और राज्य के कई जिलों में उसके आपराधिक नेटवर्क का फैलाव रहा है।

फिलहाल चाईबासा जेल में बंद सुजीत सिन्हा पर पलामू जिले में ही 20 से अधिक संगीन आपराधिक मामलों में संलिप्तता का आरोप है। हालांकि हाल के दिनों में वह कुछ मामलों में अदालत से बरी भी हुआ है। उसकी शिफ्टिंग को लेकर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट हो गई हैं और पलामू जिला प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

पलामू सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि सुजीत सिन्हा को पलामू सेंट्रल जेल में स्थानांतरित किया जाएगा। इस जेल में पहले से ही कई दुर्दांत अपराधी और नक्सली बंद हैं, जिनमें पीएलएफआई (पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया) का शीर्ष नक्सली कमांडर दिनेश गोप भी शामिल है। सुजीत सिन्हा के खिलाफ नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी भी जांच कर रही है। पलामू जिले में रेलवे फ्रेट कॉरिडोर निर्माण स्थल और राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण स्थल पर हुए हमलों में भी उसका नाम सामने आ चुका है। इतना ही नहीं, रांची, हजारीबाग, लातेहार, चतरा, रामगढ़ और पलामू जैसे जिलों में भी वह आपराधिक वारदातों को अंजाम दे चुका है। उसका नेटवर्क झारखंड के बाहर उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ तक फैला हुआ है, जहां से उसके गिरोह से जुड़े कई शूटरों की गिरफ्तारी हो चुकी है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले एक साल में पलामू पुलिस ने सुजीत सिन्हा गैंग से जुड़े एक दर्जन से ज्यादा अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उसके गिरोह के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है, और अब खुद सुजीत सिन्हा की उपस्थिति से पलामू सेंट्रल जेल की निगरानी और सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है।

### 750 करोड़ का जीएसटी घोटाला

## रांची, धनबाद व जमशेदपुर सहित 12 ठिकानों पर ईडी का छापा

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार सुबह झारखंड में 750 करोड़ रुपए के जीएसटी घोटाले से जुड़े मामले में एक साथ 12 ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई रांची, धनबाद, जमशेदपुर, झरिया सहित विभिन्न जिलों में की गई। ईडी की टीम ने जमशेदपुर जिले के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्क्रैप व्यवसायी और प्रमुख उद्यमी ज्ञानचंद जायसवाल उर्फ बबलू जायसवाल के ठिकानों पर एक साथ छापा मारा।

जिन स्थानों पर कार्रवाई हुई, उनमें हथियाडीह स्थित शारदा एंडेवर्स फैक्ट्री और बिष्टुपुर के कांट्रैक्टर्स एरिया स्थित उनका आवास शामिल है। सूत्रों के अनुसार, यह छापेमारी जीएसटी फर्जीवाड़े, टैक्स चोरी और फर्जी बिलिंग से जुड़े मामलों में की गई है। उल्लेखनीय है कि



ज्ञानचंद जायसवाल पूर्व में भी इस मामले में जेल जा चुके हैं।

ईडी की टीमें दस्तावेजों की गहन जांच कर रही हैं और डिजिटल सबूतों तथा संदिग्ध लेन-देन की पड़ताल में जुटी हुई हैं। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हालांकि, ईडी की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। संभावना जताई जा रही है कि छापेमारी देर शाम तक जारी रह सकती है।

**झरिया में भी बड़ी कार्रवाई :** इधर, धनबाद के झरिया थाना क्षेत्र में भी ईडी ने गुरुवार सुबह बड़ी कार्रवाई की। रांची से पहुंची टीम ने स्थानीय व्यवसायी अमित अग्रवाल उर्फ चीनू अग्रवाल के चार नंबर मेन रोड स्थित जगदंबा फर्नीचर दुकान और फार बिल्डिंग स्थित उनके आवास पर एक साथ छापेमारी की।

यह कार्रवाई आर्थिक अनियमितताओं और संदिग्ध वित्तीय लेन-देन की जांच के तहत की गई है। ईडी की टीम बैंक दस्तावेज, प्रॉपर्टी से जुड़े रिकॉर्ड और डिजिटल सबूतों की जांच में जुटी है। कार्रवाई की खबर फैलते ही झरिया बाजार में हड़कंप मच गया और स्थानीय व्यवसायियों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया।

**रांची के पीपी कंपाउंड में भी हुई छापेमारी :** ईडी ने रांची के पीपी कंपाउंड स्थित कृष्णा अपार्टमेंट के चौथे मंजिल पर एक फ्लैट समेत शहर के अन्य पांच स्थानों पर भी छापेमारी की है। इन ठिकानों से भी एजेंसी डिजिटल रिकॉर्ड, वित्तीय दस्तावेज और अन्य साक्ष्य जुटा रही है। जानकारी के अनुसार, समाचार लिखे जाने तक कई जगहों पर छापेमारी जारी थी।

## डीआईजी ने पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को किया सम्मानित



- जनता व पुलिस के बीच विश्वास कायम करने पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम ने अपने आवास पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी को शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर सम्मानित किया। इस मौके पर दोनों के बीच कई अहम बिंदुओं पर विचार-विमर्श हुआ।

डीआईजी नौशाद आलम ने बताया कि चर्चा में उठाए गए मुद्दों के अनुपालन को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं, पूर्व मंत्री त्रिपाठी ने सुझाव दिया कि डीआईजी स्वयं थानों का निरीक्षण करें और यह देखें कि पुलिस आम नागरिकों से कैसा व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक पुलिस और जनता के बीच दूरी को व्यक्तिगत रूप से मॉनिटर नहीं किया जाएगा, तब तक विश्वास की खाई नहीं पाटी जा सकेगी। उन्होंने पुलिस-जन संवाद को बेहतर करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## इंडिया — बांग्ला अस्मिता खतरे में है या ममता दीदी का भविष्य ?

वोटर लिस्ट के गहन विशेष पुनरीक्षण की तैयारी बिहार के बाद बंगाल में होने वाली है जिसने ममता बनर्जी को तभी बेचैन कर दिया था जब बिहार में लाखों मृत और फर्जी मतदाताओं की खबर छन कर आ रही थी और उन्होंने इसका विरोध शुरू किया था।जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21 भारत निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची तैयार करने और संशोधित करने का अधिकार देती है , जिसमें दर्ज कारणों के साथ किसी भी समय विशेष संशोधन करना भी शामिल है। एसआईआर का संवैधानिक आधार यह है कि अनुच्छेद 324 भारत के निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव कराने का पर्यवेक्षण और नियंत्रण करने की शक्ति प्रदान करता है । एसआइआर के विरुद्ध राजनीतिक धरना प्रदर्शन जो भी किया जाए पर रोकना संभव नहीं। राजनीति में बहुत बार विरोध जनहित में नहीं अपनी जमीन बचाने के लिए कराया जाता है हालांकि पीएम मोदी ने अब दीदी पर सीधा आक्रमण नहीं कर रहे जिसकी झलक उनके पिछले बंगाल दौरे में देखने को मिली ।देश के कुछ राज्यों में राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए जब-तब क्षेत्रीयता को हवा दी जाती रही है। महाराष्ट्र के बाद अब बंगाली अस्मिता के नाम पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इसे भड़का रही हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ देशव्यापी अभियान और उसके बाद बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण से उन दलों में बेचैनी है, जो इन घुसपैठियों को अपना वोटबैंक मानते आए हैं। ममता इसे बांग्ला बोलने वाले बंगालियों के उत्पीड़न के रूप में प्रचारित कर रही हैं। परोक्ष रूप से धमकी देते हुए उन्होंने यहां तक कह दिया है कि क्या मैंने कभी हिंदीभाषियों को बंगाल छोड़ने के लिए कहा है जबकि बीएलओ तक को धमका दिया है कि एक नाम कटा, तो ठीक नहीं होगा। तृणमूल कांग्रेस के भाषा बचाओ आंदोलन से पश्चिम बंगाल और देश के प्रबुद्ध लोग चकित हैं कि भाषा पर कब और कैसे संकट आ गया? यह 2026 के चुनाव को देखते हुए संस्थागत रूप ले चुके भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा, कुशासन, अराजकता की काली घटाओं से पैदा हुई एंटी-इन्कंबैंसी की धार को कुंद करने का प्रयास लगता है।रवींद्रनाथ टैगोर की धरती बोलपुर में बांग्ला भाषा के समर्थन में 28 जुलाई को की गई पदयात्रा ने ममता बनर्जी की भविष्य की राजनीति का संकेत दे दिया है। देश के कई राज्यों में घुसपैठियों, खासकर बांग्लादेश से आए मुस्लिमों व रोहिंग्याओं की पहचान करने, उनकी अवैध बस्तियों को गिराने, उन्हें डिटेंशन सेंटर में रखने या वापस बांग्लादेश भेजने की छिटपुट कार्रवाइयां हो रही हैं। चुनाव आयोग ने बिहार में 24 जून को शुरू हुए 'विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान में 1 अगस्त को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की गई, जिसमें 7.24 करोड़ मतदाताओं में से 65 लाख से अधिक वोटरों के नाम हटा दिए गए। चुनाव आयोग का कहना है कि ये लोग या तो मर चुके हैं, दूसरी जगह स्थायी रूप से चले गए हैं, या दो जगहों पर नाम था।जस्टिस सूर्यकांत, उज्जल भुयान और एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने चुनाव आयोग से कहा, 'हमें हर उस वोटर की जानकारी चाहिए जिसका नाम हटाया गया है। कोर्ट ने चुनाव आयोग को कहा कि वह 9 अगस्त तक जवाब दाखिल करे, ताकि 12-13 अगस्त को इस मामले पर पूरी सुनवाई हो सके।


सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



## नवीन मेल की खबर पर संज्ञान लेते हुए मुखिया ने पुलिया मरम्मत की पहल की




**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** नवीन मेल में प्रकाशित समाचार 'भारी बारिश से बह गई पुलिया, पठारी गांवों का संपर्क टूटा' का असर दिखा है। मोहम्मदगंज प्रखंड की मुखिया कमला देवी ने इस पर संज्ञान लेते हुए मरम्मती कार्य का निर्देश दिया है। मुखिया प्रतिनिधि रौशन कुमार और 15वें वित्त आयोग के जेई विवेक कुमार सिंह ने स्थल पर पहुंचकर मुआयना किया और पुलिया निर्माण का प्राक्कलन तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रामनगर-राजनडीह के बीच बनी कच्ची सड़क पर राजबारा नदी की पुलिया भारी बारिश से बह गई थी, जिससे रामनगर, झरीवा, नदीपर, फटहा, जीतामाटी जैसे दर्जनभर गांवों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय, बाजार और अस्पताल से कट गया था।

# फिर तीन दिनों से बाधित जलापूर्ति लोग पानी के लिए भटकने को विवश

## वाटर प्लांट की मोटर में तकनीकी खराबी, चापानलों पर निर्भर हुए लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र में पेयजल संकट एक बार फिर गहराता जा रहा है। देवरी सोन नदी स्थित जलमीनार परिसर के मोटर में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण पिछले तीन दिनों से जलापूर्ति ठप है। बारिश के मौसम में भी लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। शहर के कई मोहल्लों में नलों से पानी नहीं आ रहा, जिससे लोग चापानलों और निजी संसाधनों पर निर्भर हो गए हैं।



स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि यह समस्या नई नहीं है। कभी प्लांट में बालू भर जाता है, तो कभी मोटर खराब हो जाती है – ऐसी तकनीकी समस्याएं अब आम हो चुकी हैं। देवरी जलापूर्ति केंद्र के कर्मियों के अनुसार, मोटर पूरी तरह खराब हो गई है और इसे बदलने में कम से कम तीन से चार दिन लग सकते हैं। नगर पंचायत को इस बारे में सूचना दे दी गई है, लेकिन अब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है।

## स्टेशन रोड की जर्जर हालत से लोग बेहाल, नगर पंचायत की चुप्पी पर सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य मार्ग जेपी चौक से जपला स्टेशन तक की सड़क की हालत बदहाल हो चुकी है। जगह-जगह गहरे गड्ढों और जलजमाव के कारण राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस एक किलोमीटर से भी कम सड़क को क्षेत्र की 'लाइफ लाइन' कहा जाता है, लेकिन बारिश के मौसम में गड्ढों में भरे पानी के कारण छोटे-बड़े वाहन भी धीमी गति से चलते हैं। कई राहगीर गिरकर घायल हो चुके हैं। रात के समय यात्रियों को और भी ज्यादा परेशानी होती है, वहीं नगर पंचायत इस समस्या पर चुप है। लोगों को उम्मीद है कि नया कार्यपालक पदाधिकारी बनने के बाद इस दिशा में ठोस कार्रवाई होगी।



बरसात में गड्ढों में जलजमाव, रात्रि में चलना हो रहा जोखिम भरा

## एक नजर

### शिबू सोरेन के निधन पर हुसैनाबाद व्यापार मंडल ने व्यक्त की गहरी शोक संवेदना

**हुसैनाबाद।** व्यापार मंडल कार्यालय परिसर में गुरुवार को झारखंड अलग राज्य आंदोलन के जनक, पूर्व मुख्यमंत्री और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं पैक्स जिला अध्यक्ष संघ के कृष्णा बैठा ने कहा कि गुरुजी का जाना झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। मौके पर सुरेश प्रसाद यादव, बिमलेश पासवान, अभिषेक कुमार, विश्वनाथ सिंह, अजय यादव, हीरा मेहता, सुनील कुमार सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

### नगरवासियों को एसडीएम ओमप्रकाश गुप्ता से जगी उम्मीदें

**हुसैनाबाद।** नगरवासियों को एसडीएम एवं आईएएस अधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता से नई उम्मीदें जगी हैं। कार्यपालक पदाधिकारी तरनीश कुमार हंस के तबादले के बाद उन्होंने हुसैनाबाद नगर पंचायत का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लंबे समय से नगर की कई छोटी-बड़ी समस्याएं अनदेखी होती रही हैं। उम्मीद की जा रही है कि एसडीएम के कार्यभार संभालने से शहर की स्थिति में सुधार आएगा और जल, सड़क, साफ-सफाई जैसी बुनियादी समस्याओं का समाधान निकलेगा।

### सहायक नगर आयुक्त जयपाल सिंह ने कार्यभार संभाला

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** जयपाल सिंह ने बुधवार को विश्रामपुर नगर परिषद में सहायक नगर आयुक्त के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। नगर परिषद कार्यालय में पदभार ग्रहण के पश्चात कर्मचारियों और ब्रांड एंबेसडर राजन पांडेय सहित अन्य ने उनका स्वागत किया। जयपाल सिंह ने कहा कि वह ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्यों का निष्पादन करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उनकी प्राथमिकता नगर की स्वच्छता, पारदर्शिता और विकास होगी।

### विद्यालय में तीसरी बार 14 बोरी चावल चोरी

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के मुरुबार स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में चोरी की घटना ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय कार्यालय का ताला तोड़कर 14 बोरी चावल और एक टैब चुरा लिया। घटना की जानकारी रविवार सुबह तब हुई जब एक ग्रामीण ने विद्यालय का ताला टूटा हुआ देखा और इसकी सूचना प्रधानाध्यापक को दी। प्रधानाध्यापक मौके पर पहुंचे तो पाया कि कार्यालय में रखे मध्यान्ह भोजन के चावल और डिजिटल टैब गायब हैं। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, यह पहली बार नहीं, बल्कि तीसरी बार है जब विद्यालय में चोरी की घटना हुई है।

## स्वस्थ जीवनशैली के लिए योग बना मोहम्मदगंज का मंत्र, रेलवे प्लेटफॉर्म बना योगस्थली

### सुबह 4 बजे से शुरू होता है योगाभ्यास, कई क्षेत्रों में बढ़ रहा है असर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रेलवे स्टेशन परिसर अब केवल ट्रेनों का ठहराव स्थल नहीं, बल्कि स्वास्थ्य की ऊर्जा देने वाला योग केंद्र भी बन गया है। पतंजलि योग परिवार द्वारा आयोजित नियमित योग कक्षा को लेकर स्थानीय लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। प्रशिक्षक सुनील कुमार मेहता के नेतृत्व में सुबह 4 से 5 बजे तक योगाभ्यास का क्रम चलता है। योग कक्षा में प्राणायाम, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, उजायी, भस्त्रिका सहित विभिन्न क्रियाएं शामिल हैं। इसमें भाग लेने वाले लोगों का कहना है कि योग से उनकी दिनचर्या बेहतर हुई है और स्वास्थ्य में सुधार महसूस हो रहा है। प्रशिक्षक सुनील कुमार मोहम्मदगंज, झरी और हैदरनगर चौकड़ी में साप्ताहिक रूप से योग प्रशिक्षण देते हैं। इसमें सेवानिवृत्त शिक्षक जगलाल राम, सत्येंद्र बैठा, मथुरा गुप्ता, लवकुश सिंह, डॉ. शंभू प्रसाद सहित कई स्थानीय लोग नियमित रूप से शामिल होते हैं।

### भुड़ली पहाड़ पर भगवान इंद्र का हुआ विशेष पूजा-अर्चना

**मेदिनीनगर।** सैकडों वर्षो से चली आ रही धार्मिक परंपरा के अनुसार विश्रामपुर नप के भुड़ली पहाड़ की चोटी पर गुरुवार को भगवान इंद्र की विशेष पूजा-अर्चना किसानों द्वारा किया गया। इस विशेष पूजा-अर्चना में दर्जन भर गांव के किसान शामिल हुये। स्थानीय लोगों में धार्मिक मान्यता है कि भगवान इंद्र के इस विशेष पूजा-अर्चना के बाद क्षेत्र में अच्छी बारिश होती है। इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान के एक दिन पहले किसान भुड़ली पहाड़ पर जाकर भगवान इंद्र सहित कई देवी-देवताओं को जयघोष के बीच आमंत्रित करते हैं। उसके दूसरे दिन अहले सुबह से भगवान इंद्र की विशेष पूजा-अर्चना होती है.कर्मकांडी पुरोहित अच्यूतानंद पांडेय के द्वारा भगवान इंद्र की विशेष पूजा व अनुष्ठान संपन्न कराया गया। पूजा संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर राजू पाण्डेय,रामजी ठाकुर,रामचंद्र भुइयां सहित कई किसान व ग्रामीण मौजूद थे।

## आवास योजना की लाभुक से ठगी का मामला, मुखिया ने दिलवाए पैसे वापस

● शीला देवी से 42,500 की ठगी उजागर, पासबुक व राशि लौटवाई गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** लोहरसी पंचायत अंतर्गत लोहरसी भुईयां टोला की शीला देवी, जो प्रधानमंत्री आवास योजना और मईयां सम्मान योजना की लाभुक हैं, से गांव के ही नियाजुल अंसारी ने 42,500 की ठगी की थी। मामले की जानकारी मिलते ही पंचायत की मुखिया चिंता देवी और मुखिया प्रतिनिधि अरविंद सिंह ने तत्परता दिखाते हुए ठगी की गई राशि और पासबुक आरोपी से जब्त कर लाभुक को लौटाई। शीला देवी ने बताया कि उन्होंने पिपराटांड़ थाना में शिकायत की थी, जिसके बाद पंचायत की पहल पर आरोपी ने सभी दस्तावेजों और पैसे के साथ माफी मांगते हुए राशि वापस की। मुखिया चिंता देवी ने कहा कि पंचायत वासियों को किसी भी योजना में किसी बिचौलिए को पैसे न देने चाहिए और सीधे पंचायत को सूचित करें। उन्होंने आरोपी को भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न करने की कड़ी चेतावनी भी दी।

## रेलवे स्टेशन मास्टर दुर्घटनाग्रस्त, स्टेशन पर अधूरा फुट ओवरब्रिज बना मुसीबत

▲ फुटओवर ब्रिज का निर्माण अधूरा, यात्रियों और कर्मचारियों की जान जोखिम में

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** काजरात-नावाडीह रेलवे स्टेशन पर देर रात ड्यूटी समाप्त कर लौट रहे स्टेशन मास्टर शंभू प्रसाद साह रेलवे ट्रैक पार करते समय फिसलकर गंभीर रूप से घायल हो गए। गिरने से उनका बायां हाथ टूट गया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उन्हें जपला के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उल्लेखनीय है कि स्टेशन पर अभी फुटओवर ब्रिज का निर्माण अधूरा है, जिससे यात्रियों और रेलवे कर्मियों को ट्रैक पार करने में गंभीर जोखिम उठाना पड़ता है। क्षेत्र में स्थित राजकीय मध्य विद्यालय और निजी स्कूलों के बच्चों को भी प्रतिदिन ट्रैक पार करना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस संबंध में विभाग को कई बार लिखित रूप से सूचना दी है, लेकिन अब तक कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। स्टेशन का तीसरी रेल लाइन कार्य पूरा हो चुका है और अब दोनों दिशाओं से ट्रेनें गुजरने लगी हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका और भी बढ़ गई है।



## भीमचूल्हा का दृश्य बना पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पलामू जिले के मोहम्मदगंज स्थित प्रसिद्ध पर्यटक स्थल भीमचूल्हा और आसपास के जंगल-पहाड़ इन दिनों झमाझम बारिश के कारण अप्रतिम सौंदर्य में नहाए हुए हैं। हरियाली की चादर ओढ़े इस स्थल का दृश्य इतना मनमोहक हो गया है कि यहां आने वाले पर्यटक मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बार मृगशिरा नक्षत्र से ही बारिश की जो शुरूआत हुई, उसने पिछले वर्षों के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। परिणामस्वरूप भीमचुल्हा और भीमबराज क्षेत्र में हरियाली चारों ओर फैल गई है। पार्क क्षेत्र के फूल-पौधे व घास फिर से जीवंत हो गए हैं। स्थानीय पुजारी व गाइड पंडित गंगा तिवारी ने बताया कि इस स्थल की स्थापना के बाद पहली बार पांच वर्षों में इतनी भारी बारिश हुई है, जिससे यहां की मुरझाई प्रकृति फिर से जीवंत हो उठी है। पर्यटक राजू सिंह ने ड्रोन कैमरे से इस स्थल की मनभावन छवियां कैद कीं, जो इस स्थल की सुंदरता का प्रमाण हैं।



## नूरू व पांकी पूर्वी पंचायत के मुखिया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा पंचायत उन्नति सूचकांक में उत्कृष्ट कार्य के लिए पांकी प्रखंड के नूरू पंचायत की मुखिया प्रमिला देवी और पांकी पूर्वी पंचायत के मुखिया प्रेम प्रसाद को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रमिला देवी को पूरे पलामू जिले में टॉप-2 और प्रेम प्रसाद को टॉप-4 पंचायतों की सूची में स्थान मिला। यह सम्मान स्थानीय स्वशासन के सशक्तिकरण एवं सतत विकास के लिए किए गए कार्यों की मान्यता है। प्रशस्ति पत्र वितरण समारोह में जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, डीडीसी, बीडीओ ललित प्रसाद सिंह और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान बेहतर कार्यों के लिए प्रखंड समन्वयक अमित कुमार को भी सम्मानित किया गया।



## लक्ष्मी चंद्रवंशी हॉस्पिटल में हुआ कूल्हा प्रत्यारोपण रिप्लेसमेंट सर्जरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू)।** लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत एक मरीज का टोटल हिप रिप्लेसमेंट (कूल्हा प्रत्यारोपण) सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह जटिल ऑपरेशन वरिष्ठ सर्जन डॉ. कमलेश चंद्रा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस सर्जरी में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. बशिष्ठ नारायण, डॉ. मृगनयनी, डॉ. राहुल कुमार के साथ इंटर्न डॉक्टर सुमैल अख्तर खान एवं प्रभात कुमार की भी अहम भूमिका रही। सभी डॉक्टरों के समन्वित प्रयास से यह सर्जरी पूर्ण रूप से सफल रही और मरीज की स्थिति अब पूरी तरह स्थिर है। मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. नित्यानंद कुमार ने सफल ऑपरेशन के लिए संपूर्ण चिकित्सकीय टीम को बधाई दी और कहा कि संस्थान का उद्देश्य क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। संस्थान के चेयरमैन रामचंद्र चंद्रवंशी ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह कॉलेज एवं हॉस्पिटल आमजन को समर्पित है, जहां गरीबों को भी बिना किसी आर्थिक बोझ के उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। डॉयरेक्टर डॉ. ईश्वरसागर चंद्रवंशी ने कहा कि यह संस्थान निरंतर चिकित्सा के क्षेत्र में गुणवत्ता और विश्वसनीयता का नया मानदंड स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे जटिल ऑपरेशन स्थानीय स्तर पर संभव हो पाना संस्थान की बड़ी उपलब्धि है। डिप्टी डायरेक्टर अनुराग चंद्रवंशी ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता पूरे अस्पताल परिवार की मेहनत और टीमवर्क का परिणाम है। उन्होंने भरोसा जताया कि भविष्य में भी इस तरह की उत्कृष्ट सर्जरी सुविधाएं गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों के लिए उपलब्ध कराई जाती रहेंगी। विवेक चंद्रवंशी, जो संस्थान के प्रशासनिक विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, ने कहा कि लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल केवल एक चिकित्सा केंद्र नहीं, बल्कि समाज सेवा का एक मजबूत माध्यम बन चुका है। गौरतलब है कि लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लगातार जटिल और महत्वपूर्ण सर्जरियां की जा रही हैं, जिससे क्षेत्र के हजारों मरीजों को मुफ्त में उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं।

## जर्जर पांकी-बालूमाथ सड़क की मरम्मत समाजसेवी उमेश यादव ने निजी खर्च से करवाई

◀◀ ताल घाटी तक सैकड़ों ट्रैक्टर चिप्स-डस्ट डालकर भरे गए गड्ढे, राहगीरों ने ली राहत की सांस

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** से बालूमाथ को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की जर्जर हालत को देखते हुए समाजसेवी सह मुखिया प्रत्याशी उमेश यादव ने सराहनीय पहल करते हुए अपने निजी खर्च से सड़क की मरम्मत करवाई। बुधवार को दोपहर में जेसीबी मशीन की मदद से ग्राम पोरसम से लेकर ताल घाटी तक सड़क में बने खतरनाक गड्ढों को भरवाया गया। बताया जा रहा है कि इस सड़क की हालत पिछले कई महीनों से अत्यंत खराब थी, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई थी। उमेश यादव ने सड़क के मरम्मत कार्य के लिए सैकड़ों ट्रैक्टर चिप्स और डस्ट डलवाकर अस्थायी रूप से सड़क को दुरुस्त कराया। ग्रामीणों और राहगीरों ने इस कार्य की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। इस कार्य में पूर्व उपमुखिया संजय यादव, गुंजन यादव और मुकेश यादव ने भी सक्रिय भूमिका निभाई और पूरा सहयोग प्रदान किया। स्थानीय लोगों ने मांग की कि प्रशासन इस सड़क की स्थायी मरम्मत कराए ताकि भविष्य में फिर से ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो।



कार्यक्रम

## फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सेविकाओं को प्रशिक्षण, 10 अगस्त से दवा सेवन अभियान

# 15 दिनों तक चलेगा घर-घर जाकर दवा वितरण कार्यक्रम




**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आंगनबाड़ी सेविकाओं को दवा वितरण और रोग के प्रति जनजागरूकता संबंधी जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों एमटीएस धीरेंद्र कुमार और एमपीडब्ल्यू अशोक कुमार ने बताया कि 10 अगस्त को पहले दिन सभी बूथों पर दवा का सामूहिक सेवन कराया जाएगा। इसके बाद सेविकाएं और सहिया घर-घर जाकर दवा खिलाएंगी। यह अभियान 15 दिनों तक चलेगा। प्रशिक्षण में बताया गया कि इस अभियान के तहत तीन प्रकार की दवाएं दी जाएंगी। हालांकि गर्भवती महिलाएं और गंभीर रोगियों को दवा नहीं दी जाएगी। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका सीमा झा, एसबीएम हरसू कुमार, बीटीटी सहित सभी सेविकाएं मौजूद थीं।

### जागरूकता व दवा ही है फाइलेरिया से बचाव का उपाय: डॉ. विनेश कुमार

**हुसैनाबाद।** फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर सरकार व स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन (हुसैनाबाद इकाई) द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम की शुरूआत अनुमंडल मैदान से हुई, जहां से सैकड़ों स्कूली बच्चे और शिक्षक हाथों में तख्तियां लेकर जागरूकता नारे लगाते हुए शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर निकले। इस अवसर पर प्रभारी स्वास्थ्य उपाधीक्षक डॉ. विनेश कुमार ने कहा कि, ह्लफाइलेरिया से बचाव के लिए सबसे अहम है जागरूकता और दवा का सेवन। बच्चों के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य संबंधी संदेश तेजी से फैलता है। उनका यह प्रयास बेहद सराहनीय है। रैली में सर्वोदय विद्या भारती, राज पब्लिक स्कूल, समता स्कूल, श्री मां बाल विकास विद्यालय, ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल, सतीष राज पब्लिक स्कूल, डिवाइन पब्लिक स्कूल, लक्ष्मी शिशु वाटिका, पैराडाइज इंग्लिश स्कूल, शिशु विद्यालय इंटवा, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, न्यू विवेकानंद पब्लिक स्कूल आदि स्कूलों के छात्र-छात्राएं शामिल थे। बच्चों ने छतरपुर रोड, जेपी चौक, मुख्य बाजार रोड, पटेल चौक, मधुशाला रोड और गांधी चौक होते हुए लोगों को फाइलेरिया से बचाव के लिए सचेत किया। इस मौके पर प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक विभूति कुमार, डॉ. जीतेंद्र प्रसाद, डॉ. अक्षय कुमार चौहान, डॉ. निरंजन प्रसाद, अमित कुमार, कुंदन तिवारी, विनय सिंह, राजकुमार, बबलू गुप्ता, रंजीत तिवारी, जयराम राम, दिलीप पाल, आशिष कुमार, कुश कुमार, चंदन कुमार, संतोष कुमार सहित कई स्वास्थ्य कर्मी एवं शिक्षक उपस्थित थे।



### झारखंड का सितारा अस्त : दिशोम गुरु के निधन पर ऊंटारी रोड में भावुक श्रद्धांजलि

**ऊंटारी रोड।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन ने झारखंड को झकझोर दिया है। ऊंटारी रोड में शोक जताते हुए सामाजिक कार्यकर्ता और जनसंघर्षों के वरिष्ठ चेहरा सुधीर चंद्रवंशी ने उन्हें याद करते हुए कहा कि यह केवल एक व्यक्ति नहीं, एक युग का अंत है। उन्होंने भावुक स्वर में कहा कि झारखंड का सितारा खो गया। साहूकारी और शोषण के खिलाफ जिस बुलंद आवाज ने गरीबों को लड़ना सिखाया, वह आवाज आज मौन हो गई। जल, जंगल और जमीन के हक की हर लड़ाई में दिशोम गुरु सबसे आगे थे। वे सत्ता की भूख से परे रहकर जनहित की राजनीति के प्रतीक बने।

# राम मनोहर लोहिया कॉलेज में आर्ट्स में नामांकन शुरू, मात्र ₹500 वार्षिक शुल्क तय

● कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की पहल, 10 अगस्त से फॉर्म मिलेगा सिटी ऑफिस में

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** राम मनोहर लोहिया चैरिटेबल सोसाइटी एवं राम मनोहर लोहिया कॉलेज, बभंडी (गढ़वा रोड) की बैठक बुधवार को कॉलेज अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सत्र 2025–27 के लिए इंटरमीडिएट (आर्ट्स) में नामांकन प्रक्रिया शुरू करने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

सर्वसम्मति से तय किया गया कि विद्यार्थियों से केवल 500 वार्षिक शुल्क और 50 फॉर्म शुल्क लिया जाएगा। यह शुल्क झारखंड के अन्य कॉलेजों की तुलना में काफी कम है। समिति ने कहा कि कॉलेज का उद्देश्य सभी वर्गों तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना है, इसलिए यह निर्णय समाज के हर तबके के छात्रों को ध्यान में रखकर लिया गया है।

नामांकन प्रक्रिया को सरल बनाने हेतु समिति ने 10 अगस्त से आनंद मोटर्स, नवाटोली कैंपस में सिटी कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है, जहां इच्छुक विद्यार्थी प्रवेश फॉर्म प्राप्त कर सकेंगे।

कॉलेज भवन के 15 कमरों को शीघ्र ही आधुनिक संसाधनों से युक्त करने का भी निर्णय लिया गया ताकि छात्रों को पढ़ाई के दौरान किसी तरह की असुविधा न हो। अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद अग्रवाल ने जानकारी दी कि सितंबर माह से शैक्षणिक सत्र की शुरुआत कर दी जाएगी।

कॉलेज सचिव प्रो. युगल किशोर प्रसाद ने बताया कि पढ़ाई के लिए कुछ और फैकल्टी की आवश्यकता है, जिसके लिए नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह प्रक्रिया 30 अगस्त तक पूरी कर ली जाएगी।

बैठक में कॉलेज कमेटी के सदस्य राजदेव उपाध्याय, प्रदीप कुमार बाबुल, जनाब अनवर, सुनील गुप्ता, अरविंद गुप्ता, सुबोध गुप्ता, अहिल्या गुप्ता समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सभी ने झारखंड आंदोलन के अग्रदूत शिबू सोरेन के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# विदेशी नहीं, बहनों की मेहनत से बनी राखी खरीदें : अरुणा शंकर

● स्वयं सहायता समूह की बहनों की राखियों से सजे शहर में रक्षाबंधन को दें आत्मनिर्भरता का रंग

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रक्षाबंधन से पहले एक आत्मीय दृश्य उस समय देखने को मिला जब शहर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने स्थानीय स्वयं सहायता समूह की बहनों द्वारा बनाई गई राखियाँ खरीदने के लिए 'पलाश' स्टॉल पर पहुँच कर न केवल राखियाँ खरीदीं, बल्कि बहनों की मेहनत, आत्मनिर्भरता और उम्मीद को सजीव सम्मान भी दिया। महापौर जब राखी स्टॉल पर पहुँचीं, तो वहाँ मौजूद समूह की बहनों के चेहरों पर आश्चर्य, गर्व और खुशी के भाव एक साथ उमड़ पड़े। बिना किसी औपचारिकता के, उन्होंने एक-एक राखी को अपने हाथों से छूकर देखा, बहनों से बातचीत की और कहा कि

इन राखियों में सिर्फ रंग और धागा नहीं है, बल्कि तुम्हारे सपनों की गांठें बंधी हैं। मैं गर्व से इन्हें पहनाऊंगी, क्योंकि ये राखियाँ हमारी माटी की हैं, हमारी बहनों के हाथों की हैं, और आत्मनिर्भर झारखंड की पहचान हैं। उन्होंने अपील की कि रक्षाबंधन जैसे पवित्र त्योहार पर हर भाई अपनी कलाई पर इन बहनों द्वारा बनाई गई राखियाँ ही बाँधें। यह केवल एक राखी नहीं होगी, बल्कि एक आशीर्वाद होगा,उन हाथों से जो वर्षों से चुपचाप संघर्ष करती आ रही हैं, अब स्वर और स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ रही हैं।

महापौर ने साथ ही जिला प्रशासन और पलाश संस्था का आभार जताया कि उन्होंने इन बहनों को हुनर दिखाने और स्वरोजगार का अवसर प्रदान करने के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराया।

रक्षाबंधन की पवित्र अवसर पर जब देशभर में भाई-बहन के रिश्तों का उत्सव मनाया जा रहा है, तब शहर में यह दृश्य यह बताने के लिए काफी है कि आत्मनिर्भरता, सम्मान और प्रेम जब एक साथ मिलते हैं, तो समाज की सबसे सुंदर तस्वीर उभरती है।

# विश्व स्तनपान सप्ताह समापन कार्यक्रम में जागरूकता का संदेश आंगनबाड़ी सेविकाओं व अधिकारियों की रही सक्रिय भागीदारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** टाउन हॉल परिसर में विश्व स्तनपान सप्ताह–2025 के समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, सिविल सर्जन, महिला पर्यवेक्षिकाएं और बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृत्व, शिशु स्वास्थ्य, स्तनपान के महत्व और एनीमिया जैसे गंभीर विषयों पर समुदाय को जागरूक करना था। समारोह में बोलते हुए उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि शिशु के जीवन के पहले 1000 दिन अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इस अवधि में यदि नवजात की उचित देखभाल की जाए और माताएं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें, तो बच्चे का समुचित विकास और पोषण सुनिश्चित हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी केवल माँ की नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज की है। इस वर्ष स्तनपान सप्ताह का विषय था – "स्तनपान में निवेश करें, भविष्य में निवेश करें"। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। महिला पर्यवेक्षिका निशी किरण ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' विषय पर भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया, जिसे खूब सराहा गया। सिविल सर्जन ने अपने संबोधन में एनीमिया यानी खून की कमी पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हीमोग्लोबिन की कमी बच्चों, किशोरियों और गर्भवती महिलाओं को गहराई से प्रभावित करती है, और इसके समाधान के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने नवजात शिशु को जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान कराने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया और कहा कि माँ का पहला दूध शिशु के लिए "पहला टीका" होता है। कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति में 'मासूम आर्ट' संस्था द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्तनपान और एनीमिया की जानकारी जनमानस तक प्रभावी तरीके से पहुंचाई गई। यह प्रस्तुति दर्शकों के बीच सराही गई और उपस्थित आंगनबाड़ी सेविकाओं व सुपरवाइजरों के लिए प्रेरणादायक बनी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला पर्यवेक्षिकाएं, आंगनबाड़ी सेविकाएं और स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। समारोह ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि यदि माताएं जागरूक होंगी, तो अगली पीढ़ी स्वस्थ और समृद्ध होगी।

# पलामू में पंचायत उन्नति सूचकांक पर कार्यशाला सम्पन्न, लालगढ़ पंचायत अव्वल

● 265 पंचायतों ने लिया भाग, 9 विषयों पर हुआ मूल्यांकन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार द्वारा मंगलवार को पलामू जिले में पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) 1.0 पर जिला स्तरीय प्रसार कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह मूल्यांकन वित्तीय वर्ष 2022-23 में पंचायतों द्वारा किए गए विकास कार्यों के आंकड़ों के आधार पर किया गया। कार्यशाला की लॉजिस्टिक व्यवस्था यूपीकोन द्वारा सुनिश्चित की गई।

जिले की सभी 265 पंचायतों ने इस मूल्यांकन में भाग लिया। पंचायतों का मूल्यांकन गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, बाल हित, जल पर्याप्तता, स्वच्छता, आधारभूत संरचना, सामाजिक न्याय, सुशासन और महिला सशक्तिकरण जैसे कुल 9 विषयों पर किया गया। इस सूचकांक का उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों को डेटा आधारित योजनाओं और सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में प्रेरित करना है।

कुल स्कोर के आधार पर बिश्रामपुर प्रखंड की लालगढ़ पंचायत 64.2 अंक के साथ जिले में प्रथम स्थान पर रही, जिसे राज्य स्तर पर 18वां रैंक प्राप्त हुआ। इसके बाद पांकी प्रखंड की नुरू पंचायत 64.03 अंक के साथ दूसरे, बिश्रामपुर की भंडार पंचायत 62.76 अंकों के साथ तीसरे, पांकी की मुख्यालय पंचायत 61.84 अंकों के साथ चौथे और बिश्रामपुर की पंजारी कलां पंचायत 61.52 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रही।

थीमवार विश्लेषण में भी कई पंचायतों ने बेहतर प्रदर्शन किया। नवाबाजार की राजहरा पंचायत गरीबी उन्मूलन एवं आजीविका श्रेणी में सर्वोच्च रही। स्वास्थ्य विषय पर पांडू प्रखंड की मुसिखाप एवं उंटारी रोड की करकटा पंचायतों को पूर्णांक (100) प्राप्त हुए। बाल हितैषी पंचायत के रूप में नुरू, जल पर्याप्तता में पांकी ईस्ट, स्वच्छ एवं हरित पंचायत के रूप में लालगढ़, आधारभूत संरचना में तुखबेरा, सामाजिक न्याय में कजुरा कलां, सुशासन में फिर से लालगढ़ तथा महिला हितैषी पंचायत के रूप में पंजारी कलां को चुना गया।

ब्लॉकवार प्रदर्शन की बात करें तो बिश्रामपुर (56.64), पांकी (56.17) और मेदिनीनगर (54.31) क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।

कार्यशाला के दौरान जिला उप विकास आयुक्त ने कहा कि पंचायत उन्नति सूचकांक हमारी विकास यात्रा का आईना है और इससे यह स्पष्ट होता है कि किन क्षेत्रों में और सुधार की आवश्यकता है। जिला परिषद अध्यक्ष ने महिला नेतृत्व, बालिका शिक्षा और महिला स्वास्थ्य जैसे मुद्दों को पंचायत योजनाओं की प्राथमिकता में शामिल करने की बात कही।

जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने कार्यशाला को डेटा आधारित योजना निर्माण और निगरानी के लिए मील का पत्थर बताया। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर सत्यानंद शुक्ला ने कहा कि यह सूचकांक आंकड़ों का मूल्यांकन मात्र नहीं, बल्कि पंचायतों के लिए एक ठोस विकास रोडमैप है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रकाश झा ने कहा कि सूचकांक का मूल उद्देश्य पंचायतों को स्वावलंबी और डेटा-समर्थित बनाना है, ताकि योजनाएं धरातल से जुड़ी हों।

कार्यशाला में यह भी निर्णय लिया गया कि ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) को पीएआई निष्कर्षों से जोड़ा जाएगा, पंचायतों के बीच सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया जाएगा और प्रतिनिधियों के लिए नियमित प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। कार्यशाला को पलामू जिले के लिए डेटा आधारित विकास का एक मजबूत आधार बताया गया, जो आगे चलकर राज्य एवं देश में आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित हो सकता है।

# सदर थाना प्रभारी निलंबित, गंभीर कर्तव्यहीनता व अनुशासनहीनता का आरोप

● दुष्कर्म के मामले में समझौता कराने व नियमविरुद्ध अनुसंधान सौंपने पर कार्रवाई, एसपी ने दिए विभागीय जांच के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सदर थाना प्रभारी पु०अ०नि० संतोष कुमार गुप्ता को पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई एक महिला की ओर से दर्ज गंभीर आरोपों की जांच के बाद की गई, जिसमें पुलिस अधिकारी पर दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराध में समझौता कराने और पुलिस मैनुअल के विरुद्ध कार्य करने के आरोप लगे थे। जांच प्रतिवेदन में उल्लेख है कि 29 अप्रैल 2025 की सुबह एक युवक को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़कर ग्रामीणों ने सदर थाना को सौंपा था। इसके बाद थाना प्रभारी ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराते हुए स्वयं 40,000 रुपये तथा लड़की पक्ष को 30,000 रुपये दिलवाए। घटना के दो माह बाद महिला द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद युवक के विरुद्ध मामला दर्ज कर अनुसंधान स०अ०नि० सुजित कुमार पाण्डेय को सौंपा गया। हालांकि, जांच में यह भी पाया गया कि थाना प्रभारी द्वारा इस गंभीर कांड की जांच का प्रभार अनुचित स्तर के अधिकारी को सौंपा गया, जो पुलिस मैनुअल और प्रशासनिक प्रक्रियाओं के विरुद्ध है। इसके अलावा समझौता के माध्यम से कांड को कमजोर करने का प्रयास भी कर्तव्यहीनता और स्वेच्छाचारिता की श्रेणी में पाया गया। उक्त आरोपों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक रेशमा रमेशन ने पु०अ०नि० संतोष कुमार गुप्ता को सामान्य जीवन यापन भत्ता पर निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय पुलिस केंद्र, पलामू निर्धारित किया है। निलंबन अवधि में विभागीय जांच की प्रक्रिया चलाई जाएगी।

**15 दिन में स्पष्टीकरण अनिवार्य**

एसपी कार्यालय से जारी ज्ञापन के अनुसार, संबंधित पदाधिकारी को 15 दिनों के भीतर आरोपों के संदर्भ में लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है। समय पर स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर यह माना जाएगा कि उन्हें कुछ नहीं कहना है, और विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी।

**अन्य प्रशासनिक आदेश**

इस आदेश की प्रतिलिपि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, पुलिस निरीक्षक शहर अंचल, परिचारी प्रवर सहित संबंधित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियान्वयन हेतु भेजी गई है।

# रांची रिम्स में भर्ती आजसू नेता सतीश कुमार से मिलने पहुंचे पार्टी पदाधिकारी, सुदेश महतो ने लिया हालचाल

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव, पलामू जिला प्रभारी एवं झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए रांची स्थित रिम्स के ट्रॉमा सेंटर में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आगमन हुआ। झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर पार्टी के कई शीर्ष नेताओं ने सतीश कुमार से मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सुदेश महतो ने स्वयं भी फोन पर बातचीत कर सतीश कुमार की तबीयत का हाल जाना। ज्ञात हो कि सतीश कुमार को सांस लेने में तकलीफ होने के बाद डॉ. आर. के. रंजन और डॉ. रोहित पांडेय की टीम ने जांच कर तत्काल रांची रेफर किया था, जहां उनका इलाज रिम्स ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। उनसे मिलने पहुंचे नेताओं में आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं पलामू प्रमंडल प्रभारी हसन अंसारी, केंद्रीय सचिव छोटन सिंह शैलेंद्र, इम्तियाज अहमद नजमी, संतन मेहता, झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सरफराज अहमद के पीए इस्राइल अंसारी, तथा विधायक छोटे राजा के पीए संजय चौधरी शैलु समेत कई अन्य नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे। इस दौरान रिम्स के वरिष्ठ चिकित्सक एवं पदाधिकारियों ने भी उनके बेहतर इलाज की दिशा में आवश्यक कदम उठाए और सभी ने सतीश कुमार के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, पलामू के जिलाध्यक्ष दाऊद केरकेट्टा ने भी सतीश कुमार के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हुए उन्हें आंदोलन का सशक्त स्तंभ बताया।

# डीआईजी नौशाद आलम से ग्रामीण ने लगाई न्याय की गुहार, भाई पर मारपीट, धमकी व जमीन पर कब्जे का आरोप

● तीन बार बंटवारे के बावजूद जमीन पर निर्माण कार्य रोके जाने से परेशान ग्रामीण ने की शिकायत, डीआईजी ने दिए जांच के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महतली निवासी कुलेश्वर पासवान ने अपने छोटे भाई और भाभी पर मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने और पुश्तैनी जमीन पर बलपूर्वक कब्जा करने का आरोप लगाते हुए पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम से न्याय की गुहार लगाई है। कुलेश्वर पासवान ने डीआईजी को सौंपे गए आवेदन में बताया कि विवादित जमीन का तीन बार पंचायत स्तर पर स्पष्ट रूप से बंटवारा (वर्ष 2008, 2020 और 2022) हो चुका है, जिसमें पंचायत मुखिया समेत ग्रामवासियों की मौजूदगी में लिखित सहमति दी गई थी। इसके बावजूद जब वे उक्त भूमि पर निर्माण कार्य शुरू करते हैं, तब उनके छोटे भाई लक्ष्मण पासवान और उसकी पत्नी प्रमीला देवी न केवल विरोध करते हैं, बल्कि गाली-गलौज और धमकी भी देते हैं। आवेदक के अनुसार, 13 मई 2025 को दोपहर करीब दो बजे जब वे अपनी पत्नी के साथ निर्माण कार्य करवा रहे थे, उसी दौरान पुलिस पदाधिकारी गणेश झा द्वारा केस के आईओ बालकृष्ण उरांव को फोन कर कार्य रुकवाया गया। उसके बाद निर्माण स्थल पर मौजूद सामग्री जैसे दो ट्रैक्टर बालू, तीन हजार ईंट, सीमेंट और औजार आदि जब्त कर लिए गए। उनके भाई द्वारा खेत को समतल कर कांटेदार तार से घेर दिया गया और उसमें मक्का की खेती कर दी गई। कुलेश्वर पासवान ने बताया कि उन्होंने उपविकास पुलिस अधीक्षक को भी पंचायत बंटवारे से संबंधित दस्तावेज सौंपकर न्याय की मांग की, लेकिन वहां से डांटकर भगा दिया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक को भी आवेदन दिया, परंतु तीन महीने बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

**डीआईजी ने दिया कार्रवाई का आश्वासन :** डीआईजी नौशाद आलम ने शिकायतकर्ता की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने तत्काल संबंधित थाना प्रभारी को निर्देशित किया है कि मामले की जांच निष्पक्षता से करते हुए उचित निर्णय लिया जाए।

**साक्ष्य सहित निष्पक्ष जांच की मांग :** आवेदक ने अपने आवेदन के साथ आधार कार्ड की छायाप्रति, पंचायत के बंटवारे से संबंधित दस्तावेज, तथा थाना और एसपी कार्यालय को पूर्व में दिए गए आवेदन की प्रतियां भी संलग्न की हैं। उन्होंने अनुरोध किया है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि वे अपने पुश्तैनी भूमि पर शांतिपूर्वक निर्माण कार्य कर सकें।

# वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 14 दोपहिया वाहन जब्त

**मेदिनीनगर।** कचहरी चौक पर बुधवार को जिला परिवहन कार्यालय और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान कई दोपहिया चालकों को बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस और ट्रिपल लोडिंग जैसे नियम उल्लंघन करते पकड़ा गया। अभियान के तहत कुल 14 दोपहिया वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से रखा गया है। सभी मामलों को जिला परिवहन कार्यालय, पलामू को चलान व फाइन के लिए भेजा गया है। जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 7 अगस्त 2025 को 10 दोपहिया वाहनों पर कुल 11,150 का फाइन निर्धारित किया गया है। जब्त वाहनों के संबंध में दस्तावेजों की जांच के उपरांत आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने वाहन चालकों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की है, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# हर घर तिरंगा अभियान की सफलता को लेकर भाजपा नगर मंडल की कार्यशाला आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल मेदिनीनगर द्वारा हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को पलामू जिला भाजपा कार्यालय में एक मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष श्रवण गुप्ता ने की, जबकि मंच संचालन जिला मंत्री सोमेश सिंह ने किया। कार्यशाला में प्रथम उपमहापौर व कार्यक्रम प्रभारी मंगल सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 10 से 14 अगस्त तक सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। साथ ही "ऑपरेशन सिंदूर" की सफलता को जन-जन तक पहुंचाने, राष्ट्र प्रेम और एकता की भावना को सशक्त करने के लिए हर घर तिरंगा अभियान को जोर-शोर से चलाने का निर्णय लिया गया है।

कार्यक्रमों की रूपरेखा के तहत 12 से 14 अगस्त तक शहीद स्मारकों और महापुरुषों की प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान और 13 से 15 अगस्त तक घरों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

मंगल सिंह ने कार्यकर्ताओं को क्षेत्रवार जिम्मेदारी भी सौंपी ताकि अभियान का व्यापक असर हो और हर नागरिक इसमें भाग ले सके।

कार्यशाला में नगर महामंत्री किशन मखड़िया ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अविनाश वर्मा, दुर्गा जौहरी, महामंत्री विजय ठाकुर, रीना किशोर, ओमप्रकाश पप्पू, धर्मेंद्र उपाध्याय, अविनाश सिन्हा, श्वेता गर्ग, श्यामजी चौधरी, वीरेंद्र सिन्हा, पंकज जयसवाल, मनीष वर्मा, रिंकू दुबे, दीपक सिन्हा, गुड्डु बर्मन, अनिल सोनी, सुमिता सिंह, शोभा सिंह, आनंद कुमार, निवेदन अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, विकास गुप्ता, संजय अमृत अग्रवाल, विवेक चौबे, सूरज सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रजवाडीह मध्य विद्यालय में पौधारोपण कर दिशोम गुरु को दी गई श्रद्धांजलि

● छात्रों व शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ जताई श्रद्धा, दिशोम गुरु के विचारों को बताया प्रेरणास्रोत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में बुधवार को झारखंड आंदोलन के अग्रदूत दिशोम गुरु शिबू सोरेन को पौधारोपण के माध्यम से श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक चेतना के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को याद किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी, शिक्षिकाएं निशा देवी, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी, शिक्षक विजय कुमार ठाकुर, और लैब इंस्पेक्टर अनूप कुमार मिश्रा ने भाग लिया।

प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कहा कि दिशोम गुरु न सिर्फ एक राजनेता थे, बल्कि उन्होंने समाज की कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष कर एक नई चेतना का निर्माण किया। जल, जंगल और जमीन के लिए उनके द्वारा चलाए गए आंदोलन ने राज्य में जंगलों की अंधाधुंध कटाई पर रोक लगाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु जीवनभर लोगों को पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण के लिए प्रेरित करते रहे। उन्हीं के विचारों से प्रेरणा लेकर विद्यालय में पौधे लगाए गए हैं, जो उनकी स्मृति को सजीव रखने का एक छोटा प्रयास है। विद्यालय परिसर में कई फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। इस मौके पर विद्यार्थियों को पर्यावरण के महत्व और संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने दिशोम गुरु के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री बंशीधर नगर में अवैध मिठाई बनाने का बड़ा खुलासा 55 क्विंटल मिठाई जब्त

# अवैध मिठाइयां सिर्फ कारोबार नहीं, लोगों की सेहत से खिलवाड़ है : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** रक्षाबंधन पर्व से पहले अवैध रूप से तैयार और बेची जा रही मिठाइयों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई है। बुधवार देर रात नगर ऊंटारी थाना पुलिस और जिला खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने एक बोलेरो वाहन से भारी मात्रा में रेडीमेड मिठाइयां जब्त की। इसके बाद गुरुवार को आरोपी के घर पर की गई छापेमारी में लगभग 50 क्विंटल छेना रसगुल्ला और 5 क्विंटल कलाकंद बरामद किए गए, जो बिना किसी ब्रांडिंग, गुणवत्ता जांच और वैध दस्तावेजों के तैयार किए गए थे।

### थाना प्रभारी ने की जनसहयोग की अपील

थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने कहा कि गुप्त सूचना पर समय रहते की गई कार्रवाई से बड़ी मात्रा में अवैध मिठाई बाजार में जाने से रोकी जा सकी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि अगर उन्हें किसी भी प्रकार की संदिग्ध खाद्य गतिविधि की जानकारी मिले, तो प्रशासन या पुलिस को अवश्य सूचित करें। प्रशासन की इस कड़ी कार्रवाई के बाद शहर के मिठाई कारोबारियों में खलबली मच गई। कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। अब यह स्पष्ट हो गया है कि बिना गुणवत्ता प्रमाणपत्र और वैध लाइसेंस के मिठाई कारोबार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बोलेरो देखकर फरार हुआ चालक, मिठाई पर नहीं थे वैध कागजात

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर ऊंटारी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार को सूचना मिली थी कि चेचेरिया निवासी सत्येंद्र कुमार गुप्ता के घर के सामने खड़ी बोलेरो में अवैध मिठाई लदी हुई है। जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची, बोलेरो चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों से पूछताछ में यह सामने आया कि वाहन में लदी मिठाइयां सत्येंद्र गुप्ता की हैं, जिन्हें रक्षाबंधन के अवसर पर होटल व दुकानों में बेचने के लिए ले जाया जा रहा था। जब पुलिस ने सत्येंद्र गुप्ता के परिजनों से मिठाई के संबंध में वैध कागजात मांगे, तो वे कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद वाहन को जब्त कर थाने लाया गया और जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री को सूचित किया गया।

### घर से बरामद हुई भारी मात्रा में बिना ब्रांड की मिठाई

गुरुवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने आरोपी के घर पर छापेमारी की, जहां से भारी मात्रा में अवैध मिठाइयां बरामद की गईं। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि मिठाई के डिब्बों पर मैन्युफैक्चरिंग डेट, एक्सपायरी डेट, निर्माता का नाम और पता कुछ भी अंकित नहीं था। यह सीधा-सीधा खाद्य सुरक्षा अधिनियम का उल्लंघन है।

### मिठाइयों के नमूने भेजे गए लैब, रिपोर्ट के बाद होगी कानूनी कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री ने बताया कि बरामद मिठाइयों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि त्योहार के समय बाजार में मिलावटी और असुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री न हो। उपभोक्ताओं का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है।

## पैसा लूटने व मारपीट का आरोप

**कांडी।** थाना क्षेत्र के ग्राम सुंडीपुर निवासी गौतम कुमार शर्मा के दुकान का सामान को तोड़ देने व 40 हजार नगद लूट लेने व मारपीट करने एवं गाली गलौज करने को लेकर थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। थाना को दिए आवेदन में कहा है कि मैं सुंडीपुर सरकारी शराब दुकान के बगल में किराना दुकान चलाता हूँ। 6 अगस्त को रात्रि करीब नौ बजे कसनप गाँव के तीन लोग अंशु तिवारी पिता वशिष्ठ तिवारी,गोपाल तिवारी पिता राम भिन्न तिवारी व प्रियांशु तिवारी पिता निरंतर तिवारी मेरे दुकान पर आए और पानी बोतल ,सिगरेट ,गुटखा खरीदे और समान का पैसा मांगने पर मेरे साथ गाली गलौज करने लगे और मारपीट करने लगे और साथ हीं जान माल की क्षति करने की धमकी देते हुए सभी भाग गए। पीड़ित ने कहा कि दुकान बंद करने के बाद साढ़े नौ बजे उक्त सभी दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखे फ्रिज,पंखा तोड़ दिए और दुकान के समान को इधर उधर बिखेर दिए साथ ही दुकान में रखे 40 हजार रुपये लूट कर फरार हो गए। पीड़ित ने थाना को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। इस विषय में थाना प्रभारी विद्यासागर प्रसाद ने कहा कि आवेदन मिला है।केस संख्या 75/25 के तहत मामला दर्ज कर जांच पड़ताल व गिरफ्तारी के लिए छापेमारी पुलिस कर रही है। एसआई रौशन कुमार राम को केश का जांच पदाधिकारी नियुक्त किया गया है।

## भंडरिया में रक्तदान शिविर का आयोजन

**भंडरिया (गढ़वा)।** भंडरिया प्रखंड कार्यालय प्रांगण में भीबीडीए वॉलिंटियर ब्लड डोनर संगठन के द्वारा एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में गढ़वा ब्लड बैंक के प्रदीप कुमार और उनकी टीम की ओर से शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। रक्तदान शिविर में कई युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मानवता की मिसाल पेश की। नितेश कुमार वर्मा, जितेंद्र कुमार, संतोष वर्मा, विशाल कुमार चंद्रवंशी, संजय कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार, राजकुमार प्रसाद, कर्मवीर कुजूर, मनीष कुमार केसरी, शुभम कुमार केसरी, सत्यानंद कुमार, मंगलम, जगतार अंसारी, निकेत कुमार, रंजन कुमार प्रजापति और फर्जुन मिंज जैसे युवाओं ने रक्तदान कर जरूरतमंदों के जीवन को बचाने में अपना योगदान दिया। इस मौके पर वीडियो अमित कुमार, अंचलाधिकारी राकेश भूषण सिंह, बीपीओ रवि कुमार, रक्तबीर विवेक तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। रक्तदान शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

## भंडरिया-कुरून मुख्य मार्ग पर भीषण सड़क हादसा

**भंडरिया।** (गढ़वा) प्रखंड अंतर्गत भंडरिया-कुरून मुख्य मार्ग पर जीरमणिया डैम के समीप शुक्रवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक जयराम सिंह (38 वर्ष), पिता अयोध्या सिंह, ग्राम बिंदा निवासी वे अपने गांव से भंडरिया उर्वरक (खाद) लेने आ रहा था उनके घर में धान की रोपनी का कार्य चल रहा था। दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक, जो अरगाही (छत्तीसगढ़) के निवासी हैं, तेज रफ्तार में एवं शराब के नशे में चूर होकर भटकते हुए बिंदा की ओर जा रहे थे, जबकि उन्हें रमकंडा की ओर जाना था। दोनों बाइक की आमने-सामने भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि जयराम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार युवकों की पहचान श्रवण सिंह, पिता मंटू सिंह (25 वर्ष), अनिल सिंह (22 वर्ष, पिता दशरथ सिंह), एवं सुमित सिंह (18 वर्ष, पिता शिवलाल सिंह) के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार ने जयराम सिंह को मृत घोषित किया। वहीं, श्रवण सिंह, मंटू सिंह और अनिल सिंह की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। भंडरिया थाना प्रभारी अभिजीत गौतम मिश्रा ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और दुर्घटना में लापरवाही की पुष्टि होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## वारंटी के घर चिपकाया गया इश्तेहार

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदना गांव निवासी प्राथमिकी अभियुक्त मेहरून बीबी, पति सबील खान, के विरुद्ध मझिआंव थाना कांड संख्या-80/21 में दर्ज पुराने मामले को लेकर न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार को आज विधिसम्मत ढोल-नगाड़े के साथ अभियुक्त के घर पर चस्पा किया गया। इस कार्रवाई का नेतृत्व एसआई संजय मुंडा ने किया। उन्होंने बताया कि मेहरून बीबी काफी समय से फरार चल रही थी और बार-बार बुलावे के बावजूद अदालत में हाजिर नहीं हो रही थी। इसी कारण न्यायालय से इश्तेहार निर्गत हुआ था, जिसे विधिवत रूप से उसके घर के दरवाजे पर चिपकाया गया। एसआई मुंडा ने यह भी स्पष्ट किया कि यह एक पुराना केस है, लेकिन अभियुक्त की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए कानूनी प्रक्रिया के तहत हर जरूरी कदम उठाया जा रहा है।

## मलेरिया उन्मूलन की दिशा में बड़ा कदम रोकथाम के लिए चला जार रहा अभियान

**भंडरिया (गढ़वा)।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत भंडरिया प्रखंड में मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रखंड के 26 गांवों में एसपी (स्प्रे) का छिड़काव शुरू कर दिया गया है। इस अभियान में प्रशिक्षित मजदूरों की सहायता से गांव-गांव जाकर मलेरिया के प्रकोप वाले क्षेत्रों में दवा का छिड़काव किया जा रहा है, ताकि मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सके। यह अभियान 17 सितंबर 2025 तक लगातार चलेगा, जिसका उद्देश्य भंडरिया प्रखंड को मलेरिया मुक्त बनाना है। इस कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, प्रभारी एमटीएस संतोष टोप्पो, एमपीडब्ल्यू राजेश सिंह के साथ-साथ सभी संबंधित गांवों की सहिया सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। सभी ने गांवों में जाकर मलेरिया के प्रति जागरूकता भी फैलाई और ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे नियमित रूप से अपने घरों और आसपास की सफाई रखें।

## स्तनपान सप्ताह सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड के सरकोनी पंचायत अंतर्गत महुली गांव में बुधवार को स्तनपान सप्ताह मनाया गया। एसबीआई फाउंडेशन रोज के तहत संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील्स के द्वारा महुली गांव में स्तनपान सप्ताह एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. विजय गोस्वामी ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को स्तनपान क्यों आवश्यक है विषय पर विस्तार से बताया। अपने छोटे बच्चों को स्तनपान कराने से बच्चे स्वस्थ्य व निरोगी होते हैं। साथ ही स्तन कैंसर जैसे गंभीर बीमारी होने की संभावना कम हो जाती है। इस शिविर में लोगों का स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवा और उचित परामर्श दिए गए। मौके पर डॉ. विजय गोस्वामी, फार्मासिस्ट नीरज कुमार, लैब टेक्नीशियन राहुल कुमार, एएनएम प्रतिमा श्रीवास्तव, कॉर्डिनेटर अमरेन्द्र कुमार, प्रभाकर श्रीवास्तव, स्वास्थ्य सहिया सोनी देवी, ग्रामीण महिला रीता देवी, सुधा देवी, लालती देवी, जानकी देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।


## कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा।

**वित्तीय वर्ष 2024–25 में पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति भुगतान से संबंधित आवश्यक सूचना।**

पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के ekalyan (ekalyan.cgg.gov.in) पोर्टल पर लोहरदगा जिला अन्तर्गत जिन छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन आवेदन वर्ष 2024–25 का Status "Approved by DLC Officer" (Student Login esa "Pending by DLC Officer") है वे आवेदन में दिये गये आधार संख्या को अपने बैंक खाता के साथ दिनांक **20 अगस्त 2025** तक निश्चित रूप से लिंक करा ले। कुछ आवेदन से संबंधित आधार असकिय (Inactive) होने के कारण भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऐसे आवेदक अपना आधार को दिनांक **20 अगस्त 2025** तक सक्रिय (Active) करा लें। **पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति का भुगतान PFMS के माध्यम से Aadhar Enabled DBT द्वारा ही करने का विभागीय निदेश प्राप्त है।**

उक्त तिथि के पश्चात् Mapping/आधार Active कराने वाले छात्रों को वर्ष 2024–25 का छात्रवृति राशि का भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। चूँकी **20 अगस्त 2025** के बाद ई–कल्याण पोर्टल बंद हो जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी आवेदक की होगी। आधार लिंक एवं NPCI में Mapping की जानकारी आधार की वेबसाईट से (https://myaadhaar.uidai.gov.in→ Login पर क्लिक करना होगा। जिसके बाद आधार न0 एवं Captcha Enter करके Send OTP करना है। Send OTP करने के पश्चात आपके आधार से रजिस्टर्ड मोबाईन न0 पर 6 अंको का OTP प्राप्त होगा, OTP Enter कर Login करना है। Login करने के बाद Bank Seeding Status पर क्लिक करके) प्राप्त किया जा सकता है। अथवा ई–कल्याण पोर्टल में (Services – Schedule→ Student Services – Schedule (Post-Matric) → Check status of your AADHAAR linked bank account number Click Here) लिंक के माध्यम से ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR 359049 (Lohardaga) 25-26 (D)

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, पलामू

(उत्पाद शाखा)

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय अधिसूचना संख्या 1/नीति–05–03/2025– 903 दिनांक 21.05.2025 द्वारा अधिसूचित "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025" तथा राजस्व पर्षद द्वारा अनुमोदित बिक्री अधिसूचना की शर्तों के तहत दिनांक 01.09.2025 से 31.03.2030 तक के लिए झारखंड राज्य के पलामू जिला अंतर्गत 07 (सात) "देशी शराब की दुकान" तथा 63 (तिरसठ) "कम्पोजिट दुकान" की बंदोबस्ती 28 (अठाईस) समूह में ई–लॉटरी प्रणाली के माध्यम से की जायेगी। ई–लॉटरी में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदकों के द्वारा "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025", बिक्री अधिसूचना की शर्त्तें, जिलावार खुदरा उत्पाद दुकान/दुकानों के समूह की विवरणी तथा आवेदन प्रपत्र, शपथ पत्र इत्यादि का विहित प्रारूप सभी जिला उत्पाद कार्यालय, विभागीय वेबसाइट https://excise.jharkhand.gov.in, जिला के NIC वेबसाईट https://palamu.nic.in एवं https://exciselottery.jharkhand.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। ई–लॉटरी कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित है –

I. "देशी शराब की दुकान" और "कम्पोजिट दुकान" की ई लॉटरी से बन्दोबस्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक–08/08/2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक–20/08/2025 की संध्या 7.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। ऑनलाईन आवेदन https://exciselottery.jharkhand.gov.in वेबसाईट पर किया जा सकेगा।

ii. ई–लॉटरी में प्रतिभागिता के लिए संबंधित दुकान/दुकान समूह हेतु बिक्री अधिसूचना में निर्धारित धरोहर धनराशि तथा आवेदन शुल्क का भुगतान Credit Card/Debit Card/ NET BANKING/NEFT/ RTGS/IMPS इत्यादि ऑनलाईन विधि से उक्त पोर्टल (वेबसाईट) पर प्राप्त किया जायेगा। उक्त भुगतान की पुष्टि आवेदन पोर्टल/विभाग के खाते में दिनांक–20.08.2025 को 11:59 PM तक प्राप्त हो जानी चाहिए। दिनांक–20.08.2025 को 11:59 PM तक विहित राशि के भुगतान प्राप्ति की पुष्टि आवेदन पोर्टल अथवा विभागीय बैंक से अप्राप्त रहने की स्थिति में आवेदक ई–लॉटरी में प्रतिभाग नहीं कर सकेंगे।

iii. कम्प्यूटर से Randomization के द्वारा ई–लॉटरी की प्रक्रिया दिनांक 22/08/2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से की जायेगी। ई–लॉटरी के ऑनलाईन प्रसारण का लिंक विभागीय वेबसाईट https://excise.jharkhand.gov.in एवं जिला के NIC वेबसाईट https://palamu.nic.in पर भी उपलब्ध रहेगा। ई–लॉटरी का ऑनलाईन टेलीकास्ट जिला समाहरणालय में भी किया जायेगा ।

iv. ई–लॉटरी की प्रक्रिया राज्य स्तर पर दुकान/दुकानों के समूह के लिये निर्धारित वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व (MGR) के आधार पर अवरोही क्रम (descending order) में सम्पन्न होगी ।

v. ई–लॉटरी का परिणाम https://excise.jharkhand.gov.in एवं जिला के NIC वेबसाईट https://palamu.nic.in पर उपलब्ध होगा।

vi. "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025" के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को आवेदन तथा उसके साथ संलग्न किये जानेवाले सभी कागजातों की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति संबंधित मूल प्रमाण–पत्र के साथ, संबंधित दुकान/दुकानों के समूह के लिए प्रतिभूति राशि तथा निर्धारित एकमुश्त वार्षिक अनुज्ञप्ति शुल्क दिनांक 25.08.2025 तक जिला उत्पाद कार्यालय में जमा करना होगा।

vii. "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025" के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को दिनांक 29.08.2025 तक प्रस्तावित दुकान परिसर के लिए आपत्ति रहित स्थल का पूर्ण विवरण जिला उत्पाद कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा।

viii. "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025" के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को दिनांक 29.08.2025 तक अग्रिम उत्पाद परिवहन कर (ETD) की राशि जमा करनी होगी।

ई–लॉटरी हेतु आवेदन समर्पित करने में किसी प्रकार की कठिनाई के निराकरण हेतु जिला स्तर पर Helpdesk का गठन किया गया है, जिसका मोबाईल संख्या–7004403729 एवं 7903837619 (सामान्य कॉल) 7004403729 तथा 7903837619 (Whatsapp मैसेज) है । उक्त मोबाइल संख्या प्रत्येक दिन के पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 06:00 बजे तक क्रियाशील रहेगी।

PR 359137 Palamu (25-26)_D — उपायुक्त, पलामू

## कार्यालय,जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी,चतरा

पता-ब्लॉक कैम्पस, सदर अस्पताल रोड
थाना+जिला-चतरा, पिन-825401
Email Id- mdmchatradse@gmail.com,Phone No.- 06541-296111

**आवश्यक–सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड कर्मचारी चयन अयोग के विज्ञापन सं0–13/2023 के आलोक में सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025 एवं ज्ञापांक 1504 दिनांक 31.07.2025 में दिए गए निदेशानुसार झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के आधार पर स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8, पारा/गैर पारा कोटि, विषय–गणित एवं विज्ञान शिक्षक) के कुल–78 सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की मूल सूची एवं काउंसिलिंग हेतु तैयार जाँच–पत्रक जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.chatra.nic.in** पर अपलोड कर दी गई है। सभी सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों का काउंसिलिंग दिनांक 11.08.2025 को समय 10:30 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, चतरा में निर्धारित की गई है। अनुशंसित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि निर्धारित एवं समय पर काउंसिलिंग हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

उक्त काउंसिलिंग कार्य उपायुक्त, चतरा के द्वारा नामित नोडल पदाधिकारी– अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमरिया के निगरानी में संपन्न किया जायेगा।

1. अनुशंसित अभ्यर्थी काउंसिलिंग हेतु तैयार जाँच–पत्रक (जो अभ्यर्थी के द्वारा स्वयं भरकर काउंसिलिंग के समय जाँच दल को समर्पित करना है) को अपने हस्तलिपी में भरकर (जहाँ विहित हो, छोड़कर हिन्दी अथवा English में भरें) तथा आवेदन के समय संलग्न किए गए अपने सभी संबंधित मूल प्रमाण–पत्र यथा शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक एवं संबंधित अन्य प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति, दो सेट स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति तथा चार पासपोर्ट साईज का फोटो (एक स्वअभिप्रमाणित फोटो जाँच–पत्रक पर चिपकायें एवं तीन अतिरिक्त प्रतियां संलग्न करें) फोल्डर फाईल (दो प्रति) में काउंसिलिंग के समय उपलब्ध करायेंगे।
2. अनुशंसित अभ्यर्थी फोल्डर फाईल के उपरी भाग में साफ–साफ बड़े अक्षरों में अपना नाम, पिता का नाम, रजिस्ट्रेशन संख्या, कोटि, विषय एवं मोबाईल नम्बर आवश्यक रूप से अंकित करेंगे।
3. अनुशंसित अभ्यर्थी काउंसिलिंग से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करना चाहें, तो कार्यालय में गठित हेल्पलाईन प्रकोष्ठ के कर्मी जिनका मोबाईल संख्या–7004065049 एवं 9973708001 है, पर संपर्क कर सकते हैं।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी,चतरा

PR 359146 School Education and Literacy(25-26).D

## कार्यालय:- जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,चतरा

**(आवेदन–पत्र आमंत्रण सूचना)**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0 11 रा0 (वि0) दिनांक 04.07.2025 (मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना) के आलोक में विभिन्न योजनाओं हेतु सुयोग्य आवेदकों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किया जाता है जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 स0 | योजना का नाम | भौतिक लक्ष्य (संख्या/एकड़ में) | ईकाई लागत (रू0) में | अनुदान की राशि प्रति ईकाई/एकड़ (रू0) में | लाभुक का अंशदान (रू0) में | अहर्त्ताएँ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन | 04 एकड़ | 160000.00 (प्रति एकड) | महिला/अनु0 जाति/अनु0 जनजाति के लिए 128000.00 तथा सामान्य/अन्य के लिए 112000.00 | महिला/अनु0 जाति/अनु0जन जाति के लिए 32000.00 तथा सामान्य/अन्य के लिए 48000.00 | आवेदक के पास कम से कम 0.50 एकड़ अधिकत्तम 1 एकड़ जलक्षेत्र का सदाबहार तालाब हो, घर के नजदीक वाले तालाब को प्राथमिकता दी जायेगा। |
| 2 | मोबाईल रिचार्ज | 342 | 500 | 500 | 0 | मत्स्य बीज उत्पादक जो कार्यालय से मत्स्य स्पॉन प्राप्त किये है उन्हें मोबाईल रिचार्ज करने के उपरांत मो0 500 रूपये अनुदान, बिल कार्यालय में जमा करने के उपरांत भुगतान किया जायेगा। यह योजना पहले आओ, पहले पाओ पर आधारित है। |
| 3 | मत्स्य मित्र/मत्स्य पालक/केज मित्र/केज मत्स्य पालक को पुरस्कार सम्मान | 02 | - | 30000.00 | अनुदान के अतिरिक्त शेष राशि लाभुक का अंशदान होगा। | वैसे बीज उत्पादक, मत्स्य पालक, मत्स्य मित्र, आर0एफ0एफ0 समुह के सदस्य, केज लाभुक, हैचरी संचालक को उत्कृष्ठ मत्स्य पालन कार्य हेतु पुरस्कार स्वरूप सम्मानित करने हेतु अधिकत्तम राशि 30,000/– रूपये प्रति चयनित कृषक पुरस्कार के रूप में विभाग द्वारा अनुमोदित/पैडल व्हील एरयेटर अथवा मत्स्य बीज पैंकिग हेतु ऑक्सीजन सिलींडर (accessories सहित) के क्रय हेतु प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। |
| 4 | जलाशय स्तरीय मछुआरों के लिए आईडेन्टिटी कार्ड | 30 | - | – | – | केज में मत्स्य पालन/जलाशय में शिकारमाही करने मत्स्य कृषक को उपलब्ध करायी जायेगी। |
| 5 | जलाशयों में केज मत्स्य पालकों हेतु लाईफ जैकेट | 10 | मो0 2420/– रू0 मात्र प्रति इकाई | 75% या मो01815/– रू0 मात्र प्रति इकाई (जो कम हो) | अनुदान के अतिरिक्त शेष राशि लाभुक का अंशदान होगा। | वैसे केज लाभुक जिनके द्वारा केजों में वर्तमान में केज में मछली पालन कर रहे हो। लाभुक को अपना अंशदान लगाने की लिखित सहमति एवं विगत 02 वर्षो का केज में मछली उत्पादन का आकड़ा लिखित रूप से आवेदन के साथ लिया जायेगा। |

उपर्युक्त 05 योजनान्तर्गत कार्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20.08.2025 है एवं इसके संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस मे जिला मत्स्य कार्यालय, चतरा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। आवेदन पत्र कार्यालय अवधि में कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,चतरा

PR 359113 Fish(25-26).D

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा (उत्पाद शाखा)

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय अधिसूचना संख्या 1/नीति–05–03/2025– 903 दिनांक 21.05.2025 द्वारा अधिसूचित "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025" तथा राजस्व पर्षद द्वारा अनुमोदित बिक्री अधिसूचना की शर्त्तों के तहत दिनांक 01.09.2025 से 31.03.2030 तक के लिए झारखंड राज्य के **चतरा जिला** की "देशी शराब की दुकान" तथा "शराब की कम्पोजिट दुकान" की बंदोबस्ती ई–लॉटरी प्रणाली के माध्यम से की जायेगी। ई–लॉटरी में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदकों के द्वारा "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025", बिक्री अधिसूचना की शर्त्तें, जिलावार खुदरा उत्पाद दुकान/दुकानों के समूह की विवरणी तथा आवेदन प्रपत्र, शपथ पत्र इत्यादि का विहित प्रारूप सभी जिला उत्पाद कार्यालय, विभागीय वेबसाइट https://excise.jharkhand.gov.in, जिला के NIC वेबसाईट https://chatra.nic.in एवं https://exciselottery.jharkhand.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। ई–लॉटरी कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित है–

i. "देशी शराब की दुकान" और "कम्पोजिट दुकान" की ई–लॉटरी से बन्दोबस्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक– 08/08/2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक–20/08/2025 की संध्या 7.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। ऑनलाईन आवेदन https://exciselottery.jharkhand.gov.in वेबसाईट पर किया जा सकेगा।

ii. ई–लॉटरी में प्रतिभागिता के लिए संबंधित दुकान/दुकान समूह हेतु बिक्री अधिसूचना में निर्धारित धरोहर धनराषि तथा आवेदन षुल्क का भुगतान Credit Card/Debit Card/ NET BANKING/NEFT/ RTGS/IMPS इत्यादि ऑनलाईन विधि से उक्त पोर्टल (वेबसाईट) पर प्राप्त किया जायेगा। उक्त भुगतान की पुष्टि आवेदन पोर्टल/विभाग के खाते में दिनांक–20.08.2025 को 11:59 PM तक प्राप्त हो जानी चाहिए। दिनांक–20.08.2025 को 11:59 PM तक विहित राशि के भुगतान प्राप्ति की पुष्टि आवेदन पोर्टल अथवा विभागीय बैंक से अप्राप्त रहने की स्थिति में आवेदक ई–लॉटरी में प्रतिभाग नहीं कर सकेंगे।

iii. कम्प्यूटर से Randomization के द्वारा ई–लॉटरी की प्रक्रिया दिनांक 22/08/2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से की जायेगी। ई–लॉटरी के ऑनलाईन प्रसारण का लिंक विभागीय वेबसाईट https://excise.jharkhand.gov.in एवं जिला के NIC वेबसाईट https://chatra.nic.in पर भी उपलब्ध रहेगा। ई–लॉटरी का ऑनलाईन टेलीकास्ट जिला समाहरणालय में भी किया जायेगा ।

iv. ई–लॉटरी की प्रक्रिया राज्य स्तर पर दुकान/दुकानों के समूह के लिये निर्धारित वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व (MGR) के आधार पर अवरोही क्रम (descending order) में सम्पन्न होगी ।

v. ई–लॉटरी का परिणाम https://excise.jharkhand.gov.in एवं जिला के NIC वेबसाईट https://chatra.nic.in पर उपलब्ध होगा।

vi. "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025" के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को आवेदन तथा उसके साथ संलग्न किये जानेवाले सभी कागजातों की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति संबंधित मूल प्रमाण–पत्र के साथ, संबंधित दुकान/दुकानों के समूह के लिए प्रतिभूति राशि तथा निर्धारित एकमुश्त वार्षिक अनुज्ञप्ति शुल्क दिनांक 25.08.2025 तक जिला उत्पाद कार्यालय में जमा करना होगा।

vii. "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025" के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को दिनांक 29.08.2025 तक प्रस्तावित दुकान परिसर के लिए आपत्ति रहित स्थल का पूर्ण विवरण जिला उत्पाद कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा।

viii. "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025" के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को दिनांक 29.08.2025 तक अग्रिम उत्पाद परिवहन कर (ETD) की राशि जमा करनी होगी।

ई–लॉटरी हेतु आवेदन समर्पित करने में किसी प्रकार की कठिनाई के निराकरण हेतु जिला स्तर पर Helpdesk का गठन किया गया है, जिसका मोबाईल संख्या– 7979099323, 8298078700 (सामान्य कॉल) 7979099323, 8298078700 (Whatsapp मैसेज) है। उक्त मोबाइल संख्या प्रत्येक दिन के पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 06:00 बजे तक क्रियाशील रहेगी।

उपायुक्त
चतरा।

PR No. 359167 (Excise) 2025-26

# न्यूज बॉक्स

## स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य समारोह खेल स्टेडियम में

**चंदवा।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर प्रखंड कार्यालय में बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और झंडोत्तोलन की समय-सारिणी तय की गई। मुख्य समारोह राज्यकीय प्लस-2 उच्च विद्यालय खेल स्टेडियम में होगा। झंडोत्तोलन क्रमशः थाना में 8:45, अस्पताल में 9:00, पशुपालन केंद्र में 9:15, प्रखंड कार्यालय में 9:30, और मुख्य कार्यक्रम स्थल पर 10:00 बजे होगा। कार्यक्रम में मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण भी होंगे।

## आम आदमी पार्टी से सौरभ श्रीवास्तव का इस्तीफा

**चंदवा।** आम आदमी पार्टी के झारखंड प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव ने पार्टी और सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी की कार्यप्रणाली, केंद्रीय नेतृत्व की झारखंड में उदासीनता और भ्रम की स्थिति से वे असहज महसूस कर रहे थे। दिशोम गुरु शिबु सोरेन की संघर्ष गाथा से प्रेरित होकर उन्होंने अब नई राजनीतिक यात्रा शुरू करने का संकल्प लिया है। उनके झामुमो में शामिल होने की अटकलें तेज हैं।

## ओडिशा एलॉय स्टील के खिलाफ सहकारी समिति का ज्ञापन

**चंदवा।** किसान विकास श्रमिक स्वावलंबी सहकारी समिति ने एसडीओ और अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए ओडिशा एलॉय स्टील प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एस्सार पावर प्लांट के अधिग्रहण पर आपत्ति जताई है। समिति ने आरोप लगाया कि कंपनी प्रबंधन ने पूर्व बैठक के निर्देशों का पालन नहीं किया और किसानों की सहमति के बिना कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है। साथ ही सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर कृषि भूमि क्रय करने का आरोप भी लगाया गया है।

## लापरवाही : शिविर से बैरंग लौटे दर्जनों दिव्यांग

**टंडवा (चतरा)।** गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित दिव्यांगता स्क्रिनिंग कैम्प अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। दर्जनों दिव्यांग पात्र दोपहर तक पूछताछ करते रहे लेकिन कोई व्यवस्था नहीं मिलने पर बिना परीक्षण कराए लौट गए। राज्य सरकार के निर्देश पर 30 जुलाई को शिविर आयोजन की सूचना दी गई थी। पूछे जाने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुदीप कुमार ने कहा कि वे श्रावणी मेला में प्रतिनियुक्त हैं और उन्हें मामले की जानकारी नहीं है।

## महुआडांड़ स्वास्थ्य केंद्र में बढ़ी वायरल व सर्दी-खांसी के मरीजों की संख्या

**महुआडांड़।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते कुछ दिनों से सर्दी-खांसी और वायरल बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। साथ ही लूज मोशन के मामले भी बढ़े हैं। प्रभारी डॉक्टर अमित खलखो ने बताया कि मौसम परिवर्तन के कारण वायरल और गैस्ट्रिक समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि बरसात और आम के मौसम में गर्म पानी पीना और साफ-सफाई का ध्यान रखना आवश्यक है।

## वज्रपात से गाय की मौत, पशुपालक ने मांगा मुआवजा

**कुंदा (चतरा)।** इचातु गाँव में वज्रपात की चपेट में आने से एक दूधारु गाय की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना 6 अगस्त की शाम की है। पीड़ित पशुपालक धूपेंद्र यादव ने बताया कि उनकी जीविका का प्रमुख साधन रही यह गाय खेत में चर रही थी, तभी वज्रपात हो गया। उन्होंने प्रशासन से उचित मुआवजा की मांग की है।

## कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत धाधू पंचायत समिति का गठन

**बालूमाथ।** कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत बालूमाथ प्रखंड की धाधू पंचायत समिति का गठन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात, पर्यवेक्षक पंकज तिवारी और पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कर्मदेव भगत की उपस्थिति में सोमर उरांव को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष सोमर उरांव ने पार्टी के सिद्धांतों को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया। मौके पर सुरेश टाना भगत, आरती कुमारी, अरमान, नरेश गंझू, महताब, सोनम देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नंद कुमार राम ने अंचलाधिकारी पद का कार्यभार संभाला



**लातेहार।** लातेहार प्रखंड के नए अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने उन्हें सभी दस्तावेजों के साथ जिम्मेदारी सौंपी। पदभार ग्रहण के बाद बीडीओ मनोज कुमार तिवारी समेत अंचल कार्यालय के सभी कर्मियों ने उनका बुके देकर स्वागत किया। अपने वक्तव्य में नये अंचलाधिकारी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक सरकार की योजनाओं को पारदर्शिता और समयबद्धता से पहुँचाना है। यह समारोह सौहार्दपूर्ण एवं सादगी से संपन्न हुआ।

## कोरगी पंचायत को सामुदायिक वन पट्टा प्रस्ताव पर समिति की सहमति



**लातेहार।** जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आईटीडीए परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार गगराई द्वारा विभिन्न विकास योजनाओं हेतु वनाधिकार अधिनियम के अंतर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं सामुदायिक वन पट्टा के प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। महुआडांड़ अनुमंडल स्तरीय समिति की ओर से ग्राम कोरगी (बटुआटोली), पंचायत नेतरहाट के एक अनुशासित सामुदायिक वन पट्टा प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा हुई। समिति ने सहमति प्रदान की। इस बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, डॉ. चंदन (जनसंपर्क पदाधिकारी) और आईटीडीए कार्यालय के कर्मी उपस्थित रहे।

## राजद नेता नेसार अहमद के निधन पर गहरा शोक, नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**बेतला (लातेहार)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जिला महासचिव और पोखरी कलां निवासी नेसार अहमद के निधन पर राजद समेत अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया। उनके पैतृक गांव पोखरी कलां में नेताओं ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। श्रद्धांजलि सभा में राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, प्रखंड अध्यक्ष नेजाम अंसारी, मोहर यादव, दामोदर यादव, लक्ष्मण यादव, जितेंद्र यादव, बली यादव सहित अन्य नेता उपस्थित थे। इसी दौरान बरवाडीह राजद प्रखंड अध्यक्ष आदित्य यादव के पिता के हाल ही में निधन को लेकर भी राजद नेताओं ने उनके निवास स्थान पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाया।

---

### उपायुक्त ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की गहन समीक्षा की

# 15 अगस्त तक आधार सीडिंग और पेंशन संबंधित लंबित मामलों के समाधान का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा कोषांग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी पेंशन योजनाओं – राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग और विकलांग पेंशन की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि बचे हुए लाभुकों के आधार और मोबाइल नंबर की सीडिंग 15 अगस्त तक हर हाल में पूरी की जाए।

उन्होंने डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट से जुड़े लंबित मामलों को भी समय पर निष्पादित करने का आदेश दिया। मंईयां सम्मान योजना से जुड़ी डाटा विसंगतियों को दो सप्ताह के भीतर दुरुस्त करने और मोबाइल ऐप से आधार लिंकिंग की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने पर भी बल दिया गया। बैठक में मेरी मड़की (प्रभारी पदाधिकारी), डॉ. चंदन (जिला जनसंपर्क पदाधिकारी), तथा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

---

## साथी योजना पर चला विशेष जागरूकता अभियान



**कुंदा (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर कुंदा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में साथी योजना के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों को आधार कार्ड बनवाने, नशा उन्मूलन, डायन प्रथा, भ्रूण हत्या, बाल विवाह, बाल मजदूरी और घरेलू हिंसा जैसे सामाजिक अपराधों से सतर्क रहने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन अधिकार मित्र अजित कुमार, संजय चौधरी, मुन्ना दास, अमलेश यादव और किरण कुमारी ने किया। ग्रामीणों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग करते हुए नशीले पदार्थों जैसे शराब, ब्राउन शुगर और अफीम के दुष्परिणामों पर भी प्रकाश डाला गया।

## झारक्राफ्ट क्लस्टर में मनाया गया राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस

**महुआडांड़।** जिला परिषद भवन परिसर में झारक्राफ्ट क्लस्टर द्वारा 11वां राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ मुख्य अतिथि रौशनी कुजूर, क्लस्टर मैनेजर मोहम्मद सैफ और विशिष्ट अतिथि महजर खान ने की। मोहम्मद सैफ ने कहा कि हस्तकरघा न केवल हमारी संस्कृति का प्रतीक है बल्कि देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं, रौशनी कुजूर ने बुनकरों के योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हें सम्मानित किया। बड़ी संख्या में बुनकर, कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

---

### जनसुनवाई में मनरेगा योजनाओं से जुड़े मामलों का हुआ निष्पादन

# लंबित मामलों की हुई समीक्षा, अधिकारियों की उपस्थिति में पूर्ण हुए समाधान

नवीन मेल संवाददाता



**टंडवा (चतरा)।** गुरुवार को टंडवा प्रखंड में मनरेगा योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण के तहत प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 के छह पंचायतों के लंबित मामलों के साथ ही 2023-24 और 2024-25 के अग्रसारित मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई।

जनसुनवाई के दौरान सभी मामलों की बारी-बारी से चर्चा कर निर्धारित मानकों के अनुरूप निष्पादन सुनिश्चित किया गया। इस मौके पर मनरेगा लोकपाल संगीता प्रधान, बीडीओ देवलाल उरांव, उपप्रमुख जितेन्द्र सिंह, श्रम पदाधिकारी बिनोद रवानी, मुखिया सुबेश राम, महावीर साहु, बीपीओ जितेन्द्र दांगी, कनीय अभियंता विकास यादव, रोजगार सेवक कौशल किशोर, विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि, मनरेगा कर्मी और योजनाओं के लाभुक उपस्थित थे।

---

# बनहरदी कोयला खनन परियोजना ने किया फुटबॉल किट वितरण

- दो ग्रामीण टीमों को मिला प्रोत्साहन, सामाजिक विकास की दिशा में सकारात्मक पहल

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार (चंदवा)।** सामुदायिक विकास के तहत गुरुवार को बनहरदी कोयला खनन परियोजना के द्वारा बारी गांव में फुटबॉल किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम शिव मंदिर के समीप आयोजित हुआ, जिसमें बारी गाँव के महारानी क्लब और एटे गाँव के नीलांबर-पीतांबर स्टार क्लब को किट प्रदान की गईं। इस मौके पर सीएमपी-पीवीयूएनएल के अपर महाप्रबंधक खनन एम. चंद्रशेखर, आर. बी. सिंह, अमरेश चंद्र राउल, विनेश कुमार, मनीष देवदत्त एक्का और शुभंकर मंडल उपस्थित रहे। स्थानीय मुखिया समेत ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना की।

---

# कन्या भारती ने श्रावण पूर्णिमा पर विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की

- कुकिंग विदाउट फायर में नीति गुप्ता, राखी में पलक, मेहंदी में श्रेया और सलाद प्रतियोगिता में तनिष्का रहीं अव्वल

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार बाजार में गुरुवार को श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर कन्या भारती के तत्वावधान में विविध रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छात्राओं में पारंपरिक मूल्यों की समझ और रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मेहंदी रचाओ, सलाद बनाओ, राखी बनाओ और कुकिंग विदाउट फायर जैसी प्रतियोगिताएं कराई गईं। कार्यक्रम का संचालन बालिका शिक्षा सह प्रमुख रजनी नाग के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें कक्षा 6 से 9 तक की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कुकिंग विदाउट फायर प्रतियोगिता में कक्षा नवम की नीति गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं द्वितीय स्थान पर निधि कुमारी और तृतीय स्थान पर यशस्वी रंजना पांडेय रहीं। सलाद बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनिष्का कुमारी को मिला, जबकि द्वितीय श्रेया गुप्ता और तृतीय सौम्या कुमारी रहीं।

मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में कक्षा सप्तम की श्रेया कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, अंजनी कुमारी द्वितीय और आकांक्षा कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। राखी बनाओ प्रतियोगिता में पलक भारती ने प्रथम, लक्ष्मी कुमारी ने द्वितीय और सृष्टि कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य छात्राओं को सांस्कृतिक चेतना, रचनात्मकता और नैतिक मूल्यों से जोड़ना है, जिससे वे पारंपरिक ज्ञान के साथ आधुनिक शिक्षा में संतुलन बना सकें। सभी विजेताओं को उपहार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

---


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
(अनाबद्ध मद)

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/16/2025-26

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा पंचायत चन्दवा पूर्वी के ग्राम बखारटोली पंचायत भवन से लेकर चर्च तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2434100 | 49000 | 5000 | 2 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड गारू पंचायत कारवाई के ग्राम कुई में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कुई का चाहरदीवारी निर्माण। | 1435295 | 29000 | 2500 | 1 माह |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड गारू पंचायत कारवाई के ग्राम बहेराटाड़ में आँगनबाडी केन्द्र से केश्वर सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1362900 | 27500 | 2500 | 1 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.08.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 08.08.2025 से दिनांक 14.08.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –18.08.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लातेहार

PR 359094 Rural Development(25-26).D



## प्रपत्र VI 'क'
## समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा)
## या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)
अधिसूचना संख्या 858/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 06.08.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम–डुमरिया**, थाना नं0–292, थाना–गढ़वा, अंचल–गढ़वा सदर, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **हुर मोड (गढ़वा–शाहपुर) पथ से डालटनगंज सीमा होते हुए डुमरिया डंडा तक पथ (कुल लम्बाई 19.00 कि0मी0)** का कार्य अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–डुमरिया, थाना नं0–292, थाना–गढ़वा, अंचल–गढ़वा सदर, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश– **0.070** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्त्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 46 | 660 | रैयती | | 0.012 | हरिनारायण शुक्ला, पिता–स्व0 रामेश्वर शुक्ला | रास्ता | नीज | 663 | 663 |
| 2 | 54 | 222 | रैयती | | 0.011 | विन्ध्याचल तिवारी, पिता–स्व0 बदरी तिवारी | रास्ता | नीज | 669 | 224 |
| 3 | 105 | 671 | रैयती | | 0.03 | विन्ध्याचल तिवारी, पिता–स्व0 बदरी तिवारी | रास्ता | नीज | 669 | 224 |
| 4 | 105 | 670 | रैयती | | 0.006 | विन्ध्याचल तिवारी, पिता–स्व0 बदरी तिवारी | रास्ता | नीज | 669 | 224 |
| 5 | 16 | 266 | रैयती | | 0.011 | उपेन्द्र मिश्रा, पिता–स्व0 श्रीकृष्ण मिश्रा | नीज | रास्ता | दीलिप मिश्रा | रास्ता |
| कुल :– | | | | | 0.070 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन फैजुल्लाह अंसारी, को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, (भू–अर्जन निदेशालय) राँची, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या सं0सं0–08ए0/भू0अ0नि0(अधिनियम)–129/2017/549/नि0रा, दिनांक 09.10.2018 के आलोक में यह परियोजना सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की कार्यवाही से मुक्त है।

उपायुक्त,
गढ़वा।

PR 359039 (Land Reforms) 25-26 (D)



## प्रपत्र VI 'क'
## समाहरणालय, गढ़वा
## (जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा)

या समाहर्त्ता या समुचित सरकार
प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)
अधिसूचना संख्या 857/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 06.08.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम–पतरिया**, थाना नं0–327, थाना–गढ़वा, अंचल–गढ़वा सदर, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **हुर मोड (गढ़वा–शाहपुर) पथ से डालटनगंज सीमा होते हुए डुमरिया डंडा तक पथ (कुल लम्बाई 19.00 कि0मी0)** का कार्य अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–पतरिया, थाना नं0–327, थाना–गढ़वा, अंचल–गढ़वा सदर, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश– **0.58** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्त्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 1 | 151 | रैयती | | 0.2310 | सुमेर तिवारी वगै0, पिता–स्व0 घुटन तिवारी व गोपाल तिवारी वगै0, पिता–स्व0 करीमन तिवारी व उमेश तिवारी वगै0, पिता–गिरिवर तिवारी व मनोज तिवारी वगै0, पिता–स्व0 शिव सागर तिवारी | नीज | रास्ता | रास्ता | बसंत चौबे |
| 2 | 3 | 177 | रैयती | | 0.0440 | राजेन्द्र तिवारी वगै0, पिता–रामधनी तिवारी व विष्णु तिवारी वगै0, पिता–राजेश्वर तिवारी व उत्तम तिवारी वगै0, पिता–मंदीप तिवारी | रास्ता | नीज | 452 | 169 |
| 3 | 13 | 412 | रैयती | | 0.0600 | मनोज तिवारी व प्रमोद तिवारी, पिता–स्व0 शिव सागर तिवारी | नीज | रास्ता | 404 | 413 |
| 4 | 23 | 245 | रैयती | | 0.0170 | रामवृक्ष तिवारी, पिता–स्व0 रामकर्ण तिवारी | | | | |
| 5 | 7 | 169 | रैयती | | 0.0420 | बारमति कुंवर, पति–स्व0 सुमेर तिवारी | रास्ता | नीज | 168 | 170 |
| 6 | 7 | 170 | रैयती | | 0.0450 | राजनाथ तिवारी वगै0, पिता–स्व0 राम लगन तिवारी | रास्ता | नीज | 169 | 157 |
| 7 | 7 | 170 | रैयती | | 0.0060 | रविन्द्र तिवारी वगै0, पिता–सुखदेव तिवारी व देवेन्द्र तिवारी वगै0, पिता–स्व0 राजेश्वर तिवारी व सत्येन्द्र तिवारी वगै0, पिता–स्व0 अमरदेव तिवारी | रास्ता | नीज | 169 | 157 |
| 8 | 22 | 396 | रैयती | | 0.1350 | राजेन्द्र तिवारी वगै0, पिता–रामधनी तिवारी | सुखेश तिवारी | रास्ता | नदी | अम्बिका तिवारी |
| कुल :– | | | | | 0.5800 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, (भू–अर्जन निदेशालय) राँची, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या सं0सं0–08ए0/भू0अ0नि0(अधिनियम)–129/2017/549/नि0रा, दिनांक 09.10.2018 के आलोक में यह परियोजना सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की कार्यवाही से मुक्त है।

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 359044 Land Reforms(25-26).D

## न्यूज बॉक्स

### लोहरदगा में 12 को सहायक आचार्य (गणित एवं विज्ञान) की जिला स्तरीय काउंसलिंग

**लोहरदगा।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या 13/2023 के आलोक में झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के अंतर्गत स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य ( कक्षा 6 से 8 ) गणित एवं विज्ञान विषय में सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की जिला स्तरीय काउंसलिंग का आयोजन दिनांक 12 अगस्त 2025 को किया जाएगा। यह काउंसलिंग समाहरणालय परिसर, लोहरदगा स्थित बैंक ऑफ इंडिया के सामने "अभिलाषा सभाकक्ष" में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त डॉ. कुमार ताराचंद के निर्देशानुसार कुल 19 सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची, जांच-पत्रक, दिशा-निर्देश एवं समय सारिणी जिले की आधिकारिक वेबसाइट www.lohardaga.nic.in पर उपलब्ध करा दी गई है।

### बच्चों की शिक्षा एवं सुरक्षा प्राथमिकता होगी: डीईओ

**भंडरा ।** जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास चंद्रमोलेश्वर के द्वारा गुरुवार को भंडरा के लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय पंडरिया टाना टोली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय का निरीक्षण में मासिक निरीक्षण के तहत विद्यालय के विकास के संबंध में निरीक्षण किया गया। इस क्रम में विद्यालय में छात्रों की संख्या बढ़ाने, यू डाइस शत प्रतिशत भरने , सोशल एक्टिविटी, छात्रवृति,खेलकूद सहित अन्य विषयों पर विद्यालय को विकास से संबंधित चर्चा की गई। उत्क्रमित मध्य विद्यालय टाना टोली का निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि विद्यालय का भवन जर्जर स्थिति में आ गया है. विद्यालय की स्थिति को देखते हुए सुरक्षात्मक दृष्टिकोन से उत्क्रमित मध्य विद्यालय टाना टोली को राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय पंडरिया में वैकल्पिक व्यवस्था करने की योजना बनाई जाएगी. इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय टाना टोली में अध्ययन छात्रों के अभिभावकों के साथ बैठक कर इस विषय पर निर्णय लिया जाएगा. उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय टाना टोली के छात्रों को राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय पंडरिया में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कक्ष दी जाएगी।

### विद्या मंदिर स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

# प्राचीन भारत में वैज्ञानिक मंडल का प्रयोग : सच्चिदानंद लाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन बड़े उत्साह और वैज्ञानिक उत्सुकता के साथ किया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 10 तक के भैया- बहनों ने भाग लिया और विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन किया। मां सरस्वती, भारत माता, ऊं के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ प्रदर्शनी का उद्धघाटन मुख्य अतिथि माननीय प्रांत संघ संचालक सच्चिदानंद लाल, प्रबंधकारिणि समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास , मंजू देवी, श्यामसुंदर कुमार, निर्णायक मंडली रवि रंजन उपाध्याय एवं संनोज कुमार साहू ने संयुक्त रूप से किया। मंच संचालन नीलिमा सिंह ने करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को नवाचार और वैज्ञानिक सोच को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देती है। विज्ञान प्रदर्शनी में भैया -बहनों ने पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, स्वचालित यंत्र, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जैसे विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए। विशेष रूप से कक्षा 9 के भैया-बहन द्वारा प्रस्तुत "प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन" पर आधारित मॉडल को सभी ने सराहा। बतौर मुख्य अतिथि प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल ने कहा कि प्राचीन भारत में वैज्ञानिक मंडल का प्रयोग एक महत्वपूर्ण और रोचक विषय है। वैज्ञानिक मंडल विद्वानों की परिषद शोध परिकल्पना की विधि ज्योतिषी ,गणित, रसायन से संबंधित मंडलों के रूप में समझ सकते हैं।जहां चाणक्य ,चरक ,आर्यभट्ट, वराहमिहिर, भास्कराचार्य जैसे वैज्ञानिकों और आचार्य की मंडलियां विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देती थीं। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि भारत में शुन्य का आविष्कार मानव इतिहास के सबसे महान गणितीय आविष्कारों में से एक है। विज्ञान आचार्य भौतिक शास्त्र राजीव कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करती हैं और उनके व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाती हैं। परिणाम की घोषणा रसायन शास्त्र के आचार्य श्यामसुंदर कुमार ने घोषणा की जिसमें विजेताओं को पुरस्कार दिए गए । विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की बात कही। धन्यवाद ज्ञापन मंजू देवी ने किया । शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ, डीसी ने खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड के निर्देशानुसार झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, नदिया हिन्दू, लोहरदगा में किया गया।

इस दो दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन उपायुक्त ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डीएसई सह यूडीपीओ अभिजीत कुमार, एडीपीओ मोनीदीपा बनर्जी, तथा फील्ड मैनेजर आकाश कुमार समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर-15 एवं अंडर-17 बालक वर्ग के मुकाबले आयोजित किए गए, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों की कुल 6 टीमों ने भाग लिया। उपायुक्त ने कहा कि खेल न सिर्फ अनुशासन सिखाता है, बल्कि टीम भावना और प्रतिस्पर्धात्मकता को भी बढ़ावा देता है। डीएसई अभिजीत कुमार ने खिलाड़ियों से कहा कि यह प्रतियोगिता आपकी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने का माध्यम बन सकती है। प्रतियोगिता में अंडर-15 बालक वर्ग के विजेताः +2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बिटपी, भंडरा, उपविजेताः मध्य विद्यालय, किस्को रही। अंडर-17 बालक वर्ग के विजेताः लालबहादुर शास्त्री +2 उच्च विद्यालय, भंडरा, उपविजेताः +2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बिटपी, भंडरा रही। विजेता टीमें अगस्त 2025 में राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में लोहरदगा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रतियोगिता के अगले चरण में 8 अगस्त 2025 को अंडर-17 बालिका वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा चंद्रमौलेश्वर ने विजेता टीमों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, "हॉकी हमारा राष्ट्रीय खेल है, और हमें गर्व है कि हमारी बेटियां और बेटे इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।" प्रतियोगिता को सफल बनाने में शिक्षा विभाग के गणेश लाल, जीतेंद्र मित्तल, रश्मि खेस, ओमप्रकाश रंजन, सुनील तिर्की, पंकज कुमार, उर्सला कुजूर, समेत अन्य शिक्षकों व कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जन समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा : सीओ

- **सदर अंचल के 54वें अंचलाधिकारी रामनारायण खलखो ने कार्यभार संभाला**

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** सदर अंचल के नए अंचलाधिकारी रामनारायण खलखो ने गुरुवार को कार्यभार संभाला। अंचल कार्यालय परिसर में निवर्तमान अंचलाधिकारी आशुतोष कुमार ने उन्हें कार्यभार सौंपा। कार्यभार ग्रहण के बाद रामनारायण खलखो ने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं का पारदर्शी क्रियान्वयन उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय को पूरी तरह जनोन्मुखी और उत्तरदायी बनाने की दिशा में वे लगातार काम करेंगे। जनता से सीधे संवाद, क्षेत्रीय निरीक्षण और नियमित जनसुनवाई के माध्यम से वे यह सुनिश्चित करेंगे कि समस्याएं फाइलों में न अटकी रहें, बल्कि मौके पर ही समाधान हो। रामनारायण खलखो एक अनुभवी प्रशासनिक अधिकारी हैं और इससे पूर्व पलामू जिले में कार्यरत थे, जहां उन्होंने राजस्व प्रबंधन, भूमि विवाद निपटारा और सरकारी योजनाओं के बेहतर संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई। लोहरदगा सदर अंचल के वे 54वें अंचलाधिकारी के रूप में योगदान दे रहे हैं। उनके आगमन पर अंचल कार्यालय में उत्साह का माहौल दिखा। निवर्तमान अंचलाधिकारी आशुतोष कुमार का स्थानांतरण हजारीबाग हुआ है। मौके पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने रामनारायण खलखो का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और उनके नेतृत्व में बेहतर कार्य संस्कृति की उम्मीद जताई।

### लोहरदगा में दोपहिया चालकों के लिए यातायात जागरूकता अभियान

# डीसी के निर्देश पर चला हेलमेट चेकिंग अभियान, 30 चालकों पर हुई कार्रवाई

- **जांच अभियान के दौरान ट्रैफिक इंचार्ज अपनी टीम के साथ मौके पर तैनात रहे**

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ. ताराचंद के निर्देशानुसार, जिला परिवहन पदाधिकारी जया शंखी मुर्मू के नेतृत्व में नगर क्षेत्र में यातायात नियमों को लेकर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट चल रहे लगभग 30 दोपहिया वाहन चालकों को रोका गया और उन पर चालान की कार्रवाई की गई।

जिला परिवहन अधिकारी एवं जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक ने चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन का महत्व समझाया और भविष्य में बिना हेलमेट गाड़ी न चलाने की सख्त हिदायत दी। जांच अभियान के दौरान ट्रैफिक इंचार्ज अपनी टीम के साथ मौके पर तैनात रहे। जिला परिवहन पदाधिकारी जया शंखी मुर्मू ने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि जान के लिए भी खतरा है। हमारा उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक करना है ताकि वे स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के प्रति सचेत हों। हम आगे भी ऐसे अभियान जारी रखेंगे। जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक अमृतेश्वर गिरी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा नुकसान बिना हेलमेट चालकों को होता है। आज के अभियान का उद्देश्य लोगों को हेलमेट की अनिवार्यता समझाना है। यह सिर्फ चालान की बात नहीं है, बल्कि जीवन बचाने की बात है। हम अपील करते हैं कि सभी नागरिक यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आगे भी इस तरह के औचक अभियान जारी रहेंगे और नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### कुड़ू के नए सीओ संतोष उरांव ने लिया पदभार

**लोहरदगा।** कुड़ू प्रखंड सभागार परिसर में नए अंचलाधिकारी संतोष उराँव एवं निवर्तमान अंचलाधिकारी मधुश्री मिश्रा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विदित हो कि मधुश्री मिश्रा का प्रमोशन एस डीओ रैंक में हुई है। तत्पश्चात इनका तबादला हुई है। मधुश्री मिश्रा के द्वारा कुड़ू अंचलाधिकारी एवं प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में किये कार्यो को उपस्थित लोगों ने काफी सराहा।


**कार्यालय, नगर पंचायत लातेहार।**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता हैं कि लातेहार नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण का कार्य CGLM (Clean & Green Latehar Mission) के द्वारा निम्नांकित रूट में किया जा रहा है। जो निम्नवत हैं :–

1. जिला खेल स्टेडियम, लातेहार (CGLM के Secondary Station) से बाईपास होते हुए चटनाही पेट्रोल पम्प तक के सड़क के दोनो तरफ।
2. जिला खेल स्टेडियम, लातेहार (CGLM के Secondary Station) से धर्मपुर चौक होते हुए थाना चौक तक के सड़क के दोनो तरफ।
3. जिला खेल स्टेडियम, लातेहार (CGLM के Secondary Station) से धर्मपुर चौक होते हुए ब्लॉक परिसर तक के सड़क के दोनो तरफ।

अतः सूचित किया जाता है कि उपरोक्त रूट में कचरा संग्रहण हेतु सेवा शुल्क CGLM (Clean & Green Latehar Mission) को देना है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR 359033 (Urban Development) 25-26 (D)

**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 13 वर्ष 2025–26
अनाबद्ध निधि मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 14.08.2025 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 18.08.2025 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 18.08.2025 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत पकरीपाठ में आयुष्मान अरोग्य मन्दिर पकरीपाठ में मुख्य सडक से स्वास्थ्य केन्द्र तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 6,02,900 | 12,500 | 1250 | 01 माह |
| 2 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत हामी में आयुष्मान अरोग्य मन्दिर पहुच पथ का निर्माण। | 5,59,400 | 11,500 | 1250 | 01 माह |
| 3 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत बरदौनी में आयुष्मान अरोग्य मन्दिर बदरौनी पहुच पथ तथा गार्डवाल का निर्माण। | 3,23,200 | 6,500 | 750 | 01 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **जिला अभियंता, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार

PR 359084 Rural Development(25-26)#D

**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड**
**कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा, लातेहार**
E-Mail ID:-dj-latehar@jharkhandmail.gov.in
jailsuperintendent.latehar@gmail.com
Phone No. 06565-247660

**अल्पकालीन ई0–निविदा सूचना**
**e-Tender- HJ&DM/DJ-LATEHAR/Q-4/2025/1797**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | मंडल कारा, लातेहार। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यानों, हरी सब्जियों, आलू, फल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0–निविदा का आमंत्रण। **चतुर्थ त्रैमासिक ई0 निविदा दिनांक–01.10.2025 से 31.12.2025 तक।** |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | रु. 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | दिनांक–14.08.2025 से दिनांक–23.08.2025 के अपराह्न 05.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online Upload करने की तिथि। | दिनांक–14.08.2025 से दिनांक–23.08.2025 के अपराह्न 05.00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | दिनांक–25.08.2025, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–26.08.2025 के अपराह्न 04.00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD)(Rs.-2500/–.से अधिक होने पर जमा करने की तिथि) | दिनांक–25.08.2025, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–26.08.2025 के अपराह्न 04.00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8. | निविदा खुलने की तिथि/समय/ स्थान | **दिनांक–29.08.2025, को पूर्वाह्न 11.00 बजे** अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता, लातेहार की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, लातेहार के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online Upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No.- 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0–
अधीक्षक,
मंडल कारा, लातेहार

PR 359102 (Prison)25-26*D

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
(CIN – U40108JH2013-SGC001702)
Electric Supply Circle, Garhwa
E-mail: esegarhwa@yahoo.in

**Tender Notice**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 136/PR/JBVNL/2025-26 | Repair and Maintenance of Water supply system of 33/11 KV P/S/S Garhwa I and staff quarter at Garhwa under Electric Supply Circle, Garhwa | 373000/– | (03) Three Months | 7500.00 | 885.00 (Including 18% GST ) | 28 /08 /2025 upto 03:00 PM | 28/08/2025 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Manager (F&A), Electric Supply Circle, Garhwa in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR 359133 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26)D

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Garhwa

**जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू**
**(जिला नजारत शाखा)**

**अल्पकालीन–निविदा**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम :–उपायुक्त, पलामू
2. RFP जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :–25.08.2025, 01:00 PM
3. RFP जमा करने का स्थान :–जिला नजारत शाखा, पलामू
4. RFP खोलने का स्थान :–उपायुक्त, पलामू के कार्यालय वेश्म
5. RFP खोलने का तिथि एवं समय :–25.08.2025, 03:00 PM

पलामू समाहरणालय अंतर्गत विभिन्न कार्यालय एवं शाखाओं द्वारा प्राप्त अधियाचना के आलोक में अधियाचित फर्नीचर एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों का क्रय कर अधियाचित कार्यालय एवं शाखाओं को आपूर्ति किया जाता है। निम्नांकित स्टेशनरी एवं आवश्यक अन्य सामग्रियों का आपूर्ति करने हेतु इच्छूक संस्थान / प्रतिश्ठान से दिनांक 25.08.2025 को 01:00 PM बजे तक निम्नांकित शर्तो के अधीन अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संस्थान/प्रतिष्ठान जिला नजारत शाखा, पलामू समाहरणालय परिसर, ब्लॉक–ए में अपनी निविदा जमा कर सकते हैं। Required Items

| SL.No. | Item Name | Qty | Unit |
|---|---|---|---|
| 1 | फोटो कॉपियर पेपर ए 4 साईज | 1 | 1 Packet |
| 2 | फोटो कॉपियर पेपर ए 5 साईज | 1 | 1 Packet |
| 3 | फोटो कॉपियर पेपर ए 35 साईज | 1 | 1 Packet |
| 4 | गार्ड फाईल | 1 | 1 Pcs |
| 5 | फलाईलिफ | 1 | 1 Pcs |
| 6 | फोल्डर फाईल | 1 | 1 Pcs |
| 7 | वाईटनर | 1 | 1 Pcs |
| 8 | प्रिंटर रजिस्टर | 1 | 1 Pcs |
| 9 | पेपर पिन | 1 | 1 Pcs |
| 10 | स्केच पैन | 1 | 1 Pcs |
| 11 | पेन | 1 | 1 Pcs |
| 12 | जेल पेन | 1 | 1 Pcs |
| 13 | मार्कर मोटा | 1 | 1 Pcs |
| 14 | मार्कर पतला | 1 | 1 Pcs |
| 15 | पंचिग मशीन | 1 | 1 Pcs |
| 16 | टेकुआ | 1 | 1 Pcs |
| 17 | स्टेपलर छोटा | 1 | 1 Pcs |
| 18 | स्टेपलर बड़ा | 1 | 1 Pcs |
| 19 | स्टेपलर पिन छोटा | 1 | 1 Pcs |
| 20 | स्टेपलर पिन बड़ा | 1 | 1 Pcs |
| 21 | पेपर वेट | 1 | 1 Pcs |
| 22 | वाटर स्पंच | 1 | 1 Pcs |
| 23 | लिफाफा | 1 | 1 Pcs |
| 24 | हस्ताक्षर पैड (50 पन्ने का) | 1 | 1 Pcs |
| 25 | कैंची | 1 | 1 Pcs |
| 26 | टैग | 1 | 1 Pcs |
| 27 | ताला लिंक (7 लीवर) | 1 | 1 Pcs |
| 28 | ताला गोदरेज (7 लीवर) | 1 | 1 Pcs |
| 29 | रबर स्टाम्प | 1 | 1 Pcs |
| 30 | हाई लाईटर | 1 | 1 Pcs |
| 31 | वाईटनर | 1 | 1 Pcs |
| 32 | आगत पंजी | 1 | 1 Pcs |
| 33 | निर्गत पंजी | 1 | 1 Pcs |
| 34 | वेतन नामावली पंजी | 1 | 1 Pcs |
| 35 | बिल बुल | 1 | 1 Pcs |
| 36 | चपरासी बही | 1 | 1 Pcs |
| 37 | आवंटन पंजी | 1 | 1 Pcs |
| 38 | आकस्मिक अवकाश पंजी | 1 | 1 Pcs |
| 39 | उपस्थिति पंजी | 1 | 1 Pcs |
| 40 | कैश बूक | 1 | 1 Pcs |
| 41 | गोंद 75 एम0एल0 | 1 | 1 Pcs |
| 42 | रूम फ्रेंसनर | 1 | 1 Pcs |
| 43 | ऑल आउट लिक्विड | 1 | 1 Pcs |
| 44 | हिट स्प्रे बड़ा | 1 | 1 Pcs |
| 45 | हिट स्प्रे छोटा | 1 | 1 Pcs |
| 46 | हारपिक 500 एम0एल | 1 | 1 Pcs |
| 47 | हारपिक 1000 एम0एल0 | 1 | 1 Pcs |
| 48 | मोमबती | 1 | 1 Pcs |
| 49 | तौलिया वाहन के लिए | 1 | 1 Pcs |
| 50 | तौलिया हाथ पोछने के लिए | 1 | 1 Pcs |
| 51 | सेलो टेप बड़ा | 1 | 1 Pcs |
| 52 | सेलो टेप छोटा | 1 | 1 Pcs |
| 53 | फुल छाझू | 1 | 1 Pcs |
| 54 | नारियल झाडू | 1 | 1 Pcs |
| 55 | एकरंगा कपड़ा | 1 | 1 Mit |
| 56 | सुतरी | 1 | 1 Pcs |
| 57 | एल0ई0डी0 ब्लब | 1 | 1 Pcs |
| 58 | स्केल | 1 | 1 Pcs |
| 59 | सुतली | 1 | 1 Pcs |
| 60 | कॉलबेल | 1 | 1 Pcs |

1. उपरोक्त सामग्रियों इत्यादी आपूति करने हेतु इच्छुक फर्म/संस्थान निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा शुल्क के रूप में 10000/– (दस हजार) रू0 का बैंक ड्राफ्ट (असफल संस्थान को Refundable) समर्पित करना होगा, जो उपायुक्त, पलामू के पदनाम से देय होगा।
2. इच्छुक फर्म/संस्थान को Earnest Money Deposit (EMD) के रूप में 50,000/– रू0 का डिमांड ड्राफ्ट (उपायुक्त, पलामू के पदनाम से देय) संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो असफल संस्थान को वापस कर दिया जाएगा।
3. इच्छुक फर्म/संस्थान के पास झारखण्ड राज्य में निबंधित G.S.T. No. एवं पैन कार्ड का होना अनिवार्य है।
4. फर्म/प्रतिष्ठान के काली सूची में दर्ज नहीं होने संबंधी शपथ पत्र (issued by Executive Magistrate) सलग्न करना होगा।
5. निविदादाता को निविदा के साथ अद्यतन G.S.T. Return (GSTR 3B) एवं अद्यतन आयकर रिटर्न (विर्गत तीन वर्षो का) संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. सफल निविदादाता को सामग्री का आपूर्ति इस कार्यालय को उपलब्ध कराये गये कार्यालयों की सूची के अनुरूप उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए किसी भी प्रकार का परिवहन भत्ता इस कार्यालय द्वारा देय नहीं होगा।
7. सफल फर्म/संस्थान को निर्गत कार्यादेश की तिथि से 07 दिनों के अंदर सामग्रियों का आपूर्ति पूर्ण करना अनिवार्य होगा।
8. इच्छुक फर्म /संस्थान को Technical Proposal एवं Financial Proposal अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में समर्पित करना होगा।
9. तकनीकी प्रस्ताव में सफल संस्थान का ही वित्तीय प्रस्ताव खोला जायेगा, न्यूनतम निर्वाचन दर पर।
10. RFP की स्वीकृत तथा अस्वीकृत करने एवं किसी भी शर्त को शिथिल करने का अधिकार उपायुक्त, पलामू को सुरक्षित होगा।
11. उपरोक्त सामग्रियों हेतु दर का निर्धारण GST सहित होगा।
12. भविष्य में आवश्यकता के अनुसार इस दर के अनुरूप सामान का क्रय/भुगतान किया जाएगा।

नजारत उप समाहर्त्ता पलामू | अपर समाहर्ता पलामू | उपायुक्त पलामू

PR 359073 (Palamu)25-26*D

# न्यूज बॉक्स

## आज पंचायत स्तर पर लगेंगे जागरूकता शिविर

**गुमला।** भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के निर्देशानुसार आगामी 8 अगस्त 2025 को गुमला जिले के विभिन्न पंचायतों में वित्तीय समावेशन एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को वित्तीय साक्षरता, डिजिटल लेन-देन की सुरक्षा और साइबर धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी देना है। इसके साथ-साथ बैंक खाताधारकों के लिए री-केवाईसी तथा नामांकन (नॉमिनेशन) से जुड़े कार्य भी तत्काल पूरे किए जाएंगे। शिविर में उपस्थित लोगों को ऑन-स्पॉट पंजीकरण की सुविधा भी दी जाएगी। जिला अग्रणी प्रबंधक ने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण नागरिकों, महिला समूहों एवं युवाओं से अपील की है कि वे इन शिविरों में बढ़-चढ़कर भाग लें और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। इन शिविरों के माध्यम से सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक बैंकिंग, बीमा और पेंशन की सुविधाएं पहुंचाना है।

## मोटरसाइकिल चालकों को किया गया जागरूक



**गुमला।** जिला परिवहन पदाधिकारी के निर्देशानुसार गुमला जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत थानों द्वारा बिना हेलमेट चलाते हुए पकड़े गए 25 मोटरसाइकिल चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रोड सेफ्टी काउंसलिंग आयोजित की गई। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा टीम ने बताया कि कैसे हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों का उपयोग सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली गंभीर चोटों और मृत्यु की संभावना को काफी हद तक कम कर सकता है। साथ ही चालकों को यह भी समझाया गया कि ट्रैफिक नियमों का पालन कर वे न केवल अपनी, बल्कि अन्य लोगों की जान की भी रक्षा कर सकते हैं। इस दौरान उपस्थित लोगों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई और उन्हें सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जिम्मेदार बनाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोटरयान निरीक्षक प्रदीप कुमार तिर्की, सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, और सूचना प्रौद्योगिकी सहायक मंटू रवानी मौजूद रहे।

## पीएम किसान केवाईसी व फसल बीमा पर हुई महत्वपूर्ण बैठक

**चैनपुर।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में अंचलाधिकारी दिनेश गुप्ता एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पीएम किसान केवाईसी और फसल बीमा से संबंधित कार्यों की समीक्षा करना था। बैठक में बीएओ, बीटीएम, एटीएम, वीएलडब्ल्यू, प्रज्ञा केंद्र संचालक और कृषि मित्र शामिल थे।अंचलाधिकारी दिनेश गुप्ता ने सभी को पीएम किसान केवाईसी 100% पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्य कैंप लगाकर किया जाए, ताकि कोई भी किसान छूट न जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन किसानों को जमीन से संबंधित कोई समस्या है, वे अपने हल्का कर्मचारी से मिलकर इसे ठीक कराएं। ऐसा करने से किसानों को उनके खाते में सीधे पैसा मिलने में आसानी होगी। इसके अलावा, कृषि मित्रों को लंबित केवाईसी वाले किसानों को प्रज्ञा केंद्र भेजने के लिए कहा गया है।

## खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है : अभिनव



**सिसई (गुमला)।** नवयुवक संघ मादा के द्वारा आयोजित चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि लोहरदगा सांसद के सुपुत्र सह युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव भगत, विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी, सिसई उप प्रमुख निलेश उरांव, मुखिया सुनी तिर्की शामिल हुए और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच का उदघाट्न किया। इस दौरान मुख्य अतिथि अभिनव भगत ने कहा कि गुमला जिला खेल नगरी के रूप में जाना जाता है। यहां से कई खिलाड़ी निकल कर राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का नाम रोशन कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों के अंदर छुपे हुए प्रतिभा निखर कर सामने आती है। ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है। उन्हें अच्छा प्लेटफार्म देने की जरूरत है। खिलाड़ी नशा पान से दूर रहकर अपनी कैरियर पर ध्यान दें, तो निश्चित रूप से एक दिन सफलता मिलेगी और झारखंड और देश का नाम रोशन करेंगे। फाइनल मैच मुंबई इंडियंस बनाम एमपीएल टू मादा के बीच खेला गया। जिसमें मुंबई इंडियंस 3-0 से विजेता बना। मौके पर अध्यक्ष सुशील उरांव, सचिव बंधना उरांव, विनय उरांव, उमेश उरांव, सहित आयोजन कमिटी के सदस्य उपस्थित थे।

## डकैती के मामले में फरार चल रहे आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया नोटिस

**सिसई (गुमला)।** पूसो पुलिस ने डकैती के एक मामले में वांछित आरोपी मनोज उराँव पिता चेडना उराँव, निवासी खेरा डिपाटोली, थाना पुसो, जिला गुमला के खिलाफ दण्ड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 82 के तहत उद्घोषणा की कार्रवाई की है। संबंधित आरोपी पुसो थाना कांड संख्या 06/21 दिनांक 01.07.2021 धारा 395/412 आईपीसी में लंबे समय से फरार है और न्यायालय में पेश नहीं हो रहा है। जिसपर कोर्ट ने उसे फरार घोषित करते हुए प्रोक्लमेशन नोटिस जारी कर आदेश जारी किया है कि वह 28 अगस्त 2025 तक अदालत में उपस्थित हो। पुसो पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई करते हुए उद्घोषणा की प्रक्रिया पूरी की। आरोपी के घर तथा गांव के सार्वजनिक स्थलों जैसे चौक चौराहा, पंचायत भवन आदि में उद्घोषणा का नोटिस चिपकाया और ढोल बजाकर लोगों को सूचित किया गया है कि आरोपी को न्यायालय में हाज़िर होना है। अगर आरोपी निर्धारित तिथि तक कोर्ट में पेश नहीं होता है, तो उसके खिलाफ धारा 83 सीआरपीसी के तहत कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

## पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण, सुविधाओं की कमी पर लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी

**घाघरा।** जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल द्वारा घाघरा थाना क्षेत्र के विभिन्न पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राहकों के लिए स्वच्छ शौचालय, पीने के पानी (मिनरल वाटर), मुफ्त हवा (फ्री एयर) जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता और ट्रेड लाइसेंस से जुड़े दस्तावेजों की गहन जांच की गई। श्री जायसवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक पेट्रोल पंप पर प्रदूषण जांच केंद्र की स्थापना अनिवार्य है, जिसे शीघ्र चालू किया जाना चाहिए। उन्होंने अग्निशामक यंत्रों की मौजूदगी और बाथरूम की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण चलते रहेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी पेट्रोल पंप पर आवश्यक सुविधाएं नहीं पाई गईं, तो उसका ट्रेड लाइसेंस रद्द किया जा सकता है।

## बिशुनपुर में तिरंगा यात्रा को पर भाजपा मंडल की बैठक संपन्न

**बिशुनपुर (गुमला)।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी बिशुनपुर मंडल की ओर से पेंशनर भवन, बिशुनपुर के सभागार में आगामी 15 अगस्त के अवसर पर आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जगत ठाकुर ने की। बैठक में मंडल प्रभारी भिखारी भगत, ओबीसी मोर्चा के जिला सदस्य बचन चौरसिया, महिला मोर्चा अध्यक्ष सरस्वती देवी समेत अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अल्बर्ट एक्का स्टेडियम का उपायुक्त ने निरीक्षण, कहा

# स्वतंत्रता दिवस से पूर्व सभी आवश्यक कार्य पूर्ण कर लिए जाएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारी को लेकर गुरुवार को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो एवं अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक ने स्थल का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला नजरत उप समाहर्ता ललन कुमार रजक सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने स्टेडियम परिसर की साफ-सफाई, घास कटाई, भवन की मरम्मत, रंग-रोगन एवं सजावट से जुड़ी तैयारियों का अवलोकन किया। निर्देश दिया गया कि सभी कार्य 15 अगस्त से पूर्व पूर्ण कर लिए जाएं ताकि मुख्य समारोह गरिमापूर्ण ढंग से आयोजित किया जा सके। निरीक्षण में नगर परिषद, भवन प्रमंडल, स्पेशल डिविजन सहित संबंधित विभागों की टीम शामिल रही। उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने और तैयारियों को पूरी संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न करने के निर्देश दिए।

## स्तनपान में पिता की भूमिका विषय पर जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन

**गुमला।** विश्व स्तनपान सप्ताह 2025 के अंतर्गत गुमला जिले में आज "स्तनपान में पिता की भूमिका" विषय पर आधारित जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। यह आयोजन उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार जिले के सभी पंचायत भवनों में एक साथ संपन्न हुआ। इन कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य मातृ-शिशु स्वास्थ्य को लेकर समुदाय को जागरूक बनाना और यह संदेश देना था कि स्तनपान को सफल बनाने में पिताओं की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी माताओं की। कार्यक्रम में चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं ने भाग लिया। उन्होंने प्रतिभागियों को स्तनपान के लाभ, समयबद्धता, पोषण एवं पारिवारिक सहयोग की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी।

## बीडीओ ने बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण, साफ-साफई का लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा(गुमला)।** घाघरा उपविकास आयुक्त गुमला के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी बीडीओ दिनेश कुमार ने तुसगांव अंतर्गत स्थित आदिम जनजाति आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को दी जा रही सुविधाओं का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से किया गया था। निरीक्षण के दौरान, बीडीओ ने विशेष रूप से छात्राओं के पठन-पाठन की व्यवस्था, शौचालय और पेयजल की उपलब्धता, खान-पान की गुणवत्ता, फर्नीचर की स्थिति और छात्रावास परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने छात्राओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं को भी समझने का प्रयास किया। इसके अतिरिक्त, बीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) और अंबुवा आवास योजना के तहत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण की प्रगति और गुणवत्ता की जांच की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी कार्य मानक के अनुरूप हो रहे हैं और जरूरतमंदों को समय पर आवास उपलब्ध हो सकें। इस निरीक्षण से यह स्पष्ट होता है कि जिला प्रशासन शिक्षा और आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर गंभीर है और यह सुनिश्चित करना चाहता है कि सभी सरकारी योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की जाएं।

# भरनो में कांग्रेस पार्टी ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो (गुमला)।** प्रखंड मुख्यालय ब्लॉक चौक, भरनो में कांग्रेस पार्टी की ओर से एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष आशीष नाथ शाहदेव ने की। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।
सभा के दौरान "वीर शिबू सोरेन अमर रहें" के नारों के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।
जिला महासचिव सह प्रखंड प्रभारी गंगा उरांव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की दिशोम गुरु झारखंड के महान समाज सुधारक और आदिवासी समाज के पथप्रदर्शक थे। झारखंड राज्य के गठन में उनका योगदान ऐतिहासिक रहा है। वे झारखंड आंदोलन के स्तंभ थे।"
वहीं प्रखंड अध्यक्ष आशीष नाथ शाहदेव ने कहा की झारखंड के महानायक शिबू सोरेन जी की कमी हमेशा महसूस की जाएगी। उन्होंने राजनीति में जो अमिट छाप छोड़ी है, वह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी।"
सभा में प्रमुख रूप से उपस्थित रहेः मुख्तार आलम, साबिर फरास, उमाकांत शाही, महबूब आलम सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता।

### चैनपुर में जनशिकायत निवारण दिवस का आयोजन

# 15 में से 8 शिकायतों का हुआ समाधान

**नवीन मेल संवाददाता**



**चैनपुर।** प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय चैनपुर में आज बीडीओ यादव और अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता की अगुवाई में जनशिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 8 का तुरंत निपटारा किया गया। जनशिकायत निवारण दिवस पर विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए,पेंशन संबंधीः 2, राशन कार्ड संबंधीः 2, जन्म प्रमाण पत्र संबंधीः 1, पंजी-2 सुधार संबंधीः 4, मकान क्षति का मुआवजाः 5,फसल क्षति का मुआवजाः 1कुल प्राप्त 15 आवेदनों में से 8 शिकायतों का मौके पर ही त्वरित समाधान कर दिया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड और अंचल के कई कर्मी भी मौजूद थे, जिन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और उनके निवारण में सहयोग किया।

## झारखण्ड सरकार
## राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
## (भू–अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना
### (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **मौजा–कसपुर, थाना–भण्डरा, थाना न0–235, अंचल–भण्डरा जिला–लोहरदगा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना "लोहरदगा जिला अन्तर्गत लोहरदगा नदिया मोड़ से ईरगाँव भाया अरकोसा–रामपुर पथ (लं0–10.59 कि0मी0) एवं ईरगाँव से भण्डरा पथ (लं0–8.66 कि0मी0) कुल लं0 19.25 कि0मी0 चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य " हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत् नियुक्ति पदाधिकारी प्रशासन के रूप में नियुक्ति किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **मौजा–कसपुर, थाना–भण्डरा, थाना न0–235, अंचल–भण्डरा जिला–लोहरदगा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **1.326** एकड़ यानि **0.536613** हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है........

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 58 | 536 | रैयती | टाड़ दो | 0.024 | अकलू पिता रईसन व कोतेया पिता सोमा व गुन्दवा पाहन पिता लीटीया पाहन वगैरह | हाटी | 535 | अंश 536 | 535 |
| 2 | 77 | 549 | रैयती | दोन दो | 0.045 | टीमवू उरांव पिता जीतू उरांव व माधो उरांव पिता चमरा उरांव वगैरह | 548 | 550 | 550 | 548 |
| 3 | 155 | 620 | रैयती | टाड़ दो | 0.072 | एतवा उरांव पिता लूयूरू उरांव व भाकर उरांव पिता लूयूरू उरांव | 550 | 600 | अंश 620 | 599 |
| 4 | 68 | 603 | रैयती | टाड़ दो | 0.013 | जीत राम उराँव , पिता–सोमे उराँव, जाति– उराँव | 600 | 1046 | अंश 603 | 602 |
| 5 | 206 | 1038 | रैयती | टाड़ दो | 0.009 | रिझा उरांव पिता लोहरा पाहन वो एतवा पाहन पिता बन्धना पाहन वगैरह | 1046 | अंष 1038 | 1037 | 1046 |
| 6 | 206 | 1037 | रैयती | टाड़ दो | 0.080 | रिझा उरांव पिता लोहरा पाहन वो एतवा पाहन पिता बन्धना पाहन वगैरह | 1046 | 1036 | अंश 1037 | 1049 |
| 7 | 206 | 1036 | रैयती | टाड़ दो | 0.004 | रिझा उरांव पिता लोहरा पाहन वो एतवा पाहन पिता बन्धना पाहन वगैरह | 1037 | 1060 | अंश 1036 | 1051 |
| 8 | 58 | 534 | रैयती | टाड़ दो | 0.005 | अकलू पिता रईसन व कोतेया पिता सोमा व गुन्दवा पाहन पिता लीटीया पाहन वगैरह | हाटी | 535 | 535 | अंश 534 |
| 9 | 141 | 1049 | रैयती | दोन दो | 0.056 | करमा उरांव पिता पोती उरांव व धमा उरांव पिता मधु उरांव वगैरह | 1046 | 1051 | 1037 | अंश 1049 |
| 10 | 141 | 1051 | रैयती | दोन दो | 0.058 | करमा उरांव पिता पोती उरांव व धमा उरांव पिता मधु उरांव वगैरह | 1049 | 1060 | 1050 | अंश 1051 |
| 11 | 105 | 1066 | रैयती | दोन दो | 0.069 | धमरू उरांव पिता जोटवा उरांव व परनू उरांव पिता महना उरांव वगैरह | 1087 | 1081 | अंश 1066 | अंश 1066 |
| 12 | 105 | 1081 | रैयती | दोन दो | 0.084 | धमरू उरांव पिता जोटवा उरांव व परनू उरांव पिता महना उरांव वगैरह | 1066 | 1080 | अंश 1081 | अंश 1081 |
| 13 | 141 | 1082 | रैयती | टाड़ दो | 0.002 | करमा उरांव पिता पोती उरांव व धमा उरांव पिता मधु उरांव वगैरह | 1081 | 1083 | 1081 | 1081 |
| 14 | 141 | 1083 | रैयती | दोन दो | 0.058 | करमा उरांव पिता पोती उरांव व धमा उरांव पिता मधु उरांव वगैरह | 1081 | 1095 | अंश 1083 | 1080 |
| 15 | 174 | 1099 | रैयती | टाड़ दो | 0.118 | माडू उरांव पिता चीनुआ उरांव | 1095 | 1098 | अंश 1095 | 1095 |
| 16 | 107 | 1102 | रैयती | टाड़ दो | 0.009 | ऐतवा उरांव पिता पैरो उरांव व गोपाला उरांव पिता पैरो उरांव वगैरह | 1103 | 1112 | अंश 1102 | 1104 |
| 17 | 107 | 1188 | रैयती | टाड़ दो | 0.099 | ऐतवा उरांव पिता पैरो उरांव व गोपाला उरांव पिता पैरो उरांव वगैरह | रास्ता | 1187 | अंश 1188 | रास्ता |
| 18 | 86 | 1098 | रैयती | टाड़ दो | 0.070 | चीड़ा उरांव पिता जेरगू उरांव व दुगा उरांव पिता जेरगू उरांव वगैरह | 1099 | 1105 | 1103 | अंश 1198 |
| 19 | 105 | 1162 | रैयती | टाड़ दो | 0.008 | धमरू उरांव पिता जोटवा उरांव व परनू उरांव पिता महना उरांव वगैरह | रास्ता | अंश 1162 | 1164 | 1161 |
| 20 | 174 | 1164 | रैयती | टाड़ दो | 0.037 | माडू उरांव पिता चीनुआ उरांव | 1163 | अंश 1164 | 1163 | अंश 1164 |
| 21 | 275 | 1167 | रैयती | टाड़ दो | 0.080 | वोधन महतो पिता चमरा महतो व होमरा पिता चमरा महतो | रास्ता | अंश 1167 | रास्ता | अंश 1167 |
| 22 | 275 | 1168 | रैयती | टाड़ दो | 0.094 | वोधन महतो पिता चमरा महतो व होमरा पिता चमरा महतो | 1167 | 1186 | रास्ता | अंश 1168 |
| 23 | 228 | 1186 | रैयती | टाड़ दो | 0.135 | लोहारा उरांव पिता रतनु उरांव वो छोटेया उरांव पिता गेन्दुरा उरांव वगैरह | 1168 | 1187 | रास्ता | अंश 1186 |
| 24 | 19 | 1185 | रैयती | टाड़ दो | 0.097 | गन्दुर उरांव पिता घुड़ीया उरांव व मंगरा उरांव पिता घुड़ीया उरांव वगैरह | 1186 | भण्डरा | 1187 | अंश 1185 |
| कुल रकबा :– | | | | | 1.326 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा 11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यवधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त,
लोहरदगा

PR 359047 Lohardaga(25-26)#D

## समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा)
## या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)
### प्रपत्र VI 'क'
### अधिसूचना संख्या 854/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 06.08.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम–मध्या**, थाना–गढ़वा, थाना नं0–333, अंचल–गढ़वा, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **हुर मोड (गढ़वा–शाहपुर) पथ से डालटनगंज सीमा होते हुए डुमरिया डंडा तक पथ (कुल लम्बाई 19.00 कि0मी0)** का कार्य हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–मध्या, थाना–गढ़वा, थाना नं0–333, अंचल–गढ़वा सदर, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश– **1.013** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 53 | 1107 | रैयती | | 0.050 | जनार्धन तिवारी व नरेश तिवारी व कृष्णा तिवारी, पिता–स्व0 आत्मादेव तिवारी व पुनम कुंवर, पति–स्व0 निवास तिवारी | रास्ता | नीज | 111 | 1106 |
| 2 | 53 | 1107 | रैयती | | 0.050 | नन्कु तिवारी व जितेन्द्र तिवारी व धर्मेन्द्र तिवारी व सत्येन्द्र तिवारी, पिता–स्व0 अवधेश तिवारी व लली चौबे, पिता–मोहन चौबे | रास्ता | नीज | 111 | 1106 |
| 3 | 53 | 1107 | रैयती | | 0.050 | जय प्रकाश तिवारी व रामजोर तिवारी, पिता–स्व0 हरिहर तिवारी | रास्ता | नीज | 111 | 1106 |
| 4 | 53 | 1107 | रैयती | | 0.150 | शिवनाथ तिवारी व रघुनाथ तिवारी, पिता–स्व0 भगवत तिवारी | रास्ता | नीज | 111 | 1106 |
| 5 | 96 | 1051 | रैयती | | 0.099 | सुखदेव चौबे व व्यास चौबे व जय प्रकाश चौबे व दयानन्द चौबे, पिता–स्व0 नारद चौबे | नीज | रास्ता | रास्ता | 1054 |
| 6 | 96 | 1051 | रैयती | | 0.020 | मालती कुंवर, पति–स्व0 महेन्द्र चौबे व अरूण चौबे, पिता–स्व0 श्रीनाम चौबे | नीज | रास्ता | रास्ता | 1054 |
| 7 | 36 | 301 | रैयती | | 0.013 | सरस्वती देवी, पति–स्व0 मटर चौधरी | नीज | रास्ता | मदन साव | चाठील चौधरी |
| 8 | 58 | 302 | रैयती | | 0.020 | दिनेश साव व उदय साव, पिता–स्व0 मदन साव | नीज | रास्ता | श्रवण साव | मटर चौधरी |
| 9 | 58 | 302 | रैयती | | 0.012 | श्रवण साव, पिता–स्व0 खखनु साव | नीज | रास्ता | श्रवण साव | मटर चौधरी |
| 10 | 58 | 302 | रैयती | | 0.010 | राजेश कुमार साह, पिता–नागेन्द्र साव | नीज | रास्ता | श्रवण साव | मटर चौधरी |
| 11 | 58 | 302 | रैयती | | 0.010 | बब्लू साव व अकलेश साव, पिता–स्व0 नारायण साव | नीज | रास्ता | श्रवण साव | मटर चौधरी |
| 12 | 29 | 303 | रैयती | | 0.031 | श्री दूखन चौधरी, पिता–स्व0 महादेव चौधरी | नीज | रास्ता | चन्द्रीका चौधरी | बब्लू साव |
| 13 | 29 | 303 | रैयती | | 0.030 | चन्द्रिका चौधरी, पिता–स्व0 महादेव चौधरी | नीज | रास्ता | चन्द्रीका चौधरी | बब्लू साव |
| 14 | 148 | 1042 | रैयती | | 0.042 | भरत चौबे वगै0, पिता–स्व0 वितन चौबे व निकलेश चौबे वगै0, पिता–स्व0 सोना चौबे | नीज | रास्ता | निखिलेश चौबे | हरिचरण साव |
| 15 | 55 | 1048 | रैयती | | 0.025 | गंगा प्रसाद चौधरी, पिता–स्व0 सुखडू चौधरी | नीज | रास्ता | 1047 | 303 |
| 16 | 55 | 1048 | रैयती | | 0.025 | शंभू चौधरी वो नन्दलाल चौधरी, पिता–स्व0 गिरवर चौधरी | नीज | रास्ता | 1047 | 303 |
| 17 | 55 | 1048 | रैयती | | 0.013 | जीतू चौधरी, पिता–अवधेश चौधरी | नीज | रास्ता | 1047 | 303 |
| 18 | 55 | 1048 | रैयती | | 0.012 | मनोज चौधरी, पिता–स्व0 बुधन चौधरी | नीज | रास्ता | 1047 | 303 |
| 19 | 31 | 1047 | रैयती | | 0.092 | माया देवी, पति–भरत चौबे | नीज | रास्ता | नदी | मनोज चौधरी |
| 20 | 139 | 724 | रैयती | | 0.025 | फुलवारी | | | | |
| 21 | 203 | 703 | रैयती | | 0.050 | नागेन्द्र चौबे वगै0, पिता–स्व0 मनमोहन चौबे | नीज | रास्ता | 702 | 704 |
| 22 | 203 | 703 | रैयती | | 0.016 | देवराज चौबे वगै0, पिता–स्व0 सुदामा चौबे | नीज | रास्ता | उर्मिला कुंवर | 704 |
| 23 | 203 | 707 | रैयती | | 0.020 | देवराज चौबे वगै0, पिता–स्व0 सुदामा चौबे | नीज | रास्ता | उर्मिला कुंवर | 704 |
| 24 | 203 | 687 | रैयती | | 0.010 | देवराज चौबे वगै0, पिता–स्व0 सुदामा चौबे | नीज | रास्ता | उर्मिला कुंवर | 704 |
| 25 | 203 | 688 | रैयती | | 0.010 | देवराज चौबे वगै0, पिता–स्व0 सुदामा चौबे | नीज | रास्ता | उर्मिला कुंवर | 704 |
| 26 | 132 | 685 | रैयती | | 0.018 | उर्मिला कुंवर, पति–स्व0 बुटन चौधरी | नीज | रास्ता | रास्ता | नीज |
| 27 | 124 | 840 | रैयती | | 0.008 | दुर्याधन चौबे, पिता–स्व0 परमेश्वर चौबे | रास्ता | नीज | रास्ता | गौरी चौबे |
| 28 | 154 | 580 | रैयती | | 0.028 | अरूण चौबे, पिता–स्व0 श्रीनाथ चौबे व मालती कुंवर, पति–स्व0 महेन्द्र चौबे | संतोष चौबे | विजय चौबे | नीज | रास्ता |
| 29 | 321 | 927 | रैयती | | 0.014 | प्रेमशंकर चौबे, पिता–स्व0 विनोद चौबे | रास्ता | नीज | 923 | 928 |
| 30 | 53 | 1096 | रैयती | | 0.050 | राम करेश तिवारी व कमेश तिवारी व अरविन्द तिवारी व कमख्या नारायण तिवारी, पिता–स्व0 गुप्तेश्वर तिवारी व पुनम देवी, पति–स्व0 श्याम किशोर तिवारी | शिवनाथ तिवारी | सिवाना मूरका | रास्ता | नीज |
| 31 | 96 | 935 | रैयती | | 0.010 | बृज मोहन चौबे, पिता–स्व0 जिव बोधन चौबे | दुर्याधन चौबे | रास्ता | नीज | रास्ता |
| कुल :– | | | | | 1.013 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन फैजुल्लाह अंसारी, को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, (भू–अर्जन निदेशालय) राँची, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या सं0सं0–08ए0/भू0अ0नि0(अधिनियम)–129/2017/549/नि0रा, दिनांक 09.10.2018 के आलोक में यह परियोजना सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की कार्यवाही से मुक्त है।

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 359042 (Land Reforms)25-26*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

यह एक प्रसिद्ध प्राचीन कहावत है, जिसे गुरजिएफ ने अपने काम में महत्वपूर्ण माना। उनका मानना था कि मनुष्य को अपनी वास्तविक प्रकृति को समझने के लिए खुद का अध्ययन करना चाहिए। - जॉर्ज गुरजिएफ


## संपादकीय

# प्रकृति का कोप या हमारी अदूरदर्शिता

पांच अगस्त को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर हर्षिल के निकट धराली में खीरगंगा में आई भीषण बाढ़ ने अपार जनधन को हानि पहुंचाई है। वैज्ञानिकों ने भागीरथी के इस जलागम क्षेत्र को बहुत संवेदनशील माना है, जहां पर कोई भी गतिविधि करने से पहले काफी विचार करने की जरूरत है, क्योंकि यहां पर बाढ़ और भूस्खलन का बहुत पुराना इतिहास है। 1750 में भी यहां पर 14 किमी लंबी झील बनी थी, जिसमें तीन गांवों का अस्तित्व मिट गया था। 6 अगस्त, 1978 को डबराणी स्थित कनोडिया गाड़ में बाढ़ से भागीरथी में बड़ी झील बनी थी। उस समय उत्तरकाशी शहर को खाली करवाना पड़ा था। तब बाढ़ से नुकसान इसलिए भी कम होता था कि नदी के किनारे लोगों ने अपने घर नहीं बनाए थे। नदी के बहाव को भी नहीं रोका गया था। अब बाढ़ से सबसे अधिक नुकसान नदियों के निकट बनी बस्तियों को हो रहा है। 2017-18 में भी खीरगंगा का जलस्तर बढ़ने से धराली गांव के घरों में मलबा जमा हो गया था। 2023 में भूस्खलन से कई दिनों तक गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग बंद रहा था। 2010-11 और 2012-13 में भी भागीरथी और इसकी सहायक अस्सीगंगा में बाढ़ आई, जिसमें दर्जनों लोगों की जान चली गई थी। धराली के पीछे की खड़ी पहाड़ी से आ रही खीरगंगा की जानलेवा आपदा को वर्ष 2021 में गौरादेवी के रैणी के बगल से बह रही है ऋषि गंगा की आपदा से भी जोड़ा जा रहा है, जहां ग्लेशियर झील टूटने से भीषण बाढ़ आई थी, तब वहां 203 लोगों की मौत हुई थी। खीर गंगा भी 12 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित श्रीकंठ पर्वत के ग्लेशियर से आती है, जिसमें डेढ़ बजे दिन में आए सैलाब ने धराली गांव के होटल और बस्ती को मलबे में तब्दील कर दिया था। भागीरथी की इस सहायक नदी में आई बाढ़ के बारे में कहा जा रहा है कि यदि यहां बादल फटता, तो जल सैलाब के बाद घंटों तक पानी बहता रहता, लेकिन उसने तुरंत ही महाविनाश की जो स्थिति पैदा की उसके बाद बाढ़ जैसी स्थिति निरंतर नहीं बनी। वैज्ञानिक शोध के अनुसार, धराली के ऊपर पहाड़ी से ग्लेशियर के रूप में एकत्रित मलबे के खिसकने के रूप में भी माना जा रहा है। इन सबके बावजूद भी कोई सबक नहीं लिया गया। यहां पर अंधाधुंध पर्यटन के नाम पर जो दर्जनों बस्तियां खड़ी हुई हैं। वे सभी भागीरथी में मिलने वाले दर्जनों ग्लेशियर के गाड़ गदेरों के निकट ही बसी हैं। यहां बेतरतीब निर्माण कार्य जैसे बहुमंजिला इमारतें, बड़े पैमाने पर वनों का विनाश, निर्माण के लिए बड़ी-बड़ी जेसीबी और पोकलैंड मशीनों के उपयोग ने हिमालय की रीढ़ को हिलाकर कमजोर कर दिया है। गंगोत्री में भी सुरक्षा के नाम पर इसी तरह की स्थिति है। बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कंचन नाला, पागल नाला, पापड़ी धार, पीपलकोटी आदि संवेदनशील जोन बने हुए हैं। बदरीनाथ मास्टर प्लान का भी लोगों ने विरोध किया है। हेलंग-उर्गम मोटर मार्ग बार-बार बंद होता रहता है। ज्योर्तिमठ के पास निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजना के चारों तरफ भूस्खलन हो रहा है। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी भारी जनधन की हानि जून के महीने में हो चुकी है। उत्तराखंड के लिए भी सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय महत्व रखता है, जिसमें हिमाचल प्रदेश की पारिस्थितिकी असंतुलन पर चिंता जताते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि हालात नहीं बदले, तो हिमाचल विलुप्त हो सकता है।

*2010-11 और 2012-13 में भी भागीरथी और इसकी सहायक अस्सीगंगा में बाढ़ आई, जिसमें दर्जनों लोगों की जान चली गई थी। धराली के पीछे की खड़ी पहाड़ी से आ रही खीरगंगा की जानलेवा आपदा को वर्ष 2021 में गौरादेवी के रैणी के बगल से बह रही है।*

# पृथ्वी का प्राण है प्रेम का प्रदीप



जीवन की तीन घटनाएं अहम हैं। जन्म आरंभ है, मृत्यु है अंत। प्रेम है इसका मध्य। प्रकृति में इस जन्म और मृत्यु के बीच जो प्रतिध्वनि हैं, जो ऊर्जा है और जो प्रकाश है। वह प्रेम है। प्रेम रसायन है। प्रकृति का वह आकर्षण, पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण और ईश्वर का वह ग्रेस है। प्रेम का विस्तार करुणा है, खुशी है, उत्कृष्टता है, आरोहण है। यह समय और स्थान को छूता है, जोड़ता है और जीवन को ऊध्र्व करता है। यह रसायन नहीं है तो जीवन मृत्यु है। मृत्यु जीवन का अंत नहीं है, प्रेम का परिसमाप्ति अंत है। प्रेम का विरोध विछोह है, ईर्ष्या है, क्रोध है, भूख है और कामना है। जीवन का आगमन ही प्रेम की यात्रा है। जब हम प्रेम से वंचित होते हैं तो रोग पैदा होते हैं। जीवन में एक चिड़चिड़ाहट और एक क्रोध की सतत धारा बहती है। अल्बर्ट आइंस्टीन अपने पुत्री लिसेर्ल को एक पत्र में कहते है कि यह अत्यंत शक्तिशाली शक्ति है, जिसका अभी तक विज्ञान कोई औपचारिक स्पष्टीकरण नहीं खोज पाया है। यह एक ऐसी शक्ति है जो सभी को शामिल करती है और नियंत्रित करती है, और यहाँ तक कि ब्रह्मांड में संचालित होने वाली किसी भी घटना के पीछे भी यही शक्ति हैं।

विश्व के महानतम साहित्यकार खलील जिब्रान ने एक किताब लिखी है- प्रोफेट यानी पैगंबर। विश्व की सृजन संसार में इसका इतनी अहमियत क्यों है ? इस किताब में वह कहते है कि प्रेम वह शक्ति सब कुछ समझाती है और जीवन को अर्थ देती है। यदि हम चाहते हैं कि हमारी प्रजाति जीवित रहे, यदि हमें जीवन में अर्थ खोजना है, यदि हम विश्व और इसमें निवास करने वाले प्रत्येक संवेदनशील प्राणी को बचाना चाहते हैं, तो प्रेम ही एकमात्र उत्तर है। इस किताब पर ओशो ने कहा है कि द प्रोफेट केवल इसलिए सुंदर है क्योंकि यह जरथुस्त्र की प्रतिध्वनि है।खलील जिब्रान ने अपनी उत्कृष्ट कृति द प्रोफेट तब लिखी थी जब वह केवल अठारह वर्ष का थे। 1923 में प्रकाशित होने के बाद से, द प्रोफेट कभी भी प्रिंट से बाहर नहीं हुआ। इस सदाबहार क्लासिक का 50 से ज्यादा भाषाओं में अनुवाद किया जा चुका है। गैर-धार्मिक पुस्तकों में शेक्सपीयर और लाओत्सु के बाद सबसे ज्यादा इस किताब को दुनिया में पढ़ा गया है। माना जाता है कि इसकी करोड़ों प्रतियाँ बिक चुकी हैं। बीटल्स, ज ॉन एफ कैनेडी और इंदिरा गांधी उन लोगों में से हैं जो इसके शब्दों से प्रभावित हुए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट में इसी अहमियत पर कहा है कि यह पुस्तक लोगों के जीवन के विभिन्न चरणों में उनसे बात करने का एक तरीका है। इसमें एक जादुई गुण है, जितना अधिक आप इसे पढ़ेंगे उतना ही आप इसके शब्दों को समझ पाएंगे।

आज की बात



**डॉ मयंक मुरारी**

जीवन में जो भी सत्य है, सुंदर है, उसे कहना सदा ही कठिन होता है। और प्रेम से ज्यादा न तो कुछ और सत्य ही है, न सुंदर ही। इरीन जोलियट-क्यूरी प्रसिद्ध वैज्ञानिक मैरी क्यूरी की बेटी थी। विश्व इतिहास में मां-बेटी के रूप में नोबेल पुरस्कार जीतीं। मैडम क्यूरी की तरह उनका भी विकरण के प्रभाव के कारण मृत्यु हुआ। माता के विकरण के प्रभाव और रोजाना मृत्यु के नजदीक जाते देखते हुए भी इरीन विज्ञान के प्रति अपनी ललक को कम नहीं होने दिया। वह कहती है कि यह प्रेम की शक्ति थी, जो मुझे विज्ञान के प्रति समर्पित रखा। प्रेम अद्भुत रसायन है, जिसके बारे में प्रोफेट में कहा गया है कि यह हर चीज का केंद्र है। जिब्रान अपने विचारों को काव्यात्मक निबंधों के रूप में व्यक्त करते हैं। वह जीवन और मृत्यु, प्रेम, धर्म और अध्यात्मवाद के बारे में इतने गहन तरीके से बात करते हैं कि यह हमारी आत्माओं में गहराई से उतर जाएगा। वह कहते है कि " सुंदरता अनंत काल है जो दर्पण में खुद को निहारता है। लेकिन आप अनंत काल हैं और आप दर्पण हैं।

द प्रोफेट काव्य निबंधों का एक संग्रह है जो दार्शनिक, आध्यात्मिक और सबसे बढ़कर प्रेरणादायक है। जिब्रान के चिंतन को अट्ठाईस अध्यायों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रेम, विवाह, बच्चे, देना, खाना-पीना, काम, खुशी और दुख, आवास, कपड़े, खरीदना और बेचना, अपराध और सजा, कानून, स्वतंत्रता, कारण और जुनून, दर्द, आत्म-ज्ञान, शिक्षण, दोस्ती, बातचीत, समय, अच्छाई और बुराई, प्रार्थना, आनंद, सौंदर्य, धर्म और मृत्यु जैसे व्यापक विषयों को शामिल किया गया है। यह छोटी सी किताब इतनी सच्चाई बयां करती है कि अगर इसे उस दिन पढ़ा जाए, जिस दिन हमें लगे कि आज मरना है। यह अकेलेपन और एकांत के बारे में बात करती है लेकिन यह उनका महिमामंडन नहीं करती है।

यह प्रेम के बारे में उस तरह से समझाता है जैसा हम नफरत के बारे में महसूस करते हैं लेकिन यह इसकी वास्तविकता है। प्रेम की खुद को पूरा करने के अलावा और कोई इच्छा नहीं होती। लेकिन अगर आप प्रेम करते हैं और आपकी इच्छाएं भी हैं, तो इन्हें अपनी इच्छाएं बनने दें। पिघल जाना और एक बहती हुई नदी की तरह हो जाना जो रात में अपनी धुन गाती है, अत्यधिक कोमलता के दर्द को जानना। प्रेम की अपनी समझ से घायल होना और स्वेच्छा से और खुशी से खून बहाना। एक पंख वाले दिल के साथ भोर में जागना और प्यार के एक और दिन के लिए धन्यवाद देना। दोपहर के समय आराम करना और प्रेम के परमानंद का ध्यान करना। खलील जिब्रान की किताब उन सभी लोगों के लिए है जो जीवन के संस्थागत दृष्टिकोण से बाहर निकलने के लिए तैयार हैं, जिसमें दुनिया के लोग खुद को पाते हैं। आज साहित्य जगत की भी एक परिधि है, जिससे बाहर रहना गलत माना जाता है। ऐसे में प्रोफेट की हर पंक्ति एक सहज और व्यावहारिक उद्घोषणा है जो हम सभी के मन में इस बारे में है कि जीवन को किस तरह जिया जा सकता है और किस तरह जिया जाना चाहिए। मैंने विवाह के बारे में एक उद्धरण सुना है जो दो पेड़ों की तरह है जो एक दूसरे के पास खड़े हैं और उनके बीच थोड़ी सी जगह है ताकि हवा (भगवान) उनके बीच आ सके।

भारतीय चिंतन में कहा गया है कि अक्षर ब्रह्म है। इस किताब में हरएक शब्द का महत्व है। उसका एक गूढ़ अर्थ है। शब्द और उसके भाव मिलकर क्रिया और कर्म को ऐसे चित्रित करते हैं, जैसे कि उसे होना चाहिए। वह शब्दों की क्रियाशीलता के साथ जीवन के आरोहण की यात्रा कराते है, जिसमें ज्ञान होता है, आध्यात्मिकता एकता की बात होती है और उत्थान के पथ का संकेत मिलता है। इसके उद्धरण विशेष रूप से पसंद है जो अपनी शैली और तीक्ष्णता के साथ शब्दों को प्राणवान बनाता है। एक जगह कहा गया है कि- आत्मा एक रेखा पर नहीं चलती है, न ही यह ईख की तरह बढ़ती है। आत्मा खुद को प्रकट करती है, असंख्य पंखुड़ियों वाले कमल की तरह। किताब एक बार में व्यक्तिगत तो कभी आध्यात्मिक विकास की बात करती है लेकिन खलिल जिब्रान की किताबें एक साथ जीने और सीखने की कला सीखाती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# 'परिवर्तन प्रगति की सांस है'

परिवर्तन उस सवेरे की पहली किरण की तरह है, जो चाहे बादलों में छिप जाए, पर हर दिन आती है। यह नदी के प्रवाह की तरह है—रुक जाए तो सड़ांध पैदा होती है, बहता रहे तो जीवन को सिंचता है। प्रकृति हमें हर पल यही सिखाती है कि "सदा एक समान रहना संभव नहीं।" ऋतुओं का चक्र हो या पेड़ पर पत्तों का झरना—सब हमें याद दिलाते हैं कि परिवर्तन ही स्थायी है। चार्ल्स डार्विन का प्राकृतिक चयन सिद्धांत (Origin of Species, 1859) स्पष्ट करता है कि "जो समय के अनुसार ढलता है, वही जीवित रहता है।" यानी, जीवन वही है जो बदलता है; ठहराव, मृत्यु का दूसरा नाम है। मुझे हमेशा लगता है, प्रकृति ने जीवो को पैर इसलिए दिए ताकि वह खड़ा न रहे— रेंगता रहे, चलता रहे , भागता रहे । पर हम हैं कि अक्सर वहीं खड़े रह जाते हैं। हम सोचते हैं कि ऊपर से कुछ मलहम लगाकर सब बदल जाएगा। लेकिन सच्चाई यह है कि पुदीना के पत्ते पर हल्दी का लेप देने से वो सोना नहीं बन जाता। असली बदलाव भीतर से आता है, ऊपर से चिपकाई गई परतों से नहीं। भारत की आध्यात्मिक चेतना भी इसी नियम पर टिकी है। गौतम बुद्ध ने कहा—"सभी संस्कार अनित्य हैं।" उन्होंने जीवन को "जागृति का सतत् प्रयास" माना। जब कपिलवस्तु के महल में वे सुरक्षित जीवन जी सकते थे, तब भी वे निकले—सत्य की खोज में। यह बताता है कि आत्म-जागरण तभी संभव है जब मनुष्य अपने भीतर परिवर्तन को जगह दे। बुद्ध का यह निर्णय वैसा ही था जैसे अभी कोई अमीरजादा अचानक अपनी एसी कार छोड़ कर पैदल निकल पड़े ( यहाँ निर्धनता में रहते हुए धन त्याग की बात निरर्थक है , धन सम्पति रहते हुए उसका त्याग कर स्वयं की खोज में निकलना दुर्लभ देखा जाता है ) महात्मा गांधी भी परिवर्तन की जीती-जागती मिसाल हैं। उनकी आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग' इसका प्रमाण है। उन्होंने लिखा—"मैंने जीवन को प्रयोगशाला बनाया और अपनी गलतियों को स्वीकार किया।" अर्थात् गांधी के लिए जीवन एक निरंतर संशोधन की प्रक्रिया था। दक्षिण अफ्रीका में अन्याय का अनुभव, भारत में किसानों की पीड़ा—इन सबने उनके विचार बदले और उन्होंने सत्याग्रह और अहिंसा को गढ़ा। सच कहूँ, अगर गांधी अपने विचार बदलने को तैयार न होते तो शायद वे भी 'एक और नेता' बन कर रह जाते, 'महात्मा' नहीं। इतिहास में कई ऐसे उदाहरण हैं जहाँ विचारधारा का बदलाव युगांतकारी साबित हुआ। अकबर शुरुआत में अन्य मुग़ल शासकों की तरह कठोर और कुछ हद तक असहिष्णु था।

देश की बात



**बोधार्थी रौनक**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# चड्डी का रंग तलाशते समाजवाद के लिए नारी के अपमान में छुपा हुआ है वोटबैंक का फॉर्मूला

कथावाचक अनिरूद्धाचार्य, संत प्रेमानंद जी महाराज और घटना, तथ्य, अनुभव , पश्चाताप, आत्मनिरीक्षण जैसे शाश्वत तथ्यों के बहाने देश के समाजवादी कुनबे से महिलाओं के अपमान की बातें फिर से सामने आ रही हैं। इज्जत, आबरू और स्वाभिमान के मोल पर वोटबैंक के नाजायज सौदे की यह पीड़ा बहुत बड़ी है जबकि सनातनी संतों के प्रति दुराग्रह की अवधारणा को मजबूती देने वाले क्रांति के प्रतीक लाल टोपी के अंदर से महिलाओं की चड्डी के आपत्तिजनक उपहास का एक और एपिसोड सामने आ रहा है। वैसे तो आपत्ति की यह सूची काफी लंबी है क्योंकि हमारे समाजवादियों के लिए आपत्ति की परिभाषा कुछ अलग ही रही है। नमूने के तौर पर राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदुर की उस चर्चा को ले सकते हैं जब समाजवादी पार्टी की एक नामचीन महिला सांसद "उनके शक्ल की ओर" देखने की जोरदार अपील करती नजर आई। यह अपील जिस नामदार शक्ल के श्रीमुख से जुड़ा हुआ है वह खुद जाने अनजाने एक सेल्फी के जुर्म में जनजाति समाज से आने वाले झारखंड के एक सांसद को कभी सरेआम बेइज्जत कर चुकी हैं। ऐसे असंख्य उदाहरणों के बीच शक्ल के समाजवादी चिंतन के लिए यह कोई अंतिम अंदाज नहीं है। यदि यह एक सामान्य सी बात होती तो संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाते समय इस सेलिब्रिटी सुहागन के माथे पर चुटकी भर सिंदूर का श्रृंगार जरुर होता। ऐसा कुछ भी नहीं था क्योंकि इस शक्ल के पीछे समाजवाद का वह विकृत चेहरा सक्रिय था जिसके लेकर स्थापना काल से ही ऐसे सवाल उठाए जा रहे हैं। दिलचस्प तौर पर यह संस्मरण तबतक अधूरा है जबतक पार्टी में कभी नंबर दो की हैसियत रखने वाले आजम खां के योगदान की चर्चा न की जाए। तब समाजवादी पार्टी में फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा का शक्ल एक बड़े चेहरे के तौर पर प्रतिष्ठित था और इस प्रतिष्ठित महिला नेत्री की प्रतिष्ठा पर समाजवाद का रंग चढ़ते ही मोहम्मद आजम खां साहब का एक बड़ा कारनामा सामने आ गया। दुनिया देखती रह गई और न केवल जयाप्रदा के चड्डी पर से पर्दा उठता चला गया बल्कि चड्डी का रंग भी समाजवादियों के एजेंडे में शामिल होता गया। तब अखिलेश साहब का खून खौलना चाहिए था परन्तु यह संभव नहीं था क्योंकि शक्ल और चेहरे के जद्दोजहद में फंसे लाल टोपी का खून खौलने के लिए मानों बना ही नहीं है। वस्तुतः इनके लिए टोपी के लाल रंग और खून के सुर्ख रंग में अंतर है और यह सब कुछ उस वोट बैंक के दायरे में सिमटा हुआ है जिसकी कीमत धर्मपत्नी की इज्जत, आबरू और स्वाभिमान से भी बड़ा है। वोट बैंक की इस बेचारगी का नतीजा यह भी कि समाजवाद के जिस चेहरे को कभी श्री राम मंदिर व अयोध्या जाने का फुर्सत न मिल सका वह सपा सांसद मोहिबुल्ला नदवी के साथ दिल्ली की उस मस्जिद में अपनी धर्मपत्नी को लेकर चले गए जहाँ महिलाओं के लिए हिजाब या बुर्के की बंदिशों के पालन की अपेक्षा की जाती है। इस बैठक में क्या कुछ हासिल हुआ यह स्पष्ट नहीं हो सका है परन्तु जो तस्वीर सामने आई उसके अनुसार डिंपल यादव साड़ी पहनकर उसी शालीन अंदाज में थी जैसा वह हमेशा रहा करती हैं। अब जैसे ही डिंपल की एक तस्वीर मस्जिद से बाहर आई वैसे ही अखिलेश के नजरों के सामने ही डिंपल यादव को अपमान का पात्र बना दिया गया और पूरी दुनिया को डिंपल यादव की पीठ दिखने लगी, कपड़े आपत्तिजनक बन गए व मस्जिद में डिंपल का नंगापन भी दिखने लगा। निसंदेह यह सबकुछ उस भारतीय महिला का चीरहरण था जिसे भारतीय संस्कृति में दूर्गा का अवतार माना जाता है परन्तु अखिलेश की बेचारगी को दूर्गा के इस चेहरे से मानों कोई लेना देना ही नहीं है। यदि कुछ होता तो मुलायम सिंह यादव, शिवपाल यादव व रामगोपाल यादव की बहू, अखिलेश यादव की पत्नी व धर्मेंद्र यादव, अक्षय यादव, आदित्य यादव जैसे शूरवीरों की दुलारी सी भाभी के साथ अहीर रेजिमेंट का हुंकार भरने वाले तथाकथित योद्धाओं की लाल टोपी में असंवेदनशीलता का नंगापन कतई नजर नहीं आता। चेहरा और शक्ल की इस व्यथा का यह समापन भी नहीं है क्योंकि किसी मौलाना की गंदी जुबान से बड़े घर की बहू, सांसद व हमारी दूर्गा के लिए निकले ओछे शब्दों की पटकथा का अभी पटाक्षेप नहीं हुआ है। आज न कल उन्हें यह जवाब देना ही होगा कि क्या यह सबकुछ हमारी आधी आबादी के आत्मसम्मान से जुड़ा हुआ मामला नहीं है और क्या धृतराष्ट्र के सामने द्रौपदी के चीरहरण की घटना से कमतर है? हमारी संस्कृति में महाभारत को द्रौपदी के चीरहरण का पटाक्षेप माना जाता है।

आपकी बात



**केदारनाथ दास**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

बुद्धि नष्ट जब हो गयी, कहाँ संधि, सद्भाव?
त्रेता में लेकर गया, अंगद भी प्रस्ताव।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# वाहनों की गति निर्धारित हो

दिन ये खबरें विचलित करती हैं जब पूरे के पूरे परिवार सड़क दुर्घटनाओं की भेंट चढ़ गए।देश में जब तेजी से हाई-वे बने तो लगा कि अब आम आदमी की यात्रा सुगम व सुरक्षित होगी। तब सफर में लोगों के घंटों बचने लगे। यात्रियों के पेट्रोल व डीजल की खपत कम हुई। विडंबना यह है कि कालांतर वाहनों की गति सीमाएं तोड़ने लगी। बेलगाम गति दुर्घटनाओं का सबब बनी। निस्संदेह, जब व्यक्ति निर्धारित सीमा से अधिक की गति से वाहन चलाता है तो विषम परिस्थितियों में अचानक ब्रेक लगाना ही पड़ता है। ऐसे में पीछे से नियंत्रित गति में चलने वाले वाहन चालक भी सड़क दुर्घटनाओं की चपेट में आ जाते हैं। अकसर बेकसूर लोग दूसरों की गलती की कीमत चुकाते हैं।

ऐसी ही दुर्घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में सुप्रीम कोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला आया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि हाई-वे पर कोई वाहन चालक अचानक ब्रेक लगाता है तो दुर्घटना की स्थिति में इसे लापरवाही माना जाएगा। अदालत ने माना कि हाई-वे पर वाहनों का तेज गति से चलना स्वाभाविक है, लेकिन यदि कोई चालक अचानक वाहन रोकता है तो उसकी जिम्मेदारी बनती है कि वह ब्रेक मारने से पहले पीछे आने वाले वाहन चालकों को चेतावनी या कोई संकेत दे। उल्लेखनीय है कि यह फैसला वर्ष 2017 में कोयंबटूर में एक इंजीनियरिंग छात्र के साथ हुए हादसे के बाबत आया है, जिसमें उसे अपनी टांग गंवानी पड़ी। दरअसल, उसकी मोटरसाइकिल अचानक रोकी गई एक कार से टकरा गई थी। इस टक्कर में उसके नीचे गिरने पर पीछे से आ रही बस ने उसके पैर को कुचल डाला। कोर्ट ने कार चालक की इस दलील को तार्किक नहीं माना कि उसे पत्नी के अस्वस्थ होने के कारण कार अचानक रोकनी पड़ी। अदालत का मानना था कि उसने भले ही किसी भी परिस्थिति में कार रोकी,लेकिन उसे पीछे से आने वाले वाहन चालकों को संकेत या चेतावनी जरूर देनी चाहिए थी, ताकि इस हादसे को टाला जा सकता। अदालत ने कहा कि यदि इस मामले में आधी गलती कार चालक की है तो बीस-बीस फीसदी गलती अपील करने वाले व बस चालक की भी है। कोर्ट ने अपील करने वाले को अगले वाहन से पर्याप्त दूरी न रखने व लाइसेंस न होने का दोषी माना। फलतः उसके मुआवजे में बीस फीसदी की कटौती की। दरअसल, हाई-वे पर होने वाले तमाम हादसों में वाहनों की निर्धारित सीमा से अधिक गति को मुख्य कारण बताया जा रहा है।

'हाई-वे रोड सेफ्टी रिपोर्ट 2021' के अनुसार दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि राजमार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं में 74 फीसदी हादसे वाहनों की निर्धारित गति सीमा से अधिक पर वाहन चलाने की वजह से होते हैं। जिसके चलते राजमार्गों में सुरक्षा मानकों को ताक पर रख दिया जाता है। निस्संदेह, हमने यूरोपीय स्टाइल के हाई-वे तो बना दिए मगर चालकों को नियम-कानूनों के पालन के लिये जागरूक नहीं कर पाये। यही वजह है कि दुर्भाग्य से देश की सड़कों में हर तीन मिनट में एक बेगुनाह व्यक्ति की मौत हो जाती है। जाहिर है, दोष सड़कों का नहीं बल्कि चालकों के व्यवहार में अराजकता का है। जरूरी है कि वाहन चालकों को नियमों का पालन करने तथा गति सीमा नियंत्रित रखने हेतु प्रेरित किया जाए। तभी दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क दुर्घटनाओं के लिये निरापद बन सकेगा। निस्संदेह, सड़क निर्माण में भी कई बार तकनीकी खामियां पायी जाती हैं। पदयात्रियों व जानवरों के हाई-वे पर आ जाने से वाहन चालकों को ब्रेक लगाने को मजबूर होना पड़ता है। कोर्ट के निर्देश के अनुरूप ही पीछे आने वाले वाहन चालकों को इसका संकेत देना जरूरी है। साथ ही तकनीकी व गुणवत्ता की दृष्टि से दोषपूर्ण सड़क बनाने वालों की जवाबदेही भी तय करना जरूरी है। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट ने नजीर का फैसला दिया है, जो वाहन चालकों की जवाबदेही सुनिश्चित करता है। साथ ही पीछे आने वाले वाहन चालकों को आगे के वाहन से सुरक्षित दूरी बनाकर चलना होगा, ताकि अचानक ब्रेक लगने की स्थिति में वे खुद का और पीछे आने वाले वाहनों का बचाव कर सकें।

अलग बात



**राकेश दुबे**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 400 वर्ष प्राचीन शिवालय में महादेव की सेवा में रत रहते हैं दर्जनों नाग

**एजेंसी। उन्नाव**

भोलेनाथ को प्रिय सावन माह समाप्त होने जा रहा है। इस माह में महादेव का दर्शन-पूजन विशेष फलदायी माना जाता है। देश भर में ऐसे कई प्राचीन मंदिर हैं, जिनकी कथा सुनकर देवाधिदेव पर भक्तों की श्रद्धा और भी बढ़ जाती है। ऐसा ही एक बोधेश्वर महादेव का मंदिर है, जो उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में स्थित है। बांगरमऊ क्षेत्र में कल्याणी नदी के तट पर स्थित बोधेश्वर महादेव मंदिर आस्था और चमत्कार का संगम है। करीब 400 साल पुराना यह मंदिर न केवल प्राचीन स्थापत्य कला के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि पंचमुखी शिवलिंग और इसके चारों ओर विचरण करने वाले दर्जनों सांपों के लिए भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस शिवलिंग के स्पर्श मात्र से गंभीर रोगों से मुक्ति मिलती है, जिसके चलते सावन के महीने में यहां भक्तों की भीड़ उमड़ती है। पुरातत्वविदों का मानना है कि मंदिर के आसपास का 3 एकड़ का टीला किसी प्राचीन बस्ती का अवशेष है, जो पांच सदी पहले किसी आपदा में नष्ट हो गई थी। बोधेश्वर महादेव मंदिर का न केवल धार्मिक, बल्कि ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व भी है। सावन, महाशिवरात्रि, शिवरात्रि के अलावा अन्य दिनों में भी बोधेश्वर महादेव के दर्शन को भक्तों का तांता लगता है।




## पंचमुखी शिवलिंग विलुप्त पत्थर की अद्भुत रचना

मंदिर के गर्भगृह में स्थापित पंचमुखी शिवलिंग अपने आप में एक रहस्य है। पुरातत्व विशेषज्ञों के अनुसार, यह शिवलिंग उस दुर्लभ पत्थर से बना है, जो 400 साल पहले विलुप्त हो चुका था। इस पत्थर की खासियत और महादेव के पांच मुखों की अनूठी संरचना इसे विशेष बनाती है। मंदिर में नंदी और नौ ग्रहों की मूर्तियां भी स्थापित हैं, जिन पर 15वीं शताब्दी की उत्कृष्ट पाषाण कला का नमूना देखने को मिलता है।स्थानीय लोगों का मानना है कि इस शिवलिंग के दर्शन और स्पर्श से न केवल शारीरिक रोग, बल्कि मानसिक समस्याएं भी दूर हो जाती हैं। बोधेश्वर महादेव मंदिर की एक और विशेषता है, यहां रात में आने वाले काले सांप। स्थानीय लोगों का मानना है कि शिवालय में अर्धरात्रि में दर्जनों सांप मंदिर में प्रवेश करते हैं और पंचमुखी शिवलिंग को स्पर्श कर जंगल में लौट जाते हैं।कई भक्तों ने दावा किया है कि उन्होंने शिवलिंग पर सांपों के जोड़े को लिपटे देखा है। यह दृश्य न केवल रहस्यमयी है, बल्कि भक्तों की आस्था को गहरा करता है। मान्यता है कि सांप भगवान शिव के गण हैं, जो उनकी सेवा में रत रहते हैं।मंदिर से जुड़ी एक पौराणिक कथा के अनुसार, राज नेवल के राजा को भगवान शिव ने स्वप्न में पंचमुखी शिवलिंग, नंदी और नौ ग्रहों की स्थापना का आदेश दिया था। जब प्रतिमाएं रथ पर लाई जा रही थीं, तब राजधानी के प्रवेश द्वार पर रथ जमीन में धंस गया। लाख कोशिशों के बावजूद रथ नहीं निकला, जिसके बाद राजा ने उसी स्थान पर मंदिर बनवाकर प्रतिमाओं को स्थापित करवाया।

### राहुल गांधी के आरोपों पर फडणवीस का पलटवार

# झूठ बोलकर अपनी हार छिपाने की कर रहे कोशिश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने पलटवार किया है। फडणवीस ने कहा कि न तो महाराष्ट्र में और न ही देश के किसी अन्य हिस्से में वोटों की चोरी हुई है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि राहुल गांधी बस झूठ बोल रहे हैं और जनता का जनादेश चुरा रहे हैं। उनके आंकड़े भी बदलते रहते हैं। पिछली बार उन्होंने कहा था कि महाराष्ट्र में 75 लाख वोट बढ़े हैं। अब वह कह रहे हैं कि एक करोड़ वोट बढ़े हैं। वह झूठ बोलकर अपनी हार छिपाने की कोशिश कर रहे हैं।

कांग्रेस नेता पर तंज कसते हुए फडणवीस ने कहा कि वह जानते हैं कि भविष्य में भी उनकी हार होगी...वह देश की संवैधानिक संस्थाओं की छवि खराब कर रहे हैं...मैं इसकी निंदा करता हूं और जनता उन्हें आने वाले चुनावों में सबक सिखाएगी। इससे पहले राहुल गांधी ने कर्नाटक के एक विधानसभा क्षेत्र का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर धांधली करके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को फायदा पहुंचाया गया। उन्होंने 'वोट चोरी' शीर्षक से संवाददाताओं के समक्ष कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सूची के आंकड़ों की प्रस्तुति दी और धांधली का दावा किया।



- **राहुल गांधी पर झूठ बोलने का आरोप :** फडणवीस ने कहा-"न महाराष्ट्र में वोट चोरी हुई, न देश में। राहुल गांधी झूठ बोल रहे हैं।"
- **बदलते आंकड़ों पर निशाना :** उन्होंने कहा कि पहले राहुल ने 75 लाख वोट बढ़ने की बात कही थी, अब एक करोड़ कह रहे हैं।
- **संवैधानिक संस्थाओं की छवि बिगाड़ने का आरोप :** फडणवीस ने कहा-"वह संवैधानिक संस्थाओं की छवि खराब कर रहे हैं, यह निंदनीय है।

राहुल गांधी ने कहा कि ''चुनाव धांधली'' के सबूत एकत्र करने में कुल छह महीने का समय लगा है। उन्होंने दावा किया कि निर्वाचन आयोग मतदाता सूचियों को 'मशीन के पढ़ने योग्य' (मशीन रीडेबल) डेटा उपलब्ध नहीं करा रहा है ताकि ये सब पकड़ा नहीं जा सके। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी टीम ने बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र के डेटा का विश्लेषण किया और फिर गड़बड़ी का पता किया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में छह में पिछड़ गई, लेकिन महादेवपुरा में उसे एकतरफा वोट मिला।

राहुल गांधी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के बाद महाराष्ट्र में पांच महीनों के भीतर इतने मतदाताओं के नाम जोड़ दिए गए, जो पहले पांच साल की अवधि में नहीं जोड़े गए थे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के दौरान एक करोड़ मतदाता बढ़ गए। हम निर्वाचन आयोग के पास गए...हमने पूरी निश्चितता के साथ यह कहा कि महाराष्ट्र में चुनाव की चोरी की गई। उनके अनुसार, निर्वाचन आयोग ने 'मशीन से पढ़ने योग्य' (मशीन रीडबल) मतदाता सूची देने से इनकार कर दिया। राहुल गांधी ने कहा कि पहले हमारे पास इसका सबूत नहीं था कि भाजपा के साथ मिलकर धांधली की जा रही है...इसके बाद हमने इसका पता लगाने का फैसला किया।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले लाल किले पर तलाशी में दो कारतूस बरामद

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस समारोह से ठीक एक हफ़्ते पहले नई दिल्ली के लाल किले में की गई तलाशी के दौरान दो पुराने कारतूस बरामद हुए हैं। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना भाषण देंगे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दोनों कारतूस क्षतिग्रस्त प्रतीत हो रहे हैं और उन्हें फ़ोरेंसिक जाँच के लिए भेज दिया गया है। इसके अलावा, एक सर्किट बोर्ड भी मिला है, जो पुराना प्रतीत होता है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

**आवश्यक सूचना।**
**(नोटिस)**

नाम–(1) दिनेश कुजुर, पिता–रामलखन उरांव, सा0–विश्रामपुर, टोला–गौरेयाबाखर, थाना–रंका, जिला–गढ़वा राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप रंका थाना कांड सं0–15/2023 दिनांक–03.02.2023 धारा–406, 420, 120बी0, भा0द0वि0 के अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, श्रीमती अनुलिका कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा के द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–29.07.2025 को आपके घर पर दो स्वतंत्र गवाहों के समक्ष इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार चल रहे है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप अविलंब माननीय न्यायालय, श्रीमती अनुलिका कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा राज्य– झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पन करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 359092 (Police) 25-26 (D)

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

तरहसी थाना कांड सं0–81/2021 दिनांक–29.09.2021, धारा–25(1–ए)26 /35 आर्म्स एक्ट तथा 17 सी0एल0ए0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त शशिकान्त जी उर्फ सुदेश जी उर्फ आरिफ जी पिता हिरा सिंह सा0–केदल, थाना–मनातू जिला–पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, (पांकी) लेस्लीगंज :– 9523355003
थाना प्रभारी, तरहसी :– 9430774070

PR 359079 Police(25-26)D

पुलिस अधीक्षक पलामू।


### एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग का बड़ा दावा

# ड्राफ्ट मतदाता सूची पर किसी दल ने नहीं दर्ज कराई कोई आपत्ति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने गुरुवार को कहा कि बिहार में मतदाता सूची के मसौदे के संबंध में किसी भी राजनीतिक दल द्वारा एक भी दावा या आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि बिहार की अंतिम मतदाता सूची में किसी भी पात्र मतदाता को न तो छोड़ा जाएगा और न ही किसी अपात्र मतदाता को शामिल किया जाएगा। आयोग ने 1 अगस्त को प्रकाशित बिहार की मतदाता सूची के मसौदे में किसी भी त्रुटि को सुधारने के लिए दावे और आपत्तियाँ प्रस्तुत करने की अपील की है। हालांकि, बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर एक दैनिक बुलेटिन में, चुनाव आयोग ने कहा कि उसे आज तक मसौदा सूची के संबंध में मतदाताओं से सीधे 5,015 दावे और आपत्तियाँ प्राप्त हुई हैं। 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के नए मतदाताओं से प्राप्त फॉर्म 27,517 हैं। नियमों के अनुसार, दावों और आपत्तियों का निपटारा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ/एईआरओ) द्वारा 7 दिनों की समाप्ति के बाद किया जाना है।

एसआईआर के आदेशों के अनुसार, 1 अगस्त को प्रकाशित मसौदा सूची से किसी भी नाम को ईआरओ/एईआरओ द्वारा जांच करने और निष्पक्ष और उचित अवसर दिए जाने के बाद स्पष्ट आदेश पारित किए बिना नहीं हटाया जा सकता है। बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) ने राजनीतिक विवाद को जन्म दे दिया है। विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक ने आरोप लगाया है कि इस पुनरीक्षण प्रक्रिया से बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए जा सकते हैं। वे इस साल के मानसून सत्र की शुरुआत से ही बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर संसद में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव आयोग से एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की नई अर्जी पर 9 अगस्त तक जवाब दाखिल करने को कहा, जिसमें एसआईआर अभियान के बाद बिहार की मसौदा मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए 65 लाख मतदाताओं के आंकड़ों का खुलासा करने की मांग की गई है। एक गैर सरकारी संगठन की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष इस मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि इस बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं दी गई है कि कौन मर चुका है और कौन स्थायी रूप से पलायन कर गया है।




- **5015 दावे-आपत्तियाँ सीधे मतदाताओं से :** मतदाताओं की ओर से 5,015 दावे और आपत्तियाँ दर्ज करवाई गईं।
- **नए मतदाताओं के 27,517 फॉर्म प्राप्त :** 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के मतदाताओं से 27,517 नए पंजीकरण फॉर्म मिले।
- **दावों का निपटारा 7 दिन बाद :** ईआरओ/एईआरओ सभी दावों का निपटारा 7 दिनों की अवधि समाप्त होने के बाद करेंगे।

### एसआईआर पर जारी है विपक्ष का हंगामा

## लोकसभा में मणिपुर संबंधित दो बिल पास

- **बिहार एसआईआर पर विपक्ष का संसद में जोरदार विरोध :** विपक्षी इंडिया ब्लॉक ने विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) पर चर्चा की माँग को लेकर हंगामा किया।
- **सरकार ने चर्चा से किया इनकार :** केंद्र ने कहा कि मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए चर्चा नहीं होगी।

**एजेंसी। बिहार**

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी इंडिया ब्लॉक के हंगामे के बीच गुरुवार को लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही फिर से शुरू हुई। हालाँकि, केंद्र सरकार ने यह कहते हुए इस मांग को खारिज कर दिया कि मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। बावजूद इसके विपक्ष का हंगामा जारी रहा। विपक्षी सदस्यों द्वारा लगातार विरोध व्यवधान के बाद लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में भी ठीक ऐसी ही स्थिति रही। यहां भी विपक्ष के हंगामे के बाद कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

### राज्यसभा की कार्यवाही

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण बृहस्पतिवार को राज्यसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बज कर तीस मिनट पर दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे की वजह से सदन में आज भी शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो पाया। हालांकि एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे बैठक शुरू होने पर विपक्ष के हंगामे के बीच ही पोत परिवहन विधेयक, 2025 को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई। उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने तटीय पोत परिवहन विधेयक 2025 को चर्चा एवं पारित करने के लिए पेश किया। इसी बीच विपक्षी सदस्यों ने एसआईआर के मुद्दे पर हंगामा शुरू कर दिया। पीठासीन अध्यक्ष घनश्याम तिवाड़ी ने विधेयक पर बोलने के लिए जब सदस्यों के नाम पुकारे तो सत्ता पक्ष के सदस्यों ने ही अपनी बात रखी। सदन के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आसन की अनुमति से कहा कि आज देश जिन समस्याओं का सामना कर रहा है।

# हमारी नागरिकता छीनने की कोशिश कर रही डबल इंजन सरकार

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की भाजपा की माँग के बाद, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को डबल इंजन वाली सरकार पर राज्य के लोगों की नागरिकता छीनने की कोशिश करने का आरोप लगाया। झारग्राम में जनता को संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा कि मैं सोच रही हूँ, क्या हम वाकई आज़ाद हैं? मुझे उम्मीद है कि हमारी नागरिकता नहीं छीनी जाएगी। कृपया हमें इससे वंचित न करें। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि 'डबल इंजन वाली सरकार' नागरिकों को रोहिंग्या बताकर उन्हें हिरासत में लेने और उन्हें वापस बांग्लादेश भेजने की कोशिश कर रही है। उन्होंने जन कल्याण पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय बार-बार अदालत जाने के लिए भाजपा की भी आलोचना की। बनर्जी ने कहा कि डबल इंजन वाली सरकार हमारी नागरिकता छीनने, हमें रोहिंग्या कहकर हिरासत में लेने और हमें वापस बांग्लादेश भेजने की कोशिश कर रही है। भाजपा हमेशा अदालत जाती है। मेरे पास 1912 का एक दस रुपये का नोट है, और वह बंगाली में लिखा है। फिर भी वे दावा करते हैं कि बंगाली भाषा है ही नहीं।

इससे पहले, भाजपा सांसद और बंगाल प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने बंगाल की मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर उन्हें लगता है कि वे अवैध वोटों की मदद से जीत जाएँगी, तो यह उनकी गलतफहमी है। भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य ने एएनआई से कहा कि उन्हें विरोध करने दीजिए। ममता बनर्जी की मांग है कि मरने वालों के नाम क्यों हटाए जाएँ। अगर उन्हें लगता है कि बांग्लादेशियों, जिहादियों, रोहिंग्याओं, अवैध प्रवासियों और अवैध मतदाताओं की मदद से वह चौथी बार सत्ता में आ सकती हैं, तो उनकी यह गलतफहमी है। उन्होंने आगे कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर मुख्यमंत्री की आपत्तियाँ संवैधानिक संस्थाओं पर हमला है। उन्होंने आगे कहा कि भारत की जनता एक संवैधानिक संस्था पर इस तरह के हमले को कैसे बर्दाश्त करेगी? ममता बनर्जी को जो भी कहना है, उन्हें सुप्रीम कोर्ट जाकर बताना चाहिए... यह सरकार इस बार जाएगी। एक दिन पहले, ममता बनर्जी ने झारग्राम में एक विरोध मार्च निकाला और भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषी

- **जनता से अपील :** झारग्राम में जनसभा में ममता ने कहा, "क्या हम वाकई आज़ाद हैं? कृपया हमारी नागरिकता न छीनें।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

तरहसी थाना कांड सं0–12/2020 दिनांक–08.02.2020 धारा–414 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त शशिकांत शर्मा, पिता–स्व0 विनोद मिस्त्री, साकिन–कोरियाडीह, थाना–तरहसी जिला–पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, (पांकी) लेस्लीगंज :– 9523355003
थाना प्रभारी, तरहसी :– 9430774070

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 359077 (Police)25-26*D

## कार्यालयः– जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति, लातेहार, झारखण्ड

**आम सूचना**

नगर पंचायत लातेहार में शहरी स्वास्थ्य सहिया का चयन विभागीय मार्गदर्शिका के आलोक में निम्नांकित विवरणी अनुसार किया जाना है:–

| क्रम | दिनांक | दिवस | नगर पंचायत | वार्ड सं0 | स्थान | समय | चयन का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11.08.2025 | सोमवार | लातेहार | 01 | करकट मुस्लिम मुहल्ला | 11:00 बजे पूर्वाह्न | आंगनबाड़ी केन्द्र |
| 2 | 11.08.2025 | सोमवार | लातेहार | 01 | करकट कुसमाटाँड़ | 2:00 बजे अपराह्न | आंगनबाड़ी केन्द्र |
| 3 | 12.08.2025 | मंगलवार | लातेहार | 02 | बानपुर एवं अम्वाटीकर, खेरवार टोला | 11:00 बजे पूर्वाह्न | सामुदायिक भवन |
| 4 | 12.08.2025 | मंगलवार | लातेहार | 02 | बानपुर बाजार | 2:00 बजे अपराह्न | अटल क्लिनिक |
| 5 | 13.08.2025 | बुधवार | लातेहार | 03 | भुईयां टोली | 11:00 बजे पूर्वाह्न | समुदायिक भवन, गांधी कॉलेज |
| 6 | 13.08.2025 | बुधवार | लातेहार | 03 | मिशन हाता | 2:00 बजे अपराह्न | आंगनबाड़ी केन्द्र |

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार

PR 359062 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)#D

## जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू
पलामू समाहरणालय, मेदिनीनगर– 822101
दूरभाष सं0–06562–222621 ई–मेल :– Palamau.MDM@gmail .com

**–: आवश्यक सूचना :–**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या 13/2023 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय में स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य कक्षा 06–08 के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की जिला स्तरीय काउंसिलिंग हेतु सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रांची के ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025, ज्ञापांक 1504 दिनांक 31.07.2025 एवं निदेशक (प्रा0शि0) के पत्रांक 1159 दिनांक 04.08.2025 के आलोक में कक्षा 06 से 08 (गणित एवं विज्ञान) संबंधित कुल 142 अनुशंसित अभ्यर्थियों का सूची प्राप्त हुआ है जिनका काउंसिलिंग दिनांक 13.08.2025 को पूर्वाह्न 09:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक **जिला स्कूल मेदिनीनगर के सभागार** में आयोजित की जायेगी।

उक्त विभागीय निदेशानुसार स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य कक्षा 06 से 08 के पद पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों की सूची (नाम एवं अनुशंसा) को अधिकारिक वेबसाइट **www.palamu.nic.in** पर दिनांक 07.08.2025 को अपलोड किया गया है, संबंधित अभ्यर्थियों के संबंध में कॉउसिलिंग का स्थान **जिला स्कूल मेदिनीनगर के सभागार** में निर्धारित की जाती है। काउंसिलिंग हेतु सभी जानकारी/शर्ते जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.palamu.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
पलामू

PR 359066 District(25-26)#D

## अमेरिकी सैन्य अड्डे पर फायरिंग, पांच घायल, हमला करने वाला सैनिक हिरासत में



**जॉर्जिया।** स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जॉर्जिया के फोर्ट स्टीवर्ट सैन्य अड्डे पर अपने कार्यस्थल पर कथित तौर पर गोलीबारी करने वाले सेना के सार्जेंट को हिरासत में ले लिया गया। इस फायरिंग में उसके पांच साथी घायल हो गए थे। अधिकारियों ने संदिग्ध की पहचान 28 वर्षीय सार्जेंट क्वोर्नेलियस सेमेंट्रियो रेडफोर्ड के रूप में की है, जिसे गोलीबारी के कुछ ही पल बाद आस-पास के सैनिकों ने काबू कर लिया था। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, तीसरे इन्फैंट्री डिवीजन के कमांडिंग जनरल, ब्रिगेडियर जनरल जॉन लुबास ने बुधवार (स्थानीय समय) को कहा कि रेडफोर्ड ने हमले के दौरान एक निजी पिस्तौल का इस्तेमाल किया था।

## केन्या के नैरोबी में मिलिट्री हेलिकॉप्टर क्रैश, कई लोगों के हताहत होने की आशंका

**केन्या ।** केन्या के नैरोबी में गुरुवार को एक छोटा मिलिट्री हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। आशंका जताई गई है कि इस हादसे में कई लोग घायल हुए हैं, हालांकि अभी तक हताहतों के बारे में कोई खबर नहीं दी गई है। पुलिस ने कहा कि वे अभी इस बारे में कोई डिटेल जानकारी नहीं दे सकते। सेना ने भी इस मामले पर कोई बयान जारी नहीं किया है। हादसे की वजहों का पता लगाने के लिए जांच शुरू हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक केन्या एविएशन अथॉरिटी जल्द ही इस पर एक बयान जारी कर सकती है।

## पाकिस्तान आर्मी चीफ मुनीर इस हफ्ते अमेरिका जाएंगे, दो महीने में दूसरा वॉशिंगटन दौरा

**करांची ।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर इस हफ्ते अमेरिका के दौरे पर जाएंगे। वह सेंटकॉम (सेंट्रल कमांड) के नए प्रमुख की नियुक्ति समारोह में शामिल होंगे। यह दो महीने में उनकी अमेरिका की दूसरी यात्रा होगी। इससे पहले वे 14 जून को वॉशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में शामिल हुए थे। इसके अलावा मुनीर ने राष्ट्रपति ट्रंप के साथ व्हाइट हाउस में दो घंटे की लंच मीटिंग की थी। यह बैठक बंद कमरे में हुई थी। यह पहली बार था जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की। मुनीर ने ट्रंप को मई में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का क्रेडिट दिया था।

# सूडान ने किया अपने ही देश के एयरपोर्ट पर बड़ा हवाई हमला...

## भाड़े के 40 कोलंबियाई लड़ाके ढेर



**एजेंसी । काहिरा**

सूडान की सेना ने दारफुर क्षेत्र में स्थित हवाई अड्डे को एयरस्ट्राइक में निशाना बनाया है। दावा है कि यह कुख्यात अर्धसैनिक समूहों के नियंत्रण में था। इस हमले में एक संदिग्ध अमीराती सैन्य विमान को नष्ट कर दिया गया और 40 संदिग्ध भाड़े के सैनिक मारे गए। यह जानकारी सूडानी अधिकारियों और एक विद्रोही सलाहकार ने गुरुवार को दी। सूडान के अनुसार बुधवार को नयाला हवाई अड्डे पर किए गए इस हमले में कम से कम 40 कोलंबियाई भाड़े के लड़ाकों की मौत हुई। साथ ही हथियारों और उपकरणों की एक खेप नष्ट हो गई, जिसे संयुक्त अरब अमीरात द्वारा रैपिड सपोर्ट फोर्सेस को भेजा गया था। दो सूडानी सैन्य अधिकारियों और RSF से जुड़े एक विद्रोही नेता के सलाहकार ने यह जानकारी दी।

वहीं, सूडान में यह संघर्ष अप्रैल 2023 से जारी है। यहां की राजधानी खार्तूम और अन्य क्षेत्रों में सूडानी सेना और आरएसएफ के बीच घातक झड़पें चल रही हैं। यह अब एक पूर्ण गृहयुद्ध का रूप ले चुकी हैं। इसमें अब तक दसियों हजार लोगों की जान जा चुकी है। इसके अलावा 1.4 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं। इससे देश का बड़ा हिस्सा अकाल की कगार पर पहुंच चुका है। इस युद्ध में नरसंहार और बलात्कार जैसे अपराध सामने आए हैं, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों के रूप में जांच रहा है। वहीं, सूडान टीवी ने रिपोर्ट में बताया कि जिस विमान को सूडानी सेना ने निशाना बनाया वह अरब खाड़ी क्षेत्र के एक सैन्य अड्डे से उड़ान भरकर नयाला एयरपोर्ट पर उतरा था। मगर उसे सूडानी फाइटर जेट्स ने हमले में क्षतिग्रस्त कर दिया। सूडान ने इस हमले को अंजाम देकर विदेशी हस्तक्षेप के खिलाफ कड़ा संदेश देने का काम किया। इस घटना के बाद कोलंबियाई राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने एक्स पर लिखा कि उन्होंने कोलंबियाई भाड़े के लड़ाकों की मौत की जांच के आदेश दिए हैं। वही, जिस दक्षिण दारफुर की राजधानी नयाला के एयरपोर्ट पर सूडान ने एयरस्ट्राइक की है, वहां आरएसएफ ने पिछले साल कब्जा कर लिया था। सूडानी सरकार का आरोप है कि आरएसएफ ने नागरिक हवाई अड्डे को सैन्य अड्डे में बदल दिया है, जहां से हथियारों की आपूर्ति और सोने की तस्करी की जा रही है।

### क्या है यूएन की रिपोर्ट

संयुक्त राष्ट्र की अप्रैल में जारी रिपोर्ट में पुष्टि की गई है कि कोलंबियाई भाड़े के सैनिक दारफुर में मौजूद हैं और उन्हें आरएसएफ के लिए एक निजी सुरक्षा कंपनी ने नियुक्त किया था। कोलंबियाई विदेश मंत्रालय ने भी इनकी मौजूदगी स्वीकार की और इनकी सुरक्षित वापसी के लिए एक विशेष त्वरित प्रतिक्रिया दल बनाने की घोषणा की।

### यूएई ने सूडानी विमानों को बैन किया

इधर सूडानी विमानन एजेंसी ने आरोप लगाया कि बुधवार को यूएई ने सूडानी विमानों को अपने हवाई अड्डों पर उतरने से रोक दिया। अबू धाबी एयरपोर्ट पर एक सूडानी विमान को उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी गई। हालांकि यूएई के विदेश मंत्रालय ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। सूडान की सरकार और यूएई के बीच संबंध हाल के महीनों में आरएसएफ को समर्थन देने के आरोपों के कारण खराब हो चुके हैं। सूडान ने इसी वर्ष यूएई से राजनयिक संबंध तोड़ लिए थे।

### आरएसएफ ने की एल-फाशर की घेराबंदी

यूएस-स्थित येल यूनिवर्सिटी के ह्यूमैनिटेरियन रिसर्च लैब की सैटेलाइट इमेज रिपोर्ट में बताया गया कि आरएसएफ ने उत्तर दारफुर की राजधानी एल-फाशर को पूरी तरह से घेर लिया है। एचआरएल के मुताबिक आरएसएफ शहर के हर रास्ते को नियंत्रित कर रहा है। जो नागरिक बाहर निकलना चाहते हैं, उन्हें 50 मीटर चौड़े चेकपॉइंट से गुजरना होता है। आरएसएफ पिछले एक साल से शहर पर क जा करने की कोशिश कर रहा है। जून से अब तक दो बाजारों, तीन स्कूलों और दो मस्जिदों पर आरएसएफ द्वारा बमबारी की गई है।

## सरकार ने खेल विधेयक में संशोधन करके बीसीसीआई को आरटीआई से बाहर किया

**ब्यूरो**



**आरटीआई के दायरे में आने का विरोध करता रहा है बीसीसीआई**

**सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त लोढ़ा समिति ने बीसीसीआई को आरटीआई के दायरे में लाने को लिखा था**

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने संसद में पेश किए गए राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 में संशोधन किया है। इस संशोधन के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (सूचना के अधिकार अधिनियम (आरटीआई) से बाहर रहेगा। इसके लिए केंद्रीय खेल मंत्रालय ने आरटीआई अधिनियम के एक प्रावधान का हवाला दिया है। इसके अनुसार केवल सरकार के धन से चलने वाले निकाय ही पब्लिक अथॉरिटी माने जाएंगे। जब विधेयक 23 जुलाई को संसद में पेश किया गया था तो इसमें खंड 15 (2) में एक प्रावधान था। यह सुनिश्चित करता था कि राष्ट्रीय खेल विधेयक द्वारा मान्यता प्राप्त सभी खेल निकायों को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत पब्लिक अथॉरिटी माना जाएगा। पता चला है कि खंड को एक संशोधन के माध्यम से विधेयक से हटा दिया गया है।चर्चा है कि बीसीसीआई में पदाधिकारी सत्ता के बड़े नेताओं के परिवार के लोग व उद्यमी हैं।आरटीआई के मार्फ़त पूछे जा रहे सवालों से बीसीसीआई के तमाम मनमानी व धांधली के उजागर होने का ख़तरा बढ़ता जा रहा था। सो इससे बचाने के लिए यह किया गया। जो भी हो संशोधन के इस खंड में कहा गया था, "एक मान्यता प्राप्त खेल संगठन को इस अधिनियम के तहत अपने काम, ड्यूटी व शक्तियों के प्रयोग के संबंध में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत पब्लिक अथॉरिटी माना जाएगा।" इस प्रावधान के रहने पर हर राष्ट्रीय खेल महासंघ आरटीआई अधिनियम के दायरे में आ जाता। बीसीसीआई हमेशा इस अधिनियम के दायरे में आने का विरोध करता रहा है। बोर्ड यह तर्क देता है कि वह अन्य खेल शासी निकायों की तरह सरकारी धन पर निर्भर नहीं है।

आरटीआई अधिनियम में "पब्लिक अथॉरिटी" को संसद या राज्य विधानमंडल द्वारा बनाए गए कानून से बने किसी भी संस्था या निकाय के रूप में परिभाषित किया गया है। इसमें सरकार के स्वामित्व, नियंत्रित या पर्याप्त रूप से धन प्राप्त करने वाले निकाय शामिल हैं। इस मामले में 'पर्याप्त रूप से धन प्राप्त' करना मुख्य शब्द है। संशोधन में एक नया खंड जोड़ा गया है। इसमें कहा गया है, "उप-धारा (1) के तहत केंद्र या राज्य सरकार से अनुदान या कोई अन्य वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले मान्यता प्राप्त खेल संगठन को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत एक पब्लिक अथॉरिटी माना जाएगा।" इस बदलाव के बाद सभी एनएसएफ आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत आएंगे, लेकिन उन्हें केवल सरकारी सहायता और अन्य वित्तीय सहायता से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देना होगा। पहले एनएसएफ के चयन सहित काम व शक्तियों पर प्रश्न पूछने की अनुमति थी। खेल मंत्रालय के एक सूत्र के अनुसार - "संशोधन से यह सुनिश्चित होगा कि हम आरटीआई अधिनियम का उल्लंघन न करें। इस संशोधन के साथ हमने पब्लिक अथॉरिटी को सरकारी धन व सहायता पर निर्भर संस्था के रूप में परिभाषित किया है। हमने विधेयक से वह अस्पष्टता हटा दी है जिसके कारण इसे रोका जा सकता था या अदालत में चुनौती दी जा सकती थी।" बीसीसीआई इस विधेयक के दायरे में आएगा और यदि उसे किसी प्रकार की सरकारी सहायता हासिल होती है तो उससे सवाल किए जा सकते हैं। सूत्र ने कहा, "बीसीसीआई अभी भी विधेयक के दायरे में आएगा और उसे एक नैतिक आयोग, एक एथलीट समिति बनानी होगी और खेल नीति लागू करनी होगी। इंफ्रास्ट्रक्चर समेत किसी भी तरह की सरकारी सहायता के इस्तेमाल पर बीसीसीआई से सवाल किए जा सकते हैं।" विधेयक में एक अन्य महत्वपूर्ण संशोधन यह है कि इसमें एनएसएफ की मान्यता के लिए एक मानदंड के रूप में सोसायटी पंजीकरण अधिनियम को शामिल किया गया है।

इससे बीसीसीआई भी विधेयक के दायरे में आ जाएगा क्योंकि यह तमिलनाडु सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1975 के तहत पंजीकृत है। 2016 में क्रिकेट सुधारों पर विचार कर रही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त लोढ़ा समिति ने बीसीसीआई को आरटीआई अधिनियम के दायरे में लाने की सिफारिश की थी। इस सिफारिश पर विचार करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने जुलाई 2016 में इस विशिष्ट मुद्दे को विधि आयोग को भेज दिया था। 2018 में अपनी 275वीं रिपोर्ट में विधि आयोग ने भी बीसीसीआई को आरटीआई अधिनियम के दायरे में लाने की सिफारिश की थी। उसके बाद भी बीसीसीआई को आरटीआई अधिनियम के दायरे में नहीं लाकर , उसको बाहर रखने का बिल पास करा लिया।

# बिहार में थर्मल पावर प्लांट का ठेका अडानी को

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** गौतम अडानी की कंपनी अडानी पावर लिमिटेड को बिहार में बिजली सप्लाई करने का ठेका मिल गया। बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड ने अडानी पावर को एक लेटर ऑफ इंटेंट दिया है। इस लेटर ऑफ इंटेंट के अनुसार, अडानी पावर बिहार को 2274 मेगावाट बिजली देगी। यह बिजली भागलपुर जिले में बनने वाले एक नए थर्मल पावर प्रोजेक्ट से आएगी। यह प्रोजेक्ट 2400 मेगावाट का होगा। कंपनी ने बताया कि यह प्लांट पीरपैंती गांव में बनेगा। इस प्लांट को बनाने में लगभग 53 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा। अडानी पावर ने एक बयान में कहा कि बिजली उत्तरी बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड और दक्षिणी बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को दी जाएगी। यानी उत्तरी और दक्षिणी बिहार में इसी प्लांट से बिजली जाएगी। कंपनी को उम्मीद है कि जल्द ही उन्हें औपचारिक लेटर ऑफ अवार्ड मिल जाएगा। इसके बाद राज्य सरकार के साथ पावर सप्लाई एग्रीमेंट साइन किया जाएगा।कंपनी के अनुसार लेटर ऑफ अवार्ड एक बोली प्रक्रिया के बाद जारी किया गया। इस बोली में अडानी पावर सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में उभरी। अडानी पावर ने 6.075 रुपये प्रति किलोवाट आवर की दर से बिजली सप्लाई करने की बात कही है। बिजली एक नए 3x800 मेगावाट के अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल प्लांट से आएगी। यह प्लांट डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ओन और ऑपरेट मॉडल के तहत बनेगा। इस मॉडल का मतलब है कि अडानी पावर



**53 हजार करोड़ रु. लागत वाला 2400 मेगावाट का बिजली घर**

ही इस प्लांट को डिजाइन करेगी, बनाएगी, इसमें पैसा लगाएगी, इसकी मालिक होगी और इसे चलाएगी भी। अडानी पावर के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर एस. बी. ख्यालिया का कहना है- 'हमें बिहार में 2,400 मेगावाट का थर्मल पावर प्रोजेक्ट बनाने और चलाने का मौका मिला है। हम लगभग 3 अरब डॉलर के निवेश से एक नया प्लांट बनाएंगे। इससे बिहार में उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। हमारा प्लांट आधुनिक होगा और कम प्रदूषण करेगा। हम बिहार को भरोसेमंद, सस्ती व अच्छी क्वालिटी की बिजली देंगे।' ख्यालिया ने कहा कि यह प्लांट अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल तकनीक पर आधारित होगा।

यह तकनीक कोयले को जलाने की एक आधुनिक तकनीक है, जिससे कम प्रदूषण होता है और बिजली ज्यादा बनती है। अडानी पावर के अनुसार, इस प्रोजेक्ट से निर्माण के दौरान लगभग 10,000 से 12,000 नौकरियां मिलेंगी। जब प्लांट चालू हो जाएगा तो लगभग 3000 लोगों को रोजगार मिलेगा। कंपनी ने बताया कि प्रोजेक्ट की पहली यूनिट तय तारीख से 48 महीनों के अंदर चालू हो जाएगी। वहीं, आखिरी यूनिट 60 महीनों के अंदर चालू हो जाएगी। यानी करीब 4 से 5 साल में पूरा प्लांट काम करने लगेगा। इस पावर प्लांट के लिए कोयला भारत सरकार की शक्ति योजना के तहत मिलेगा।

# लोस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का 5 तरीकों से 'वोट चोरी', चुनावी धांधली का आरोप

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली ।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मतदाता सूची में हो रही धांधली के बारे में उदाहरण के तौर पर कर्नाटक के एक विधानसभा क्षेत्र ( महादेवपुरा) का उदाहरण देते हुए आरोप लगाया कि कर्नाटक , महाराष्ट्र , हरियाणा विधान सभा चुनावों में मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर धांधली करके भाजपा को फायदा पहुंचाया गया। उन्होंने 'वोट चोरी' शीर्षक से कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सूची के आंकड़ों की प्रस्तुति दी और धांधली का दावा किया। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी टीम को जांच के दौरान यहां वोट चोरी के सबूत मिले। राहुल गांधी ने इस दौरान 33 हजार लोगों की तरफ से फॉर्म संख्या 6 के दुरुपयोग पर अधिक जोर दिया। राहुल गांधी ने कहा कि वोटों की चोरी 5 तरीकों से की गई। इनमें डुप्लिकेट वोटर्स, फर्जी व गलत घर का पता, एक ही पते पर भारी संख्या में वोटर्स, अवैध फोटो व फॉर्म 6 का दुरुपयोग शामिल है। राहुल गांधी ने एक विधानसभा में एक लाख से अधिक की वोट चोरी की बात कही। चोरी के पांच तरीकों में फेक और गलत पता के बाद सबसे अधिक संख्या फॉर्म 6 के दुरुपयोग की थी। ऐसे में जानते हैं आखिर फॉर्म-6 क्या है। फॉर्म 6 एक ऐसा फॉर्म है जिसका प्रयोग वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए किया जाता है। यदि आप वोटर नहीं हैं तो आपको वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भरकर जमा करवाना होता है। यदि आप 18 साल के अधिक उम्र के हैं और आपका आपने पिछले चुनाव में वोट नहीं दिया है तो आप इस फॉर्म को भरकर अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वा सकते हैं। यानि यह मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए एक आवेदन है। 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का कोई भी भारतीय नागरिक इस प्रक्रिया से गुजरने का पात्र है। इसके अलावा, जिस निर्वाचन क्षेत्र में वह पहले से पंजीकृत है, उसे छोड़कर अन्यत्र जाने वाले व्यक्ति को भी यह फॉर्म भरना होता है। आवेदक को अन्य बातों के अलावा अपना नाम, आयु, लिंग, जन्म स्थान, सामान्य निवास स्थान तथा मतदाता सूची में पहले से शामिल परिवार के सदस्यों का विवरण देना होता है।



### 5 तरीके

1. डुप्लिकेट वोटर्स
2. फर्जी व गलत घर का पता
3. एक ही पते पर भारी संख्या में वोटर्स
4. अवैध फोटो
5. फॉर्म 6 का दुरुपयोग

## कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर फिर गोलीबारी, खिड़कियों पर 6 गोलियों के निशान

**ओटावा ।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया स्थित सर्रे में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर एक बार फिर से गोलीबारी की गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गुरुवार सुबह 85 एवेन्यू और स्कॉट रोड पर स्थित इस कैफे की खिड़कियों में कम से कम छह गोली के निशान और टूटा हुआ शीशा दिखाई दिया। लॉरेंस गैंग से जुड़े गोल्डी ढिल्लो का एक पोस्ट वायरल हो रहा है, इसमें वह कपिल के कैफे पर फायरिंग की जिम्मेदारी ले रहा है। यह पोस्ट किस सोशल साइट पर किया गया है। यह साफ नहीं है। कपिल के कैफे पर एक महीने पहले भी गोलीबारी की गई थी। तब हमलावरों ने कैफे पर 9 राउंड फायरिंग की थी।

## केरल उच्च न्यायालय ने श्वेता मेनन के खिलाफ एफआईआर की कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगाई



एर्नाकुलम सेंट्रल पुलिस ने मशहूर मलयालम अदाकारा श्वेता मेनन के खिलाफ एक शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया था। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने पैसे कमाने के इरादे से अश्लील और अश्लील सामग्री वाली फिल्मों और विज्ञापनों में काम किया। अदालत के निर्देशानुसार, अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम 1956 की धारा 5, 3 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 67(ए) के तहत मामला दर्ज किया गया था। अब केरल उच्च न्यायालय ने इस मामले में अपना फैसला सुनाया है।

**एफआईआर रद्द करने की याचिका पर हाईकोर्ट का अभिनेत्री को अंतरिम राहत**

*न्यायमूर्ति वी जी अरुण ने अभिनेत्री द्वारा अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के लिए दायर याचिका पर यह आदेश दिया। उच्च न्यायालय ने कहा कि अभिनेत्री के वकील की इस दलील में प्रथम दृष्टया दम है कि शिकायत को जांच के लिए भेजने से पहले पुलिस से रिपोर्ट मांगने और जांच करने की आवश्यकताओं का पालन किया जाना चाहिए था।*

कहानी फिल्म जगत की



### 1950 के विद्यालय में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय खुला पर भूमि सीआईपी की

# सिर्फ डेपुटेशन पर एमएड शिक्षकों के भरोसे चल रहा है शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय

● **रांची विश्वविद्यालय के बी.एड विभाग में फीस तो डेढ़ लाख, लेकिन एक भी स्थायी शिक्षक नहीं!**

**मनोज मिश्रा । रांची**

झारखंड की उच्च शिक्षा व्यवस्था की विडंबना का सबसे बड़ा उदाहरण रांची विश्वविद्यालय के कांस्टीट्यूएंट कॉलेजों के बी.एड विभाग हैं। इस विश्वविद्यालय के अंतर्गत तीन कांस्टीट्यूएंट कॉलेज हैं, रांची महिला कॉलेज, कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला, डोरंडा कॉलेज डोरंडा। यहां छात्रों से प्रतिवर्ष 75,000 (दो वर्षों में 1.5 लाख) की शुल्क ली की जाती है लेकिन एक भी शिक्षक स्थायी नहीं है। सभी शिक्षक केवल 11 माह के कॉन्ट्रैक्ट पर रखे जाते हैं। सूत्रों से जानकारी मिली है कि पिछले एक महीने से किसी भी कॉलेज में एक भी बी.एड शिक्षक कार्यरत नहीं है, क्योंकि सभी का अनुबंध समाप्त हो चुका है और अब तक रिन्युअल नहीं हुआ है। यह स्थिति एनईपी 2020, एनसीटीई और यूजीसी के दिशा-निर्देशों का खुला उल्लंघन है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुसार बी.एड जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को केवल विश्वविद्यालय या बहु-विषयी उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा संचालित किया जाना चाहिए, जिसमें योग्य और स्थायी शिक्षक अनिवार्य हों। लेकिन रांची विश्वविद्यालय की वर्तमान व्यवस्था इससे बिल्कुल विपरीत है। एनसीटीई नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रति 50 छात्रों पर आठ पूर्णकालिक स्थायी शिक्षक अनिवार्य है, गेस्ट या अनुबंध आधारित शिक्षकों पर पूर्ण निर्भरता अमान्य है। केवल स्थायी फैकल्टी से ही कॉलेज को मान्यता मिलनी चाहिए।



राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के पास नहीं है अपनी भूमि

**1**

राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग झारखंड के प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार से शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के संबंध में विशेष बातचीत की। उन्होंने बताया कि फ्रेश और उच्च शिक्षित डेपुटेशन के शिक्षकों की शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में कुछ महीनों के बाद बहाली होने वाली है। विभागीय प्रक्रिया आगे बढ़ रही है और सारी कमी को ठीक करने का प्रयास चल रहा है।

**2**

राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने रांची महाविद्यालय के सीसीडीसी प्रकाश झा से राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय रांची झारखंड के संबंध में सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि हम लोग सिर्फ परीक्षा आयोजित करते हैं ज्यादा जानकारी के लिए राज्य सरकार से सवाल पूछें।

## पृष्ठ एक के शेष

**सांसद ने रेल मंत्री से की मुलाकात...**

ट्रेन चलाने या वर्तमान रांची–टोरी मेमू (68037/68038) ट्रेन का विस्तार गढ़वा टाउन तक करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि रांची से गढ़वा के लिए सीधी रेल सेवा के अभाव में यात्रियों को प्रतिदिन भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रस्तावित ट्रेन रांची, टोरी, लातेहार, बरवाडीह, डालटनगंज, गढ़वा रोड होते हुए गढ़वा टाउन तक चलेगी, जिससे पलामू, गढ़वा और लातेहार जिलों के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा और रेलवे के यात्री संख्या एवं राजस्व में भी वृद्धि होगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बरवाडीह–चिरिमिरी–अंबिकापुर रेल परियोजना को रेलवे का ड्रीम प्रोजेक्ट बताते हुए इसके पूर्ण क्रियान्वयन का आश्वासन दिया। उन्होंने गढ़वा टाउन से रांची के लिए ट्रेन सेवा शुरू करने के संबंध में भी सकारात्मक रुख दिखाते हुए रेलवे अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने जानकारी देते हुए कहा कि यह मुलाकात बेहद फलदायी रही और रेल मंत्री ने पलामू क्षेत्र की जरूरतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने बताया कि सांसद विष्णु दयाल राम लगातार पलामू क्षेत्र के रेल, सड़क और आधारभूत ढांचे के विकास के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन के अनुसार आने वाले महीनों में उक्त प्रस्तावों पर ठोस प्रगति की उम्मीद की जा रही है।

**झारखंड में पिछले तीन माह में...**

प्रोजेक्ट फॉर लाइटनिंग सेफ्टी" की शुरुआत होगी। इस परियोजना के तहत इलेक्ट्रिकल फील्ड मिल उपकरण लगाए जाएंगे, जिससे वज्रपात की घटना से औसतन 3 घंटे पूर्व चेतावनी लाउडस्पीकरों के माध्यम से जनता तक पहुंचेगी। हर जिले से 2 गोताखोरों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही प्रमुख जलप्रपातों पर लोहे की जालियां और चेन लगाकर घटनाओं की रोकथाम की जाएगी। जेएसएसी के सहयोग से एमआइएस व जीआइएस पोर्टल के निर्माण की जानकारी दी गई, जिसके माध्यम से जीपीएस आधारित स्थान की पहचान कर पीड़ितों को सीधे खाते में डिजिटल भुगतान संभव होगा। साथ ही मुख्यालय से आपदा राहत की मॉनिटरिंग भी अब और प्रभावी होगी। मंत्री इरफानअंसारी ने यह भी निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटना के मृतकों को भी अन्य आपदाओं के समान 4 लाख रुपए की मुआवजा राशि प्रदान की जाए। यह एक सशक्त, संवेदनशील और समावेशी नीति की दिशा में बड़ा कदम है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आपदाओं को टाल नहीं सकती, परंतु उनके दुष्प्रभाव को न्यूनतम करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम हर परिस्थिति में जनता के साथ हैं। हर महीने समग्र समीक्षा बैठक कर योजना की प्रगति का आंकलन किया जाएगा।

## रांची में एक सप्ताह तक चलेगा सांसद कला महोत्सव

**रांची।** रांची में 28 अगस्त से 3 सितंबर 2025 तक रांची में "सांसद कला महोत्सव" मनाया जाएगा। एक सप्ताह तक चलने वाले इस महोत्सव में विभिन्न विद्यालयों में चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसमें विद्यालयों के 8वीं से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। उपरोक्त जानकारी रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में दी। श्री सेठ ने बताया कि इस चित्रांकन प्रतियोगिता का थीम है - "ऑपरेशन सिंदूर" और "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सैन्य प्रेम"। इस महोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच ऑपरेशन सिंदूर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सैन्य प्रेम के प्रति जागरूकता लाना है। उनकी रचनात्मकता को सार्वजनिक पटल पर दिखाना है। श्री सेठ ने बताया कि इस महोत्सव के लिए हमने रांची के 50 से अधिक विद्यालयों से संपर्क करने का लक्ष्य लिया है। इसमें 20000 से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। इसके लिए एक समिति का भी गठन किया गया है। समिति के लोग सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों से भी संपर्क करेंगे। सबसे उत्कृष्ट पेंटिंग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट किया जाएगा।

## अपराध की योजना बनाते दो अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए गोंदा थाना क्षेत्र से कांके के रहने वाले सौरभ तिर्की और रितेश गाड़ी को गिरफ्तार किया है। गुरुवार की दोपहर अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए एसएसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि गोंदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अर्बन हार्ट में एक निर्माणाधीन भवन में कुछ अपराधी अवैध हथियारों के साथ किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं।


## कार्यालयः– जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा

पुराना समाहरणालय परिसर, विकास भवन–बी0, प्रथम तल्ला

Email ID – dsegarhwa@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन सं0–13/2023 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 के आधार पर स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8) विषय– गणित एवं विज्ञान के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची जाँच पत्रक के साथ दिनांक–13.08.2025 को काउंसिलिंग हेतु जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.garhwa.nic.in** पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी काउंसिलिंग से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु हेल्पलाईन नंबर– 9304515448, 8210307876 पर सम्पर्क कर सकते है।

अतः संबंधित सफल अभ्यर्थी निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल में काउंसिलिंग हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अनुपस्थिति की स्थिति में अभ्यर्थियों की जवाबदेही स्वयं की होगी।

काउंसिलिंग स्थल एवं समयः–

कार्यालयः– जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा के सभागार कक्ष, पुराना समाहरणालय,

समयः– पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक।

विश्वासभाजन

जिला शिक्षा अधीक्षक,गढ़वा।

PR 359135 Human Resource Developement(25-26)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 13/2025–26**

**दिनांक– 07.08.2025**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 22.08.2025 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 23.08.2025 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 23.08.2025 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड गारू के पंचायत चोरहा में प्राथमिक विद्यालय का चाहरदिवारी निर्माण | 2041400/- | 41000 /- | 5000/ - | 03 (Three ) Month s |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के पंचायत अमरवाडीह में मनातु हॉस्पीटल से रेलवे ब्रीज तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 518700/- | 10500/ - | 1250/ - | 01 (One ) Month s |

नयम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

PR 359097 (Building)25-26*D

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार



## Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited

(CIN: U40108JH2013SGC001704)

Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH

Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in

Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)

Address-Sudna, Daltonganj / e-mail : gmtzdal@gmail.com

**Tender Notice**

Sealed tender are invited in in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes super-scribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non-refundable) | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 314/PR/JUSNL/ 2025-26 | Procurement of Lighting materials and 50 kg SF6 gas cylinder at 400/220/132 kV GSS Latehar. | Rs1476/- (including GST @ 18%) | Rs19,800/- |

1. Start date and time for sale of Tender Documents 12.08.2025 at 12:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto01.09.2025at 02:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto01.09.2025at 04:00 PM.
4. Date and time for opening of tender: 02.09.2025 at 04:00 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/extend the date of sale/submission/opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 7488012827.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 359078 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)#D



## झारखण्ड सरकार

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग

जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार।

–: "मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना" के चयनित लाभुकों के लिए आम सूचना :–

वित्तीय वर्ष– 2022–23 एवं 2023–24 में "मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना" अन्तर्गत जिला गव्य विकास कार्यालय द्वारा संचालित दो, पाँच एवं दस दुधारू गाय/भैंस की योजना के तहत वैसे सभी लाभार्थी, जिनके द्वारा प्रथम चरण में दुधारू गाय/भैंस का क्रय कर लिया गया है और उन्हें अब तक द्वितीय चरण के लिए अनुदान राशि प्राप्त नहीं हुई है, उन्हें यह निदेश दिया जाता है कि वे प्रथम चरण में क्रय की गई दुधारू का अद्यतन जियोटैग फोटो एवं योजनानुसार लाभुक अंशदान की राशि अपने बैंक खाते में जमा कर अद्यतन बैंक पासबुक की छाया अथवा जमा रसीद की प्रति कार्यालय में दिनांक– 20/08/2025 तक जमा करें। तत्पश्चात द्वितीय चरण में आपकी दावेदारी को मानते हुए विभाग से अनुदान राशि की माँग की जाएगी।

उपरोक्त निर्धारित तिथि तक लाभुक अंशदान राशि एवं प्रथम चरण की गाय का जियोटैग फोटो कार्यालय में जमा नहीं करने पर आपकी अनिच्छा को समक्षा जाएगा जिसके कारण आपकी द्वितीय चरण की दावेदारी स्वतः रद्द समझी जायेगी जिसके लिए आप स्वंय जिम्मवार होंगे।

द्वितीय चरण में लाभुक अंशदान राशि की विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र0सं0 | योजना का नाम | अनुदान प्रतिशत | द्वितीय चरण लाभुक अंशदान की राशि (रू0) |
|---|---|---|---|
| 1 | दो गाय/भैंस की योजना | 75 प्रतिशत | 16286 |
| | | 90 प्रतिशत | 6514 |
| 2 | पाँच गाय/भैंस की योजना | 50 प्रतिशत | 65142 |
| | | 75 प्रतिशत | 32571 |
| 3 | दस गाय/भैंस की योजना | 50 प्रतिशत | 162855 |
| | | 75 प्रतिशत | 81427 |

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 359051 Animal Husbandry(25-26)D



## OFFICE OF THE CIVIL SURGEON-CUM-CHIEF MEDICAL OFFICER LATEHAR

OFFICE: SADAR HOSPITAL CAMPUS, LATEHAR, 829206

**VERY SHORT E-TENDER NOTICE**

Reference No: 04(DMFT), (2nd Call)

**Notice Inviting Tender for Rate Contract for Selection of Agency for Work Related to Providing Human Resource and Tele-Consultation Facility for the Beneficiaries in Latehar District**

The **Civil Surgeon Latehar**, invites bids (**online tender**) through the official website of **Latehar District Administration** and**Jharkhand procurement portal**https://jharkhandtenders.gov.infrom reputed & genuine **organizations** who are interested and eligible to provide human resource and tele-consultation facility for the beneficiaries in Latehar district.

Interested parties are requested to refer to the official tender documents for detailed specifications, terms, and conditions.

The tender shall be submitted in two stage and two parts, viz., technical bid and financial bid. All the pages of bid being submitted must be signed stamped by authorised signatory and sequentially numbered by the bidder irrespective of nature of content of the documents before uploading.

The bidders are required to regularly check the website to know about any/all such corrigendum(s) as only these bids, taking care of such corrigendum(s) shall be considered for finalisation of the tender.

The bid without EMD will be summarily rejected.

| Short Details of Tender | |
|---|---|
| Tender Publishing Date | 07/08/2025 |
| Last date and time for submission of Technical and Financial Bid | 14/08/2025 up to 05.00 PM |
| Date and time for opening of Technical Bid | 18/08/2025 up to 11:30 AM |
| Date and time for opening of Financial Bid | After completion of technical bid |

**Note :- Further details can be seen on:**

➤ https://jharkhandtenders.gov.in

PR 359043 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)#D

**Civil Surgeon, Latehar**



## जिला अभियंता का कार्यालय

जिला परिषद्, लातेहार।

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 14 वर्ष 2025–26**

**स्व अर्जित आय निधि मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 14.08.2025 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 18.08.2025 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 18.08.2025 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड लातेहार अन्तर्गत जिला परिषद लातेहार के लिए Conference Hall का निर्माण/जीर्णोद्धार कार्य। | 18,35,500 | 37,000 | 5000 | 01 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **जिला अभिंयता, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिझिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।

PR 359082 (Rural Development) 25-26 (D)

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार।



## कार्यालयः उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू, मेदिनीनगर (जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

**शुद्धि पत्र (Corrigendum)**

PR.NO.-358286

जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पलामू द्वारा फलैक्स प्रिंटिंग हेतु निकाली गयी निविदा जो दिनांक 12.08.2025 निर्धारित है के शर्त संख्या– 9 में "**न्यूनतम IPRD Rates**" अंकित हो गया है जिसमें आंशिक रूप से संशोधन करते हुए इसके जगह पर उपरोक्त सामग्री के क्रय हेतु "**अधिकतम IPRD Rates**" मान्य होगा

शेष सभी नियम एवं शर्त यथावत रहेगा।

PR 359103
District(25-26)#D

सहायक निदेशक,
जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पलामू



## OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, CHATRA, JHARKHAND

(DISTRICT NAZARAT SECTION)

**VERY SHORT TERM NOTICE INVITING REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**

**For Digitization and Software Development of Panji 2 (Register 2) Records**

**District Administration, Chatra,Jharkhand**

| S.No. | Milestone | Date |
|---|---|---|
| 1 | Request for Proposal (RFP) document made available to the applicants | 12/08/2025 |
| 2 | Last date receipt of Technical and Financial proposal (Sealed Envelope) | 19/08/2025 (11:30 AM) |
| 3 | Opening of Technical Proposals, Presentation and Financial Bids | 19/08/2025 (12:30 PM) |
| 4 | Place of Opening of Technical Proposals, Presentation and Financial Bids | Conference Hall, Collectorate Office, Chatra |
| 5 | Issue of Letter of Award/Work Order | To be intimated to selected organization |

Address for communication & submission of documents during the tender period:

District Nazarat Section, District Collectorate Office, Chatra, Jharkhand

**NDC, Chatra**

PR 359105 District (25-26)_D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

(अज्ञात मृत पुरुष के शव का फोटो, उम्र–करीब 35 वर्ष)



नगर उंटारी थाना कांड सं0–149/2024, दिनांक–26.06.2024, धारा–279, 304(A) भा0द0वि0 के वादी स0अ0नि0 संजय पासवान वर्तमान पदस्थान–नगरउंटारी थाना, जिला–गढ़वा के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी अभियुक्त अज्ञात वाहन के चालक के विरुद्ध तेजी एवं लापरवाही से गाड़ी से धक्का मारकर अज्ञात व्यक्ति (पुरुष) उम्र–करीब–35 वर्ष, पता–नामालुम की मृत्यु हो जाने के आरोप में दर्ज किया गया है। वादी स0अ0नि0 संजय पासवान दिनांक–25.06.2024 की रात्री गष्ती में सशस्त्र बलों के साथ गष्ती कर रहे थे, समय करीब 01:00 बजे सूचना मिली की NH-75 पाल्हे में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति दुर्घटनाग्रस्त होकर जख्मी हो गये है। तत्पश्चात सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पहुंचे तो देखे कि एक अज्ञात व्यक्ति जख्मी हालत में खुन से लथपथ सड़क पर गिरा पड़ा है तथा सर कुचला हुआ है। आसपास एवं स्थानीय लोगो के द्वारा बताया गया कि अज्ञात व्यक्ति को अज्ञात वाहन चालक के द्वारा तेजी व लापरवाही से धक्का मारकर फरार हो गया है। जख्मी व्यक्ति का नाम, पता के बारे में पुछताछ करने पर कोई पहचान नहीं हो पाई। जिसके त्वरित कार्रवाई करते हुए एम्बुलेंस के माध्यम से अनुमंडलीय अस्पताल, नगर उंटारी ईलाज हेतु ले जाया जहाँ चिकित्सक के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। उक्त अज्ञात व्यक्ति के शव को दिनांक–25.06.2024 को पोस्टमार्टम व अग्रीम कार्रवाई हेतु सदर अस्पताल गढ़वा लाया गया एवं पोस्टमार्टम कराया गया। उक्त अज्ञात मृत व्यक्ति के पहचान हेतु हरसंभव प्रयास किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त अज्ञात मृत पुरुष के शव का पहचान या इनके परिजन के बारे में किसी भी प्रकार कि लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया :–** उम्र करीब–35 वर्ष, लम्बाई करीब–05 फिट 05 इंच, रंग– गेहुँवन–सांवला, पहनावा–सफेद, निला रंग का छिटदार शर्ट पहने हुए।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 359038 Police(25-26).D



# लुइस सुआरेज और डी पॉल ने इंटर मियामी को लीग्स कप क्वार्टरफाइनल में पहुंचाया

**एजेंसी। फोर्ट लॉडरडेल**

इंटर मियामी सीएफ ने टीम के तीसरे और अंतिम लीग कप 2025 चरण के एक मुकाबले में लीगा एमएक्स पुमास उनम पर 3-1 की जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया।

दिग्गज स्ट्राइकर लुइस सुआरेज की टीम की जीत में अहम भूमिका रही। सुआरेज ने एक गोल और दो असिस्ट के साथ शानदार प्रदर्शन किया। मिडफील्डर रोड्रिगो डी पॉल ने क्लब के लिए अपना पहला गोल किया और तादेओ अलेंदे ने गोल किया। उनम की तरफ से 34वें मिनट में जॉर्ज रुवाल्काबा ने एकमात्र गोल किया। यह मैच का पहला गोल था। इंटर मियामी की तरफ से पहला गोल 45वें मिनट में लगा। ये गोल डी पॉल ने लगाया।

डी पॉल ने लुइस सुआरेज की लेफ्ट विंग से आई गेंद को सीने से रोका, फिर नीचे-दाएं कोने में एक बेहतरीन आउटसाइड-ऑफ-द-फुट फिनिश के साथ गोल किया। यह असिस्ट सुआरेज का टूर्नामेंट में पहला और 2025 में सभी प्रतियोगिताओं में कुल मिलाकर 14वां था। सुआरेज ने 59वें मिनट में पेनेंका के पेनल्टी स्पॉट पर किए गए गोल के साथ इंटर मियामी के लिए स्कोरलाइन पलट दी। इस गोल के साथ ही इस सीजन में की प्रतियोगिताओं में उनके गोलों की संख्या 10 हो गई। अलेंदे ने 69वें मिनट में इंटर मियामी के लिए तीसरा और निर्णायक गोल दागकर टीम की जीत पर मुहर लगा दी। इस गोल के लिए भी सुआरेज ने असिस्ट किया था। यह सीजन में अलेंदे का 11वां गोल था। सुआरेज का यह असिस्ट ऐतिहासिक रहा। इस असिस्ट के साथ उन्होंने क्लब के लिए एक सीजन में सर्वाधिक 15 असिस्ट के सर्वकालिक रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। 3-1 के स्कोर के साथ इंटर मियामी ने लीग्स कप 2025 के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।



# मेसी को आमंत्रित करने का केरल सरकार गलत 13 लाख बेकार

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

अर्जेंटीना के विश्व प्रसिद्ध फुटबॉलर लियोनल मेसी को राज्य में लाने से संबंधित केरल सरकार का एक दावा भ्रामक साबित हुआ है। केरल सरकार ने दावा किया था कि लियोनल मेसी को लाने के लिए सार्वजनिक धन का उपयोग नहीं किया गया है, जो गलत साबित हुआ है।

दरअसल, केरल के खेल मंत्री वी. अब्दुरहीमान सितंबर 2024 में मेसी को आमंत्रित करने के उद्देश्य से स्पेन गए थे। उनके साथ खेल विभाग के सचिव और खेल एवं युवा मामलों के निदेशक भी थे। इस यात्रा पर 13 लाख रुपए खर्च हुए थे। यह खुलासा खेल मंत्री वी. अब्दुरहीमान के उस बयान का खंडन करता है, जिसमें उन्होंने कहा था कि लियोनल मेसी को केरल आमंत्रित करने में सरकार को 'एक रुपया' भी खर्च नहीं करना पड़ेगा। इस सप्ताह की शुरुआत में खेल मंत्री ने कहा था कि लियोनल मेसी सहित अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम केरल दौरे पर नहीं आएगी। अर्जेंटीना टीम ने अक्टूबर में राज्य की यात्रा में आने वाली कठिनाइयों का हवाला दिया था। इससे पहले दिए एक बयान में खेल मंत्री ने कहा था कि अर्जेंटीना टीम के अक्टूबर या नवंबर में केरल आने की संभावना है। उन्हें राजकीय अतिथि माना जाएगा। राज्य सरकार खिलाड़ियों की सुरक्षा, आवास और अन्य व्यवस्थाओं का खर्च उठाएगी। अर्जेंटीना फुटबॉल टीम विश्व की सर्वाधिक लोकप्रिय और सफल टीमों में से एक है। केरल के मलप्पुरम और कोझिकोड में भी टीम को बड़ा समर्थन मिलता है। 2022 में जब अर्जेंटीना ने विश्व कप जीता था, उस समय भी प्रशंसकों में जोश दिखा था। यही वजह है कि मलप्पुरम के मूल निवासी खेल मंत्री मेसी को केरल लाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे थे। केरल में दिसंबर में निकाय चुनाव होने हैं और अगले साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। सूत्रों के मुताबिक, मेसी को आमंत्रित करने के पहले केरल सरकार की राजनीतिक मंशा थी। खेल मंत्री का बयान झूठा साबित होने के बाद राज्य सरकार को विपक्षी पार्टियों भाजपा-कांग्रेस के विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

> उन्होंने कहा था कि लियोनल मेसी को केरल आमंत्रित करने में सरकार को 'एक रुपया' भी खर्च नहीं करना पड़ेगा।
>
> **खेल मंत्री वी. अब्दुरहीमान**

## विक्टोरिया म्बोको ने कैनेडियन ओपन के फाइनल में जगह बनाई

**मॉन्ट्रियल।** कनाडा की युवा टेनिस खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको कैनेडियन ओपन के फाइनल में पहुंच गई हैं। 18 साल की म्बोको ने नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना को 1-6, 7-5, 7-6(4) से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। म्बोको ने फाइनल में पहुंचने के साथ-साथ एक अनोखा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। वह ओपन एरा में एक ही डब्ल्यूटीए इवेंट में तीन पूर्व ग्रैंड स्लैम चैंपियनों (रयबाकिना, कोको गॉफ, और सोफिया केनिन) को हराने वाली पहली कनाडाई खिलाड़ी बन गई हैं। विक्टोरिया म्बोको इस प्रतिष्ठित इवेंट के फाइनल में जगह बनाने वाली चौथी कनाडाई खिलाड़ी बनी हैं। उनसे पहले फेय अर्बन (1968 और 1969), विकी बर्नर (1969) और बियांका एंड्रीस्कू (2019) ने फाइनल में जगह बनाई थी। साथ ही म्बोको फाइनल में पहुंचने वाली सबसे युवा खिलाड़ी भी हैं। म्बोको की वाइल्डकार्ड एंट्री हुई थी। ऐसे में वाइल्डकार्ड खिलाड़ी के रूप में टूर्नामेंट में एंट्री करने और ओपन ऐरा फाइनल में जगह बनाने वाली वह तीसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उनसे पहले वाइल्डकार्ड खिलाड़ी के रूप में मोनिका सेलेस (1995) और सिमोना हालेप (2015) ने फाइनल में जगह बनाई थी।

### डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के खिलाड़ियों का क्लस्टर स्तर पर शानदार प्रदर्शन

## 626 पदकों पर जमाया कब्जा



- **इन पदकों में 373 स्वर्ण,145 रजत तथा 108 कांस्य पदक शामिल हैं**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल,रांची के खिलाड़ियों ने डीएवी स्पोर्ट्स–2025 के क्लस्टर स्तर की प्रतियोगिताओं-क्रिकेट, खो-खो, राइफल शूटिंग, कबड्डी, हैंड बाल, रोलर स्केटिंग, जेविलिन, डिस्कस थ्रो, चेस, योग आसान आदि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 626 पदक अर्जित किए। इन पदकों में 373 स्वर्ण,145 रजत तथा 108 कांस्य पदक शामिल हैं। यह विद्यालय की खेल प्रतिभा,अनुशासन एवं प्रशिक्षण का प्रमाण है।

विद्यालय प्रांगण में आयोजित एक सम्मान समारोह में विद्यालय के प्राचार्य सह-सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड ज़ोन-जी,बिपिन राय ने सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया तथा उन्हें डीएवी जोनल स्तर एवं डीएवी नेशनल स्तर के खेलों में पूरे जोश तथा दमखम के साथ खेलने की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। श्री राय ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत,समर्पण तथा विद्यालय के खेल शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के खेल शिक्षक संजय मंडल,प्रोलय करमाकर एवं अमर तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर प्रशिक्षण देकर उन्हें सफलता की राह दिखाई। डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ वह खेलों के क्षेत्र में भी अग्रणी स्थान रखता है।

## भारत दौरे के लिए सैम कोंस्टास और नाथन मैकस्वीनी ऑस्ट्रेलिया ए टीम में शामिल

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ए की टीम दो चार दिवसीय और तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए भारत दौरे पर आने वाली है। भारत के खिलाफ इस दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम की घोषणा कर दी गई है। लखनऊ में टेस्ट और कानपुर में वनडे सीरीज खेली जाएगी। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का हिस्सा रहे सैम कोंस्टास और नाथन मैकस्वीनी को सितंबर में भारत ए के खिलाफ होने वाले दो चार दिवसीय मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम में शामिल किया गया है। वहीं, ओलिवर पीक और विक्टोरिया के होनहार सलामी बल्लेबाज कैंपबेल केलावे को भी टीम में शामिल किया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया अपने युवा खिलाड़ियों को भारतीय पिचों पर खेलने का अनुभव देना चाहती है। ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी ने 2023 के भारत दौरे में चार टेस्ट मैचों में 14 विकेट लिए थे। उन्हें भी टीम में शामिल किया गया है। उनके साथ ऑफ स्पिनर कोरी रोचिचियोली को भी टीम में जगह दी गई है। दोनों ने हाल ही में इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेला था। बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर कूपर कोनोली, तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर आरोन हार्डी, लियाम स्कॉट और जैक एडवर्ड्स, तेज गेंदबाज लांस मॉरिस और जेवियर बार्टले, फर्गस ओ'नील भी टीम में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं।



## जिम्बाब्वे के खिलाफ एक भी टेस्ट नहीं हारा है न्यूजीलैंड



**एजेंसी। नई दिल्ली**

न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे के बीच 7 अगस्त से बुलावायो में 2 टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। पहला मैच जीतकर न्यूजीलैंड सीरीज में 1-0 से आगे है। न्यूजीलैंड ने कभी भी जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट मैच नहीं गंवाया है। न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे के बीच 1992 में पहला टेस्ट खेला गया था। पिछले 33 सालों में दोनों टीमों के बीच 18 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इसमें 12 मैचों में न्यूजीलैंड ने जीत हासिल की है। शेष 6 मैच ड्रॉ रहे हैं। ऐसे में दूसरे टेस्ट मैच से पहले जिम्बाब्वे का आत्मविश्वास जहां डिगा हुआ है, वहीं न्यूजीलैंड आत्मविश्वास से भरी हुई है। जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के प्रदर्शन में पिछले एक दशक में लगातार गिरावट देखी गई है। टी20 और वनडे में टीम अपने प्रदर्शन से कभी-कभी चौंकाती है, लेकिन टेस्ट मैचों में उसे अपने घर में अफगानिस्तान जैसी नई टीम से भी हारकर सीरीज गंवानी पड़ी थी। रैंकिंग नीचे होने की वजह से जिम्बाब्वे को अब ज्यादातर टेस्ट क्रिकेट खेलने का मौका नहीं मिलता है। टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खेलने वाले देशों की सूची में भी शामिल नहीं है। जिम्बाब्वे-न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज भी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (2025-27) का हिस्सा नहीं है। जिम्बाब्वे अपने घर में मौजूदा टेस्ट सीरीज खेल रही है। उसके पास न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत की शुरुआत करने का मौका है। लेकिन, जिस तरह का प्रदर्शन जिम्बाब्वे का खासकर टेस्ट मैचों में रहा है, उसे देखते हुए जीत मुश्किल है। पिछला टेस्ट भी जिम्बाब्वे ने नौ विकेट से गंवाया था। हालांकि, न्यूजीलैंड भी इस सीरीज में कई अहम खिलाड़ियों के चोटिल होने की वजह से अपनी पूरी क्षमता के साथ नहीं खेल रही है। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम इंजरी की वजह से पहला टेस्ट नहीं खेल पाए थे। वह दूसरे टेस्ट से भी बाहर हो चुके हैं।

## अजित कुमार की रेसिंग टीम में नारायण कार्तिकेयन का स्वागत

**चेन्नई।** साउथ इंडिया के मशहूर अभिनेता अजित कुमार ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में 33 साल का सफल सफर पूरा किया। अब वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार रेसिंग की दुनिया में भी अपनी छाप छोड़ रहे हैं। हाल ही में, उन्होंने अपनी रेसिंग टीम में नारायण कार्तिकेयन को शामिल किया है। बता दें कि नारायण कार्तिकेयन भारत के ड्राइविंग क्षेत्र में दिग्गज हैं। उनका कार रेसिंग की दुनिया में एक बड़ा नाम है। नारायण कार्तिकेयन के टीम में शामिल होने पर खुशी जताते हुए अजित कुमार ने कहा, "नारायण का हमारी टीम में शामिल होना हमारे लिए गर्व की बात है। उनके साथ रेसिंग करना मेरे लिए सम्मान की बात है। अब जब नारायण हमारे साथ हैं, तो 'एशियन ले मैन्स सीरीज' हमारे लिए और भी खास बन गई है।" वहीं नारायण कार्तिकेयन ने अजित कुमार की टीम से जुड़ने पर कहा, "मैं अजित को कई सालों से जानता हूं, और अब उन्हें प्रोफेशनल रेसिंग करते देखना बहुत अच्छा लग रहा है। मैं उनके साथ आने वाली 'एशियन ले मैन्स सीरीज' में भाग लेने को लेकर काफी उत्साहित हूं और आगे के इस शानदार सफर का इंतजार कर रहा हूं।" बता दें कि अजित कुमार ने सिर्फ फिल्मों में ही नहीं, बल्कि कार रेसिंग की दुनिया में भी कमाल कर दिखाया है।



# भारत की बिजली उत्पादन क्षमता 2031-32 तक बढ़कर 870 गीगावाट पहुंचने का अनुमान : श्रीपद नाइक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता जून 2025 तक 485 गीगावाट है और सरकार देश में बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए 2031-32 तक इसे बढ़ाकर लगभग 870 गीगावाट करने की योजना बना रही है। यह जानकारी सरकार द्वारा गुरुवार को संसद को दी गई। विद्युत राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि तेज आर्थिक विकास, घरेलू विद्युतीकरण में विस्तार, बढ़ते शहरीकरण, जीवन स्तर में सुधार और एयर कंडीशनर व इलेक्ट्रिक वाहनों जैसी ऊर्जा-गहन तकनीकों के बढ़ते उपयोग के कारण देश में बिजली की मांग में वृद्धि हुई है।

नाइक ने बताया कि केंद्र ने वर्ष 2034-35 तक थर्मल (कोयला और लिग्नाइट) ऊर्जा क्षमता की आवश्यकता लगभग 3,07,000 मेगावाट होने का अनुमान लगाया है, जबकि 31 मार्च, 2023 तक स्थापित क्षमता 2,11,855 मेगावाट है। इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए, विद्युत मंत्रालय ने न्यूनतम 97,000 मेगावाट अतिरिक्त कोयला और लिग्नाइट आधारित थर्मल ऊर्जा क्षमता स्थापित करने की योजना बनाई है।



अप्रैल 2023 से जून 2025 तक लगभग 11,680 मेगावाट की थर्मल क्षमताएं पहले ही चालू हो चुकी हैं।

इसके अतिरिक्त, 38,935 मेगावाट थर्मल क्षमता वर्तमान में निर्माणाधीन है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2024-25 में 15,440 मेगावाट थर्मल क्षमता के लिए अनुबंध दिए जा चुके हैं और निर्माण कार्य पूरा होना है। उन्होंने बताया कि देश में अनुमानित मांग को पूरा करने के लिए 35,460 मेगावाट कोयला और लिग्नाइट आधारित संभावित क्षमता की पहचान की गई है, जो नियोजन के विभिन्न चरणों में है। केंद्रीय मंत्री ने आगे बताया कि 13,463.5 मेगावाट क्षमता की जलविद्युत परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। इसके अलावा, 9,802 मेगावाट क्षमता की जलविद्युत परियोजनाएं नियोजन के विभिन्न चरणों में हैं और इन्हें 2031-32 तक पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने यह भी बताया कि 6,600 मेगावाट क्षमता की परमाणु क्षमता निर्माणाधीन है और इसे 2029-30 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

# इस वर्ष अप्रैल तक 1.3 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक चिकित्सा उद्देश्यों के लिए आए भारत : केंद्र

- **"स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय 'हील इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से क्षमता निर्माण के लिए उचित उपाय करता है, जिसमें अस्पताल, सार्वजनिक संघ और व्यापार निकाय आदि शामिल हैं"**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र ने गुरुवार को संसद को बताया कि इस वर्ष अप्रैल तक 1.3 लाख से ज्यादा विदेशी पर्यटक चिकित्सा उद्देश्यों के लिए भारत आए। एक लिखित उत्तर में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ग्लोबल वेलनेस टूरिज्म मार्केट में भारत की स्थिति सुधारने के लिए उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा, "अप्रैल 2025 तक इस अवधि के दौरान भारत में चिकित्सा उद्देश्यों के लिए आने वाले विदेशी पर्यटकों (एफटीए) की कुल संख्या 1,31,856 है।" उन्होंने आगे कहा, "यह इस अवधि के दौरान कुल एफटीए का लगभग 4.1 प्रतिशत है।"

उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों में चिकित्सा उद्देश्यों के लिए आने वाले एफटीए की संख्या में वृद्धि हुई है, जिनमें से अधिकांश बांग्लादेश, इराक, सोमालिया, ओमान और उज्बेकिस्तान से आते हैं। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा, "चिकित्सा उद्देश्यों के लिए एफटीए की संख्या 2020 में 1.8 लाख से बढ़कर 2024 में 6.4 लाख हो गई।" हालांकि, 2023 की तुलना में 2024 में इसमें गिरावट आई। 2023 में विदेशी पर्यटकों की संख्या 6.5 लाख रही। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा, "चिकित्सा पर्यटन के इकोसिस्टम में कई सेवा प्रदाता, सुविधा प्रदाता, अस्पताल, होटल और एयरलाइंस जैसी कमर्शियस एजेंसियां, नियामक एजेंसियां और सरकार शामिल हैं।" इस वर्ष की शुरुआत में, केंद्रीय बजट में देश में चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी में 'हील इन इंडिया' अभियान की घोषणा की गई थी। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा, "स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय 'हील इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से क्षमता निर्माण के लिए उचित उपाय करता है, जिसमें अस्पताल, सार्वजनिक संघ और व्यापार निकाय आदि शामिल हैं।

## ट्रंप टैरिफ बेअसर, भारतीय शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 79.27 अंक या 0.10 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,623.26 और निफ्टी 21.95 अंक या 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,596.15 पर बंद हुआ। भारतीय शेयर बाजार में तेजी ऐसे समय पर देखने को मिली है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने का ऐलान किया गया है, जो कि 27 अगस्त से लागू होंगे। लार्जकैप के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी तेजी देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 188.55 अंक या 0.33 प्रतिशत की तेजी के साथ 56,938.30 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 30.05 अंक या 0.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,692.65 पर था। निफ्टी के ज्यादातर इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। आईटी, फार्मा और मीडिया सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे, जबकि रियल्टी, एनर्जी और इन्फ्रा लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, इटरनल (जोमैटो), एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, एचडीएफसी बैंक, टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी, एलएंडटी, पावर ग्रिड और सन फार्मा टॉप गेनर्स थे।

## अर्थव्यवस्था घरेलू बाजार पर केंद्रित, ऐसे झटकों से उभरने में सक्षम : अर्थशास्त्री

**नई दिल्ली।** भारत पर 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ की घोषणा को लेकर गुरुवार को अर्थशास्त्रियों ने कहा कि देश काफी हद तक घरेलू स्तर पर संचालित अर्थव्यवस्था है। हमने अतीत में कई तूफानों का सामना किया है। इसलिए हमें विश्वास है कि इससे कुछ नुकसान होंगे, लेकिन हम इस झटके को आत्मविश्वास से झेलने में सक्षम होंगे। इन्फोमेरिक्स रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री डॉ. मनोरंजन शर्मा ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से कहा, "अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत तक एडिशनल टैरिफ लगाए हैं, जिससे कुल टैरिफ स्तर 50 प्रतिशत हो गया है। इससे ड्रग्स और फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, इलेक्ट्रिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स, रत्न और आभूषण जैसे क्षेत्रों पर गंभीर असर पड़ेगा। इसलिए, यह निश्चित रूप से भारत में हमारे लिए चिंतित होने का एक कारण है। हालांकि, यह याद रखना जरूरी है कि चीन के विपरीत, भारत काफी हद तक घरेलू स्तर पर संचालित अर्थव्यवस्था है।" उन्होंने कहा कि हमने अतीत में कई तूफानों का सामना किया है, जैसे अक्टूबर 2008 का वैश्विक वित्तीय संकट या यहां तक कि कोरोना। इसलिए हमें विश्वास है कि इससे कुछ नुकसान होंगे, लेकिन हम इस झटके को आत्मविश्वास से झेलने में सक्षम होंगे। प्रधानमंत्री मोदी की चीन यात्रा को लेकर उन्होंने कहा, "लंबे समय से भारत और चीन के बीच बनी दूरी अब ट्रंप के टैरिफ के बाद खत्म होती नजर आ रही है। भारत और चीन के हितों में काफी हद तक सामंजस्य बना हुआ है अगर दोनों देश एक मंच पर अपनी बात को जोरदार तरीके से उठाएं तो इसमें चीन और भारत दोनों का फायदा होगा।

## पिछले 5 वर्षों में भारत के एयरपोर्ट्स में हुआ 96,000

**नई दिल्ली।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) ने हवाई यातायात में वृद्धि के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए देश में हवाई अड्डों के विकास, अपग्रेड और आधुनिकीकरण पर वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 96,000 करोड़ रुपए से अधिक का पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) किया है। यह जानकारी सरकार ने गुरुवार को संसद को दी। इस निवेश में से एएआई का हिस्सा 25,000 करोड़ रुपए से थोड़ा अधिक है। वहीं, बाकी का निवेश निजी एयरपोर्ट डेवलपर्स/ऑपरेटर्स की ओर से किया गया है। नागर विमानन राज्य मंत्रीमुरलीधर मोहोल ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि एएआई मुख्यतः अपने संसाधनों और क्षेत्रीय संपर्क योजना जैसे उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) के पहले चरण के अंतर्गत बंद पड़े और कम सेवा वाले हवाई अड्डों, हेलीपोर्ट्स और जल हवाई अड्डों के पुनरुद्धार और अपग्रेड के लिए आवंटित 4,500 करोड़ रुपए के बजट में से पूंजीगत व्यय करता है। इसके अलावा, आरसीएस-उड़ान के दूसरे चरण में 2023-24 से 2025-26 की अवधि के दौरान अतिरिक्त हवाई अड्डों, हेलीपोर्ट्स, जल हवाई अड्डों और एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड्स के पुनरुद्धार के लिए 1,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।